Uncorrected – Not for Publication LSS-D-I

LOK SABHA DEBATES

(Part I -- Proceedings with Questions and Answers)

The House met at Eleven of the Clock.

Wednesday, March 22, 2017/Chaitra 1, 1939 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

Wednesday, March 22, 2017/Chaitra 1, 1939 (Saka)

CONTENTS **PAGES**

ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. 281 TO 285)	**1-37**
WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. 286 TO 300)	**38-52**
WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. 3221 TO 3450)	**53-282**

For Proceedings other than Questions and Answers, please see Part II.

Uncorrected – Not for Publication LSS-D-I

LOK SABHA DEBATES

(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)

Wednesday, March 22, 2017/ Chaitra 01, 1939 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART II –PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Wednesday, March, 22, 2017/ Chaitra 01, 1939 (Saka)

CONTENTS

	PAGES
PAPERS LAID ON THE TABLE	**283-88**
MESSAGES FROM RAJYA SABHA AND BILL AS PASSED BY RAJYA SABHA-LAID	**289-90**
COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS	**291**
31st Report	
STATEMENT RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 287TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY, ENVIRONMENT AND FORESTS –LAID	**292**
Dr. Jitendra Singh	
STATEMENT RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN, 274TH, 278 AND 286TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY, ENVIRONMENT AND FORESTS –LAID	**293**
Shri Y.S. Chowdary	
RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION	**294**
SPECIAL MENTIONS	**295-326 513-23**
MATTERS UNDER RULE 377 – LAID	**327-56**
Shri Dilip Kumar Mansukhlal Gandhi	**328**
Shri Pankaj Chowdhary	**329**
Shri Ashwini Kumar Choubey	**330**
Shri Hukum Singh	**331**
Shri Ajay Mishra Teni	**332**

Shri Ramcharan Bohara **333**

Shri Naranbhai Kachhadiya **334**

Shri Chandra Prakash Joshi **335**

Shri Chintaman Navasa Wanaga **336**

Shri George Baker **337**

Shri Daddan Mishra **338**

Kunwar Puhpendra Singh Chandel **339**

Dr. Ramesh Pokhriyal 'Nishank' **340**

Shri Sharad Tripathi **341**

Shri Dipsinh Shankarsinh Rathod **342**

Shrimati Darshana Vikram Jardosh **343**

Shri Anto Antony **344**

Shrimati Ranjeet Ranjan **345**

Shri K. Ashok Kumar **346**

Dr. Ratna De (Nag) **347**

Shri Rabindra Kumar Jena **348**

Shri Rahul Shewale **349-50**

Shri Muthamsetti Srinivasa Rao **351-52**

Shri Y. V. Subba Reddy **353**

Shri Shailesh Kumar **354**

Shri Kaushalendra Kumar **355**

Adv. Joice George **356**

FINANCE BILL, 2017 **357-512**

(Contd. -- Concluded)

Shri Nishikant Dubey **357-66**

Shri Adhir Ranjan Chowdhury **367-71**

Shri Shivkumar Udasi **372-78**

Shrimati Ranjeet Ranjan **379-83**

Shri Abhishek Singh	**384-89**
Shri Badruddin Ajmal	**390-93C**
Shri Subhash Chandra Baheria	**394-97**
Shri Jai Prakash Narayan Yadav	**398-400**
Shri Dushyant Chautala	**401-03**
Shrimati Hema Malini	**404-08**
Prof. K.V. Thomas	**409-13**
Shri Idris Ali	**414-15**
Shri Kaushalendra Kumar	**416-18**
Dr. Yashwant Singh	**419-22**
Shri N.K. Premachandran	**423-26**
Dr. Shrikant Eknath Shinde	**427-34**
Shri Bhartruhari Mahtab	**435-45**
Shri Thota Narasimham	**446-49**
Shri Dharambir	**450-52**
Shri Dharam Vira Gandhi	**453-54**
Shri Vincent H. Pala	**455-56**
Shri Rajesh Ranjan	**457-59**
Shri Ram Charan Bohra	**460-62**
Shri Rajeev Satav	**463-65**
Shri Arun Jaitley	**466-80**
…	**481-83**
Motion for Consideration – Adopted	**484**
Consideration of Clauses	**484-512**
Motion to Pass- Adopted	**512**

xxxxx

(प्रश्न - 281)

प्रो.चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले तो मैं हमारे बहुत ही योग्य और सक्षम मंत्री जी को धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने रेलवे में बहुत निर्णायक परिवर्तन किए हैं, गुणात्मक सुधार किए हैं और हमारी रेल को 21वीं सदी की रेल बनाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं और वह सफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

मैं अपने प्रश्न के माध्यम से यह बात उन तक पहुंचाना चाहूंगा कि मैं इसलिए भी उनके प्रति उज्जैन की जनता की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने 245 करोड़ रुपये की उज्जैन-फतेहाबाद रेल लाइन स्वीकृत की। मैं उनका बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मेरा प्रश्न काफी तोड़ा-मरोड़ा गया है, मैं यह भी सूचना उन तक पहुंचाना चाहता हूं, लेकिन कुल मिलाकर मेरा प्रश्न यह है कि जो सांसद हैं, उनकी कार्यक्रम में बहुत अनिश्चितता रहती है। क्या उनको किसी एक यूनिक नम्बर से जोड़ा जा सकता है? क्या ऐसा हो सकता है कि दो घण्टे पहले भी यदि किसी सांसद का कहीं जाने का कार्यक्रम होता है तो उसका टिकट कनफर्म हो सके, ऐसी कोई योजना है? अगर ऐसा हो तो बहुत सार्थक होगा और हमें काम करने में भी आसानी होगी।

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, यह बिल्कुल आवश्यक है कि हमारे जो सम्मानित सांसद हैं, वह अपने देश की सेवा में और जब राज्य सभा, लोक सभा का सदन चलता है, उस समय वे अलग-अलग कामों की वजह से व्यस्त रहते हैं। इसीलिए उन्हें कम से कम समय में शॉर्ट नोटिस पर उनको टिकट मिलना चाहिए, उसकी व्यवस्था की गई है, लेकिन साथ ही हम उसमें और परिवर्तन कर रहे हैं। उसके बारे में मैंने एक प्रपोजल बनाकर लोक सभा और राज्य सभा के सचिवालय को भेजा है, जिसमें हम यह कोशिश करेंगे कि मेंबर ऑफ पार्लियामेंट इंटरनेट के माध्यम से अपनी यूनिक आईडेंटिटी से टिकट बुक कर पाएंगे और उसको कैंसिल भी कर पाएंगे। कुछ लोगों ने इसी सदन में कुछ समय पहले चिंता भी जताई थी कि मल्टीपल बुकिंग की जाती है, कैंसिलेशन की सुविधा नहीं होती है। वह समस्या भी इससे हल हो जाएगी, क्योंकि हमारे सम्मानित सांसद जब भी अपना टिकट कैंसिल करना चाहेंगे तो वे उसके तहत

आसानी से कर पाएंगे। इसीलिए हमने यह एक नई व्यवस्था बनाई है तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय को एक प्रपोजल भेजा है। जैसे ही वह मान्य कर लेते हैं, हम उस पर कार्यवाही करेंगे।

Comment: Cd by b1

(b1/1105/bks-kmr)

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहूंगा। हमारे माननीय सदस्य, प्रो. चिंतामणी जी ने भी कहा और मैं भी इस बात को आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मैंने जो प्रश्न किया है और उन्होंने भी जो मूल प्रश्न किया है, वे दोनों पत्र मैंने निकलवाये हैं।

माननीय अध्यक्ष : आप दोनों का मिलाकर प्रश्न आया होगा।

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : उसके अतिरिक्त इसमें विषय घुसाये गये हैं। इस तरह से तोड़-मरोड़ करने वाली बात को अन्यथा न लिया जाए, लेकिन हमारे कुछ कर्मी ऐसे हैं, जो सांसदों के मुंह से ही सांसदों के खिलाफ कुछ बुलवाने की कोशिश करते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि इसे जरूर देखा जाए।

HON. SPEAKER: I will see it. जरुर देखूंगी, मैं दोनों के मूल प्रश्न निकालूंगी और चैक करूंगी।

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : दोनों को देखा जाए और इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

महोदया, मैं माननीय मंत्री महोदय के उत्तर से संतुष्ट हूं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि कम से कम समय में आरक्षण को रद्द करने की सुविधा भी उपलब्ध कराना और यदि कोई आरक्षित प्रतीक्षा सूची में हो तो क्या उसे ट्रेन में ही कंफर्मेशन की सुविधा दी जा सकती है, क्या इस पर भी मंत्री जी विचार करने की कोशिश करेंगे?

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, जैसा अभी बताया कि यूनिक आइडेन्टिटी के द्वारा लोक सभा और राज्य सभा के सैक्रेटरिएट के पास हमने प्रपोजल भेजा है, उसके अप्रूव होने के बाद हम इस पर फौरन कार्रवाई करेंगे। उसके तहत कोई भी सम्माननीय सासंद यदि अपना टिकट कैंसिल कराना चाहेंगे तो अपनी यूनिक आइडेन्टिटी से वह कर पायेंगे। यह सिर्फ सांसदों के लिए ही

नहीं है, बल्कि हमारे देश में सफर करने वाले सभी लोगों के लिए हमने इस सुविधा की शुरूआत की है। जिसमें ट्रेन चलने के बाद भी यदि कोई वेट लिस्टेड पैसेंजर या अन्य कोई भी हो, उनके लिए अभी कुछ ट्रेनों में यह प्रायोगिक तौर पर शुरू की गई है। इसमें टी.टी.ई. सिर्फ अपने हैंडिल से टिकट कंफर्म करेगा और उसका लिंकेज डायरेक्टली सैंट्रल रिजर्वेशन सिस्टम से होगा। उसका लाभ यह होगा कि आजकल जो लोग टिकट बुक करते हैं और बाद में टी.टी.ई. के साथ मिलकर जो कारनामें चलते हैं, इससे हम उनके ऊपर भी पूरी तरह से काबू पा सकेंगे। यह सुविधा हमने शुरू की है और मैं संसद में कहना चाहता हूं कि आज ही से इस सुविधा की शुरूआत की जायेगी। हम लोगों ने यह तय किया है कि विकल्प योजना 1 अप्रैल से शुरू की जायेगी, जिसमें कोई भी वेट लिस्टेड पैसेंजर यदि किसी एक ट्रेन में उसने टिकट की बुकिंग की है, लेकिन उसे उसमें कंफर्म सीट नहीं मिल रही है तो जो दूसरी ट्रेन उसी डेस्टिनेशन में जायेगी, चाहे वह राजधानी ट्रेन भी हो, भले ही उसने आर्डिनेरी टिकट बुक किया होगा और यदि राजधानी ट्रेन में जगह अवेलेबल होगी तो उसे उसी दाम पर सफर करने का हम मौका देंगे। मैं मानता हूं कि सबके लिए यह भी एक बहुत अच्छी सुविधा है और आज ही से इसकी शुरूआत की जायेगी। जैसा हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि आम आदमी के लिए सोचकर हमें क्या-क्या करना चाहिए, यह सोचकर रेलवे में हम लोग काम करें, यह उसका अगला कदम है।

SHRI G. HARI (ARAKKONAM): Madam Speaker, Tatkal scheme is forcing railway passengers to buy tickets by paying extra money. In most of the trains, seats reserved for Tatkal scheme are so high in number that sometimes other tickets are not sold and all tickets are reserved under Tatkal. Therefore, Tatkal quota should be provided only after assessing the actual requirement and it should not be kept for the purpose of enhancing revenues of the Railways. I would like to know whether the hon. Minister will direct the Railways to assess the actual

requirement of Tatkal quota in each train so that the poor people can get tickets without paying additional amount of money.

SHRI SURESH PRABHU: Madam, as the hon. Member is aware, the scheme that we announced just now will result in helping such passengers. At the same time, it is a fact that there are touts who misuse the system. Therefore, we want to introduce a system, and I would request all the hon. Members of Parliament to support it, of AADHAAR-based Know Your Customer (KYC) norm which the banks have. I have directed the IRCTC to find out how we can use AADHAAR for deciding who is a genuine registered user and who is using the IRCTC facility. Today we are seeing that there is a possibility of misuse because concrete information is not available and the identity of the user is not established. So, if AADHAAR-based KYC norm is introduced, we would be able to ensure automatically that only genuine passengers book the tickets and touts will not be able to do it.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : अध्यक्ष महोदया, मेरा प्रश्न इससे थोड़ा हटकर है, लेकिन जनहित में बहुत जरूरी है। जैसे राजधानी में हम लोग चलते हैं और राजधानी दिल्ली के आसपास पहुंचती है तो उसमें प्रसारण होता है कि अब हम दिल्ली पहुंचने ही वाले हैं। उसी तरह हम चाहते हैं कि वर्तमान समय में अधिकतर गाड़ियां लेट चल रही हैं।

(c1/1110/gg-gm)

बहुत सारे यात्री आस लगा कर 4-5 घंटे बैठे रहते हैं कि अब स्टेशन आ रहा है- अब स्टेशन आ रहा है। प्रसारण नहीं होने की वजह से 4-5 घंटे यात्रियों को परेशान होना पड़ता है और स्टेशन का इंतजार करना पड़ता है। हम चाहते हैं कि जिस तरह से राजधानी रेलगाड़ियों में प्रसारण की व्यवस्था है, उसी तरह देश की सभी रेलगाड़ियों में स्टेशन पर पहुंचने से 2-5

Comment: (cd. by c1)

Comment: CONTD. BY B1

मिनट पहले यह प्रसारित कर दिया जाए कि हम फलाँने स्टेशन पर पहुंचने जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को कुछ सुविधा मिल सके। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या ऐसी कोई कार्यवाही करने जा रहे हैं?

श्री सुरेश प्रभु: मैडम, जो नई ट्रेन्स आ रही हैं, उन सभी में जीपीएस बेस्ड एलर्ट सिस्टम लगाने की शुरूआत की गई है। अंत्योदय ट्रेन्स में भी जीपीएस बेस्ड सिस्टम है, वहां पर डिजिटल डिस्प्लेज़ लगाए जाएंगे कि अगला स्टेशन कौन सा आ रहा है। एक सुझाव यह भी था कि उसमें अनाउंसमेंट किया जाए। लेकिन जो ट्रेन रात को चलती है, उसमें एनाउंसमेंट करेंगे तो जो लोग सोए हुए होते हैं, उनके लिए वह वेक-अप एलार्म हो जायेगा, स्टेशन का एलर्ट नहीं होगा। इसलिए हमने एक नई सुविधा शुरू की है कि टिकट बुकिंग करने के समय यदि आप रिक्वैस्ट करते हैं तो आपके मोबाइल पर एसएमएस एलर्ट ट्रेन आने के पहले आ जाएगा। इस सुविधा की शुरूआत की गई है।

(इति)

(प्रश्न 282)

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : अध्यक्ष महोदया, वर्धा-यवतमाल-नांदेड़ रेल मार्ग की काफी दिन से मांग थी। मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूँ कि इस काम की शुरूआत हो गई है। इस ट्रेन रूट का कार्य काफी विलम्ब से चल रहा है, साथ ही साथ रेलवे पुलों का निर्माण कार्य जो रूका हुआ है, वह कब तक पूरा होगा? मेरा प्रश्न यह है कि इस कार्य के लिए अभी तक महाराष्ट्र सरकार तथा केन्द्र सरकार से कितनी राशि मिली है?

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, महाराष्ट्र सरकार के साथ हम लोगों ने एक समझौता किया है। उस समझौते के तहत बहुत सारे प्रोजेक्ट्स हम लोग महाराष्ट्र के लिए कार्यान्वित कर रहे हैं। जैसा माननीय सदस्य ने कहा है, तो उसमें वह लाइन भी है और साथ ही सब-अर्बन रेलवे के कुछ स्टेशंस और लाइन भी हैं और मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत भी कुछ कार्यक्रम चल रहे हैं। इसीलिए, जैसा आपने कहा कि इसमें बिल्कुल धन नहीं दिया गया था, तो पर्याप्त मात्रा में इस बजट में उसका प्रावधान किया गया है। कुछ दिन पहले ही मैंने खुद राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ, रेल के अधिकारियों के साथ एक रिव्यु बैठक इस प्रोजेक्ट के बारे में थी। उसके ऊपर भी काम चल रहा है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि हम इसके ऊपर पूरा ध्यान देकर इस प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे। विदर्भ महाराष्ट्र का ऐसा क्षेत्र है, जहां बहुत सालों से, बहुत सदियों से सही मायने में निवेश न करने के कारण वह बैकवर्ड रीजन भी रहा है, उसको डेवल्प करने के लिए हम पूरी मात्रा में कोशिश कर रहे हैं।

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : महोदया, वर्धा-यवतमाल-नांदेड़ प्रस्तावित रेल मार्ग, पूरी तरह से महाराष्ट्र के पिछड़े इलाके समझे जाने वाले विदर्भ और मराठवाड़ा से जोड़ता है। इस रेल मार्ग को पूरा करने के लिए क्या कोई समय-सीमा निर्धारित करने की योजना है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा दें?

श्री सुरेश प्रभु: मैडम, जैसा मैंने कहा कि उस प्रोजेक्ट की कॉस्ट 3168 करोड़ रूपये है, इसमें महाराष्ट्र सरकार को जो चालीस प्रतिशत पैसा देना है, उस संबंध में उनके साथ समझौता भी हो गया है। आज तक जो काम हो रहा है, उससे मुझे लगता है कि अगले तीन-

चार सालों में वह पूरा होने चाहिए। लैंड एक्विजीशन के जो इश्यूज़ हैं, उनको भी शॉर्ट करने के बाद मुझे लगता है कि इस काम में और भी तेजी आ जाएगी।

श्रीमती भावना गवली (पाटील)(यवतमाल-वाशिम) : महोदया, वर्धा-नांदेड़-यवतमाल रेलवे लाइन को सन् 2009-10 में मंजूरी मिली थी, लेकिन तकरीबन आठ-नौ साल के बाद भी अभी भी उसके लैण्ड एक्विज़िशन का काम ही चल रहा है। मंत्री जी से मेरा एक प्रश्न है कि जैसे गडकरी साहब ने रोड हाइवेज़ में लैण्ड एक्विज़िशन करने के लिए जो कानून लागू किया है, चार गुना पैसे किसानों को उनकी जमीन के दिए जाएंगे, इसी प्रकार से क्या हम सोच रहे हैं, क्या हमारे पास ऐसा कोई प्रस्ताव है कि यह प्रोजैक्ट हम जल्दी से जल्दी पूरा कर सकें? जैसा कि मंत्री जी ने खुद बोला है और विदर्भ है भी एक बैकवर्ड रीजन। क्या डायरेक्ट खरीदी पद्धति से हम इस पर कार्यवाही करेंगे, यह मेरा प्रश्न है?

श्री सुरेश प्रभु: मैडम, रेलवे जो भूमि अधिग्रहण करती है, जो कानून आज भी लागू है, उसी कानून के तहत करती है, इसलिए राज्य सरकार जो अमाउंट तय करती है, यदि महाराष्ट्र सरकार तय करेगी कि इतनी कॉस्ट लैण्ड एक्विज़िशन होगी, वह पूरी मात्रा में रेल की तरफ से दिया जाता है।

Comment: CONTD. BY D1

(d1/1115/cs-rk)

Comment: सुरेश प्रभु जारी

मुझे नहीं लगता है कि रेल की तरफ से उसकी कीमत को लेकर कोई इश्यू है। यह इश्यू इतना ही है कि लैंड एक्विजीशन करने के लिए लोगों की कन्सेंट भी लेनी चाहिए। आप भी वहाँ के सांसद हैं, तो यदि आप लोगों की कन्सेंट लेने में हमें सहायता करेंगी तो मुझे लगता है कि राज्य सरकार भी इम्मिडिएटली लैंड एक्विजीशन में सहयोगी रहेगी।

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महोदया, मैं यहाँ से प्रश्न पूछने की अनुमति चाहूँगा।

माननीय अध्यक्ष : जी, वह तो हमेशा है।

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महोदया, यह जो सवाल है, यह मराठवाड़ा और विदर्भ को जोड़ने वाले यवतमाल, पुसूद के रास्ते से नांदेड़ और वर्धा के बीच में जो नई लाइन जा रही है, उसके सम्बन्ध में है। मंत्री जी ने जिस प्रकार से इसके लिए अलॉटमेंट किया है, उसके

लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूँगा। मंत्री जी, मुख्य सवाल यह है कि अगर लैंड एक्विजीशन के इश्यूज अगले 10-10 साल तक पेन्डिंग रहेंगे या टाइम बाउन्ड तरीके में हम इसे नहीं लेंगे तो 15 साल तक यह परियोजना पूरी नहीं हो पायेगी। इसलिए आपके रेलवे बोर्ड के ऑफिसर्स और स्टेट गवर्नमेंट, अगर ये दोनों मिलकर इसके बारे में अभी से काम करेंगे तो यह टाइम बाउन्ड तरीके से होगा। मेरा इसमें मूल सवाल यह है कि वर्धा की तरफ से तो आपने काम शुरू किया है, नांदेड़ की तरफ का लैंड एक्विजीशन का काम हो रहा है, तो अगर दोनों तरफ से काम शुरू हो जायेगा तो यह परियोजना जल्दी हो पायेगी। आप इसमें टाइम बाउन्ड तरीके में कुछ करेंगे, इसके बारे में सरकार एन्श्योर करे।

श्री सुरेश प्रभु : जैसा मैंने कुछ समय पहले बताया कि इसके बारे में रिव्यू कुछ समय पहले हमने किया था। जो भी लैंड एक्विजीशन को लेकर इसमें इश्यूज आ रहे थे, उनसे किस तरह से निपटा जाये, उसके बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई है। हर जिले के एक-एक अधिकारी को भी उसके बारे में कहा गया है। जितना भी धन उसके लिए पर्याप्त मात्रा में जरूरी है, वह भी ट्रांसफर करने के लिए हम लोगों ने उसको आदेश दे दिया है। आपका जो सुझाव है, उसके बारे में भी हमने सोचा था कि क्या दूसरी तरफ से भी काम शुरू किया जा सकता है, तो लैंड एक्विजीशन का थोड़ा प्रोग्रेस होगा तो दोनों तरफ से करके हम इसको बहुत जल्द समय सीमा निर्धारित करके उसको पूरा करेंगे।

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN): Let me start by congratulating the hon. Finance Minister and the Railway Minister for sanctioning three major projects of Mumbai suburban railway, namely CST-Panvel elevated link, Bandra-Virar elevated link and Vasai-Diva-Panvel quadrupling, the total cost of which amounts to Rs.28,546 crore.

Along with these specific projects many projects for capacity expansion have been undertaken on the suburban section under MUTP II and MUTP III. Similarly, there have been demands from various

sections for quadrupling the section between Kalyan and Karjat as this section of suburban railway has seen rapid growth in terms of population in the last few years. Recently, there was a big agitation by commuters at Badlapur station because of the frequent failure in services. There was a riot like situation. It was really a pressure cooker like situation there.

Therefore, my specific question to the hon. Railway Minister is whether there is any plan to undertake quadrupling of Kalyan-Karjat section and whether it will consider any such project if the State Government is ready to share the expenditure.

श्री सुरेश प्रभु : महोदया, यह प्रश्न कॉस्ट शेयरिंग के ऊपर है। यदि कोई भी स्टेट गवर्नमेंट आकर हमारे साथ जो भी समझौता करने को तैयार है, तो मैं सदन को कहना चाहता हूँ कि हम उसके साथ समझौता करेंगे। मैं आप सबकी जानकारी के लिए एक बात और कहना चाहता हूँ कि हम लोगों ने जो पहला बजट प्रेजेंट किया था तो हमारे प्रधान मंत्री जी का एक कान्सेप्ट कोआपरेटिव फेडरेलिजम है, उसके तहत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को मैंने खत लिखा था और मुझे कहने में खुशी है कि 17 राज्यों ने इस बात को मान लिया है कि हम जॉइंट वेंचर बनायेंगे, सिर्फ कॉस्ट शेयरिंग नहीं, तो ओनरशिप शेयरिंग भी और उसके तहत नये-नये जो प्रोजेक्ट लिये जा रहे हैं, उसमें भी एक बहुत बड़ी मात्रा में नये प्रोजेक्ट इम्प्लिमेंटेशन करने के लिए गति आ जायेगी। हम जरूर इसके ऊपर भी विचार करेंगे कि और भी जब कोई योजना आती है, जैसे कि हमारे खड़गे साहब के समय में कर्नाटक गवर्नमेंट के साथ भी इस तरह का समझौता हुआ था, उसको भी हम लोग तेजी से ज्यादा से ज्यादा लाने की कोशिश करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : गोपाल शेट्टी जी, पूना में कौन सा कॉस्ट शेयरिंग है?

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : महोदया, मैं एकदम शॉर्ट क्वेश्चन करूँगा। मैं मंत्री महोदय जी को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होंने बहुत डिटेल में उत्तर दिया है। मुम्बई शहर के बारे में (एमयूटीपी) फेज-टू का उल्लेख है, (एमयूटीपी) फेज-थ्री का उल्लेख है और बड़े पैमाने पर मुम्बई शहर में काम चल रहा है। मेरा सवाल यह है कि ऐलिवेटिड कॉरिडोर का जो प्रोजेक्ट है, उसके बारे में थोड़ा प्रकाश डालेंगे तो मुम्बई शहर के लोगों को बहुत बड़ी दिलासा मिलेगी, क्योंकि महोदया, प्रधान मंत्री जी भी यहाँ पर बैठे हैं, वे बहुत ही संवेदनशील हैं। मुम्बई शहर में आज भी प्रतिवर्ष तीन हजार से भी ज्यादा लोग रेल से गिरकर और कटकर मरते हैं। सभी कामों में प्रोग्रेस है, लेकिन मृत्यु की दर में भी प्रोग्रेस होती जा रही है। यह अच्छी बात नहीं है। इस मृत्यु दर को मंत्री जी कैसे कम करेंगे, उसके बारे में थोड़ा प्रकाश डालेंगे तो मुम्बई शहर के लोगों को बहुत बड़ी दिलासा मिलेगी।

माननीय अध्यक्ष : एक्चुअली यह प्रश्न अलग है, लेकिन अगर आपको उत्तर देना हो तो दीजिए।

Comment: fd. By e1

(e1/1120/rv-ps)

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, जैसा कि मैंने कहा, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लेकर पनवेल तक, विरार-बसई-पनवेल 140 किलोमीटर और बांद्रा से विरार तक जो एलीवेटेड कॉरिडोर बनेंगे तो उसके कारण ट्रेनों में गति भी आ जाएगी। मुम्बई शहर में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती हैं, उससे हमें भी दुःख होता है, मैं भी मुम्बई का रहने वाला हूं। लोगों की जो मौतें गिरने से होती हैं, इसके लिए तो भीड़ ही कारण है। इस कॉरिडोर की वज़ह से ट्रेनों में भीड़ कम हो जाएगी। साथ ही, मौत की दूसरी जो वज़ह है, वह यह है कि वहां रेल लाइन के दोनों साइड्स पर झुग्गी-झोपड़ियां बसी हैं। लोग लाइन को ट्रेसपास करते हैं। उसके लिए वॉल भी बनाया गया। हमने नया वॉल बनाने की भी शुरूआत की है। इसके लिए भी अगर राज्य सरकार के साथ कुछ समझौता होता है कि उन लोगों को अच्छी ज़गह पर कैसे रि-सेटल किया जाए तो मुझे लगता है कि मौत का यह जो कारण है, वह कारण भी उससे हल हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : जय प्रकाश जी, बिहार में अगर किसी प्रदेश की कॉस्ट शेयरिंग है तो उसके बारे में प्रश्न पूछिए।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से माननीय विद्वान मंत्री से हम जानना चाहते हैं कि नई रेल लाइन सुलतानगंज से बांका-बेलहर, जो झारखण्ड में देवघर तक जाती है और बरियारपुर से मननपुर - खड़गपुर - बरहट नई रेल लाइन, जिसकी स्वीकृति भी है, योजना में भी यह दिया हुआ है, इसके लिए सर्वे भी हुआ है, तो यह योजना कब से शुरू होगी? इसमें राशि आबंटित कर इसे कब से पारित किया जाएगा?

माननीय अध्यक्ष : केवल कॉस्ट शेयरिंग के ऊपर ही प्रश्नों के उत्तर देना है। इधर-उधर पूरी रेलवे मिनिस्ट्री के ऊपर प्रश्नों के उत्तर नहीं देना है।

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, यदि जय प्रकाश जी अपनी राज्य सरकार से बात करके उनके साथ समझौता करने की बात करें, जैसा कि यह प्रश्न है, इसमें अन्य राज्यों ने मान लिया है, आपका राज्य भी अगर इसके लिए मान जाए, तो इसके बारे में कार्रवाई की जा सकती है।

माननीय अध्यक्ष : सुरेश अंगडी जी, अगर कॉस्ट शेयरिंग से संबंधित प्रश्न हो, तो प्रश्न पूछिए। पूरी रेलवे मिनिस्ट्री के बारे में सवाल नहीं पूछना है।

SHRI SURESH C. ANGADI (BELAGAVI): Thank you, Madam. A long pending survey has been done for construction of a direct rail line between Dharwad and Belgaum. Now, we are wasting around four hours' time for reaching Belgaum from Dharwad. The State Government is ready to share the 50 per cent of the cost including land for this. I would like to request the hon. Minister, on behalf of Shri Pralhad Joshi and myself, to expedite the said work. I would also like to request that the Belgaum Railway Station be modernized. Thank you.

श्री सुरेश प्रभु : मैडम, कुछ दिनों पहले इस सदन में दस घंटे से भी ज्यादा समय तक अच्छी बहस हुई। माननीय सदस्यों ने रेल के बारे में अच्छे सुझाव दिए हैं। हम लोगों ने उसे पूरा नोट किया है और उसके बारे में जो भी काम करने की आवश्यकता होगी, वह करेंगे।

मैडम, सभी सदस्यों की जानकारी के लिए मैं आपके माध्यम से एक ही बात कहना चाहता हूं कि ये सभी सवाल इसलिए आ रहे हैं, क्योंकि मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। बहुत सालों से रेल की परियोजनाएं पूरी न होने के कारण लोगों की समस्या बढ़ी हुई है। लोगों की सबसे ज्यादा जो मांग है, वह डबलिंग के बारे में है। इंडिपेंडेंस से लेकर आज तक सिर्फ 15,000 किलोमीटर डबलिंग का काम हुआ था। पिछले ढाई सालों में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने 12,600 किलोमीटर डबलिंग के काम को सैंक्शन किया। पहले 40-50 हजार करोड़ रुपए का इसमें सालाना निवेश किया जाता था। सिर्फ पिछले ढाई सालों में इसके लिए इसी संसद ने 3,50,000 करोड़ रुपए के बजट को मान्यता दी। हम लोगों ने इसकी स्पीड बढ़ाने के लिए काम किया। पहले जो दिन में चार किलोमीटर होता था, उसे बढ़ाकर हमने आठ किलोमीटर किया। अगले साल हम इसे दस किलोमीटर करेंगे।

मैडम, मैं इसके लिए ज्वायंट वेन्चर के ऊपर इसीलिए बल दे रहा था। इसके लिए जो ज्वायंट वेन्चर कंपनी फॉर्म हो रही है, 17 राज्यों के साथ जो फॉर्म हुआ है, इसमें आठ-दस राज्यों से आगे काम चल गया है। इससे उसको इम्प्लीमेंट करने की ज्वायंट वेन्चर कंपनी की कैपेसिटी बढ़ेगी, क्योंकि उनकी वैंडविड्थ बढ़ेगी। अलग-अलग लोग काम करेंगे और हर ज्वायंट वेन्चर के लिए अलग-अलग बैंक बनाकर हमने बैंकों को ही उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने को कहा है। इसलिए, यह काम भी बढ़ेगा। एक ज्वायंट वेन्चर द्वारा प्रतिदिन दस किलोमीटर का काम करने की जो आज हमने स्पीड हासिल की है तो दस स्टेट्स अगर दस-दस किलोमीटर का काम करेंगे और ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले दिनों में यह 100 किलोमीटर भी हो सकता है। तीन सालों के बाद ऐसा हो सकता है।

ऐसा होने पर ही हमारे देश की और सारी समस्याएं हल होंगी। हम राज्य सरकारों को ज्वायंट वेन्चर के साथ जुड़ने के लिए इसीलिए कह रहे हैं, क्योंकि बहुत सारी समस्याएं हैं। जैसा कि माननीय सदस्य ने भी कहा कि कहीं लैंड एक्वीजीशन का इश्यू आता है, जैसे कुछ राज्यों में लॉ एण्ड ऑर्डर के इश्यूज आते हैं, कहीं पर इन्वायरनमेंट क्लियरेंस के इश्यूज आते हैं तो इन सभी इश्यूज के ऊपर हम और राज्य सरकार लड़े नहीं और यदि हम साथ में काम करेंगे तो आज जो अलग-अलग प्रश्न आ रहे हैं, और जो बजट पर डिस्कशन के समय भी आए थे, इन सबके ऊपर मूलगामी उपाय यही हो सकता है।

(इति)

Comment: Fd. By fl

(f1/1125/rv-rc)

(प्रश्न 283)

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : अध्यक्ष महोदया, अंग्रेजी में एक प्रोवर्ब है - 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड।' हम लोग देखते हैं कि इस देश में इतने ज्यादा केसेज बकाया हैं। अगर हाई कोर्ट्स की बात करें तो उनमें आठ लाख से ज्यादा केसेज बकाया हैं। अगर हम लोग डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स में जाएं तो वहां 75 लाख से ज्यादा केसेज में फैसला नहीं हो पाया है। आज की तारीख में आम जनता तो सिविल कोर्ट में जाना पसन्द नहीं करती है, क्योंकि वह सोचती है कि अगर वहां जाएंगे तो उसके दो जेनरेशंस तक वहां से उसे इन्साफ नहीं मिलेगा।

मेरा माननीय मंत्री जी से यह कहना है कि वर्ष 2010 में एक फैसला हुआ था कि पुराने केसों के लिए एक बकाया समिति बनेगी। लेकिन, यू.पी.ए. सरकार में जैसे हर बार होता था, वैसे ही उन्होंने कुछ नहीं किया। लेकिन, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और कानून मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई दूंगा कि हमारी सरकार जब आई तो वर्ष 2015 के अप्रैल में यह फैसला हुआ और हाई कोर्ट्स के जजों ने यह माना कि इसके लिए बकाया समिति बननी चाहिए। वह 19 राज्यों में बनी भी, लेकिन मेरा मूल प्रश्न यह है कि जो बकाया समिति बनी, क्या उसकी इफिशियंसी का कोई मापदण्ड है कि वह कितना काम कर रही है? पिछले दस सालों से पुराने सिविल और क्रिमिनल के जो पेंडिंग केसेज हैं, उनमें से कितना इस कमेटी ने सॉल्व किया? जबकि हर ज़गह इफिशियंसी की जांच होती है तो यह जो बकाया समिति बनी है, क्या उनके जजों ने बैठकें की या नहीं, और क्या बैठकें करके उन्होंने यह ध्यान दिया कि ये केसेज निपटाएं जाएंगे या नहीं, इस संबंध में मैं बकाया समिति के बारे में सारे प्रश्नों के बारे में जानना चाहूंगा।

श्री रवि शंकर प्रसाद : माननीय अध्यक्ष जी, अनुभवी सांसद डॉ. जायसवाल ने जो प्रश्न पूछा है, केसेज का डिस्पोजल जल्दी हो, न्याय त्वरित हो, यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। आपको मालूम है कि भारत के संविधान के अनुसार न्यायपालिका आज़ाद है। केन्द्र सरकार हो या प्रदेश सरकार हो, हमारा काम है, न्यायपालिका सुचारू रूप से काम करे, इसके लिए हम उसका पूरा सहयोग करें। माननीय सदन को मैं बहुत विनम्रता के साथ बताना चाहूंगा कि वर्ष 1993 से एक सेन्ट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम चल रही थी, जिसके अन्तर्गत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 5,479 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसमें पिछले दो सालों में मोदी जी की सरकार में 2,034 करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप देख लीजिए वर्ष 1993 से आज तक 5,479 करोड़ रुपए और उसमें 2,034 करोड़ रुपए हमारी सरकार ने दिया है।

हमने और क्या काम किए हैं? हमने हाई कोर्ट्स के जजों की संख्या को 173 बढ़ाया है। हमने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स में जजों की संख्या को 1200 बढ़ाया है। 14वें वित्त आयोग के आलोक में हमने राज्य सरकारों से आग्रह किया है कि आप 1,800 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स और इस्टैबलिश करें, जिसमें महिलाओं के लिए, एच.आई.वी. एड्स के मरीजों के लिए, बच्चों के लिए, पुराने केसेज को हम और एक्सपेडाइट कर सकें।

आज मैं सदन को बहुत विनम्रता से बताना चाहूंगा कि सामान्यतः यह काम विधि मंत्री का होता है, पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वयं सारे मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा कि आप फास्ट ट्रैक कोर्ट्स को जल्दी इस्टैबलिश कराएं, ताकि लीगल जस्टिस मिले। हम यह सारी कार्रवाई कर रहे हैं।

जहां तक संजय जी का प्रश्न है कि एरियर्स कमेटी के जजेज कैसा काम करते हैं, उनकी मॉनिटरिंग का सवाल है तो क्षमा करें, यह हमारा अधिकार क्षेत्र नहीं है। मैं इतना अवश्य करूंगा कि इस सदन की चिंता उचित प्रकार से न्यायपालिका को बताऊंगा कि सदन ने यह चिंता प्रकट की है और कोर्ट स्वयं एरियर कमेटी के परफॉर्मेंस को मॉनीटर करे। I am sorry to say that the government does not wish to have any role in this.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : महोदया, मंत्री जी ने तो यह कह दिया कि न्यायपालिका आज़ाद है और हम उसमें इंटरफेयर नहीं करते हैं। लेकिन, जब हम क्लास-6 के स्टूडेंट थे और जब सोशल स्टडीज पढ़ते थे, तब हम यह पढ़ते थे कि कानून बनाना लोक सभा का काम है। लेकिन, हम लोग अभी एक नई परंपरा देख रहे हैं। चाहे मेडिकल काउंसिल की बात करें, क्रिकेट की बात करें तो आजकल कानून सुप्रीम कोर्ट बना रही है।

अध्यक्ष महोदया, मेरा इश्यू बहुत सीरियस है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए एन.ई.ई.ई.टी. का मामला लीजिए। पहले केवल मैनेजमेंट कोटा में घूस चलती थी कि एक करोड़ रुपए लिए जाते थे। आज यह हो रहा है कि हर स्टूडेंट की फीस सात लाख रुपए के बदले पन्द्रह लाख रुपए कर दी गयी है। उसके लिए कोर्ट जिम्मेवारी नहीं लेती है।

मेरा यह कहना है कि मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, लेकिन कानून बनाने की प्रक्रिया में जो सुप्रीम कोर्ट ...(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कर रहा है, चाहे वह क्रिकेट हो, चाहे मेडिकल एजुकेशन हो या चाहे दूसरी चीज़ें हों, क्या उस पर रोक लगाने के लिए मंत्री जी बताएंगे कि यह संसद भी आज़ाद है सुप्रीम कोर्ट से? क्या मंत्री जी यह बात भी बताएंगे?

श्री रवि शंकर प्रसाद : माननीय अध्यक्षा जी, मैं सदन का एक सदस्य भी हूं और देश का विधि मंत्री भी हूं। सदन की सर्वोच्चता रहे, इसमें हमारी पूरी प्रतिबद्धता है और प्रामाणिकता है। लेकिन, सदन को मालूम होगा, उस समय मैं कानून मंत्री था, प्रधानमंत्री जी ने मुझे वह विभाग दिया था और हम 'नेशनल ज्यूडिशियल कमीशन' एक्ट लाए थे। दोनों हाउसेज से उसे सर्वानुमति से पारित किया था। अब कोर्ट ने एक निर्णय लिया और हमने उसे स्वीकार किया है। लेकिन, उस पर हमारी रिज़र्वेशंस हैं।

(g1/1130/my/snb)

Comment: Cd. by g1

Comment: श्री रविशंकर प्रसाद जारी

लेकिन मैं एक बात माननीय श्री जायसवाल जी के प्रश्न के उत्तर में कहना चाहूंगा, मैं संविधान के छात्र के रूप में जहां तक भारत के संविधान को समझता हूं, कानून बनाना सदन का काम है, आदेश क्रियान्वित करना कार्यपालिका का काम और उसको इंटरप्रेट करना

जुडिशियरी का काम है। आज इन्होंने क्रिकेट तथा मेडिकल काउंसिल की जो बात कही, इस पर तो मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन मैं एक बात अवश्य करूंगा...(व्यवधान) कि केशवानन्द भारती केस में सुप्रीम कोर्ट के थर्टिन बेंच ने कहा है कि संविधान के कुछ मूल तत्व है, There are certain basic structures of the Constitution and Separation of Power is also a basic structure. By Separation of Power I mean Executive will do its own function; Parliament will do its own function and the Judiciary will do its own function -- Parliament to enact; Executive to formulate and execute and Judiciary to interpret. In this light, if Separation of Power principle is binding on all, I am sorry to say that it is equally binding on the Judiciary. That is all I would like to say.... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : स्तंभ टकराने से तो इमारत नहीं हिलती है।

...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : मैडम, हमारे मंत्री महोदय ने मूल प्रश्न का उत्तर बहुत ही विस्तार में दिया है। हमने तो न्यायालय की प्रबंधन की बात की थी, लेकिन आपने प्रबंध दिया है। आज काम अच्छा हो रहा है, इसके जवाब में आपने आंकड़ा नहीं दिया है कि आपने पहले क्या-क्या कार्यवाही की है। इसी सदन में आपने एक महीने पहले कहा था कि 28 लाख 40 हजार से ज्यादा सिविल केस और 10 लाख 47 हजार से ज्यादा क्रिमिनल केस हाई कोर्ट्स में पेंडिंग है। अभी जैसा कि श्री संजय जायसवाल जी ने कहा कि Justice delayed is justice denied; वैसे ही यह भी कहावत है कि Justice hurried is justice buried. तो इसमें एक दुविधा है। मैं समझता हूं कि कहीं क्वांटिटी की खातिर क्वालिटी ऑफ दी जजमेंट बिगड़ न जाए और ऐसा हो भी सकता है। आज कनाडा जैसे कई देशों में ऐसे प्रबंध बनाए गए है जो नेशनल वॉच डॉग का काम करती है। आखिर जूडिशियरी क्या कर रही है, इसकी क्वालिटी ऑफ डिलिवरी-मैकेनिज्म क्या है, डिले क्यों हो रहा है,

पेंडेंसी क्यों हो रही है, कहां तक आइन्स से हो रहा है, कहां तक लाइन्स से हो रहा है। क्या हमारी सरकार इसके लिए नेशनल वॉच डॉग बनाने की जरूरत महसूस कर रही है?

अभी यह कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट कानून बना लेती है, निर्देश दे रही है। तो क्या हाई कोर्ट्स में कम से कम और सुप्रीम कोर्ट में इन-कैमरा के जगह पर आप ऑन-कैमरा की व्यवस्था करेंगे कि नहीं? जैसे हम यहां पर क्या कर रहे हैं, इसे पूरा देश देख रहा है, वैसे ही हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी क्या देश की जनता को यह जानने का अधिकार है या नहीं है, इसकी आजादी है कि नहीं है। यह मालूम होनी चाहिए और ऑन-कैमरा होनी चाहिए, हकीकत मालूम हो कि कहां से क्या हो रहा है, क्यों एक गरीब को इतना दिन न्याय के लिए इंतजार करना पड़ता है? जहां पर न्याय देने की जरूरत है, वहां पर न्याय देने के लिए वर्षों तक तैयार नहीं है। जहां न्याय देने की जरूरत ही नहीं है, वहां वह खुद कह रहा है कि हम न्याय देने के लिए तैयार है, आप मांगोगे तो न्याय की डिलिवरी होगी। यह जो न्याय देने में फर्क हो रहा है, उसको आप कैसे दूर करेंगे?

श्री रवि शंकर प्रसाद: माननीय अध्यक्षा जी, माननीय श्री सलीम साहब ने अपने टिप्पणियों में हमारे कुछ काम की प्रशंसा की है, इसके लिए मैं इनको हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैं एक बात अवश्य कहना चाहूंगा कि I am not at all ignoring the management also. We are also doing that. लेकिन सलीम साहब आप एक बात को समझेंगे, क्योंकि आप बहुत ही अनुभवी सांसद है। कोर्ट का मैनेजमेंट कैसा हो, केसेस का डिस्पोजल कैसा हो, इसमें सरकार की भूमिका नहीं है और होनी भी चाहिए। हमारी सरकार न्यायपालिका की आजादी का पूरा सम्मान करती है। न्यायपालिका की तरफ से सदन में उत्तर देने का दायित्व कानून मंत्री के रूप में मेरा है, तो मैं काम कर रहा हूं। आपकी चिंताओं से उनको अवगत कराने का काम भी मेरा है। अभी आपने पेंडेंसी की बात कही है। मैं सदन को बताना चाहूंगा

कि सुप्रीम कोर्ट के पेंडेंसी में कमी आई है। मेरे पास जो वर्ष 2009 से नवंबर 2016 तक के आंकड़े हैं, मैं एक ही बात कहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट में 62 हजार 16 केसेस पेंडिंग हैं, हाई कोर्ट्स में भी इसमें कमी आई है। अभी 30.09.2016 का आंकड़ा मेरे पास है। सारे हाई कोर्ट्स में 40 लाख 12 हजार केसेस पेंडिंग हैं, लेकिन जहां तक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स की बात है, आपने सही कहा कि वह चिंता की बात है। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 30.09.2016 तक के आंकड़े भी है, अभी 2 करोड़ 85 लाख केसेस देश के सारे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स में पेंडिंग है। आपकी बात सही है कि शायद यह ऑन-लाइन रहेगा तो लोग इसे देख सकेंगे, इसमें एक मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा। But it has logistical problems. There are more than 19000 Districts Courts in India; there are 26 High Courts in India having so many courts in every High Court. (h1/1135/ru-cp)

Comment: Contd. By h1

And there are Supreme Court and many courts. इसमें एक लॉजिस्टिकल प्राब्लम भी है। ...(व्यवधान) सारी जगह हम कैमरा लगाएं, जैसे हम सदन को देखते हैं। सदन तो दो हैं, देश को इसका अधिकार है और हमें भी पूरा अधिकार है। आपका सुझाव विचार योग्य सुझाव है, लेकिन इसमें कई लॉजिस्टिकल मामले हैं, उनका विचार करना पड़ेगा।...(व्यवधान)

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): Madam, the Law Minister is a very good lawyer. I was also a practicing advocate in the High Court of Karnataka.

I want to know his reply to two parts of my question. The first part is the most important area. I want to know whether the Parliament is supreme or the Judiciary is supreme. Once the Parliament has enacted the National Judicial Commission Act, why has it not been implemented and how has the Supreme Court rejected it? Knowing it

very well, without consulting or discussing with the Judiciary, how have you passed this Bill? This Government has failed on this issue.

The Government which is in power is formed by the largest Party, the BJP. You have got the majority. Has the Government got powers under the Constitution to take such a decision? If that is there, then why have you failed in this matter? A very bad message is going to the country that weakens the democracy, the Parliament and the Constitution. You are silent on this issue of talking to the Supreme Court. We are supreme according to the Constitution. At least you have to clarify as to why you are silent on this issue.

My second part of the question is this. There should be 60 judges in the High Court of Karnataka but only 30 judges are there according to my information. When are you going to fill up the vacancies of judges? This is a very serious matter. You are a senior lawyer in the Supreme Court. Please explain these points to the nation.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Madam, he is a very seasoned Member. As I understand, Parliament is supreme and Judiciary interprets the laws. We came with the National Judicial Commission Act with complete consensus. The Supreme Court challenged it and they held that it impinges upon the independence of the Judiciary. In the Parliament and publicly also, I have made a comment that we have our reservation as far as reasoning is concerned. But we have accepted the judgment for the sake of judicial efficiency and appointment. For one year, the process was stalled because of pendency of the case.

But, hon. Speaker, since he has raised a larger issue, I would like to share one thing with this House. The only reasoning given by the Supreme Court is that since the Law Minister is involved with the process, if a judge is appointed by that process, he may not be impartial in his conduct and temperament. This is what the litigant may feel.

I would like to say in this House in all humility that all the leaders present here have been a part of the Government in various points of time. The Prime Minister is the leader. He works through his Ministers. The Prime Minister of India today is the main player in the appointment of the President of India, the Vice President of India, the CVC, the Chief Election Commissioner, the Public Service Commission and the three Army Chiefs. The people of India entrusts the Prime Minister the duty to safeguard the integrity and the security of India. The Prime Minister possesses the nuclear button. The Prime Minister can do so much of work entrusted by the people of India but the Prime Minister, through the Law Minister, cannot be trusted to appoint a fair judge. It is a very loaded question. Sometime, this House will have to discuss and debate that. I have been saying that very publicly.

I am very forthright in articulating the rights of the Parliament as far as autonomy in the Constitutional Amendment is concerned but they have the right to interpret. They said that independence of the Judiciary is the basic structure and therefore, we are quashing it. We have to debate it some time. I thought that the view of the Government must be known to you.

As regards the specific case of Karnataka, the appointments are in process. But do not forget one thing. The Collegium starts the appointment process. It comes to us, we take the IB feedback, the feedback of the Chief Minister and the Governor.

(j1/1140/rbn/nk)

Comment: cd. by j

Comment: Mr. minister contd.

It goes to the collegium in the Supreme Court. A record 30 per cent of the recommendations of the high courts are turned down by the Supreme Court. In your case also, I am sorry to say, many of the nominations are remitted by the Supreme Court. But I am fast tracking it.

I want to just inform this hon. House that in the last one year the Narendra Modi Government has made 126 appointments to the high courts which is the highest ever in the last 30 years, apart from nine Supreme Court judges. We are doing our best and we will continue to do that.

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): I wanted to ask about the Judicial Commission and further about the functioning of the courts. Now that he has already replied to that question, I have changed my question.

Putting on record, the Government for the first time has openly come out – the hon. Minister has also written to the Law Ministers of the State Governments and the Chief Ministers – saying that the Government is a party to nearly 46 per cent of the total cases pending in various courts. About 3.14 crore cases are pending. Out of that 46

per cent means, nearly in 50 per cent of the cases the Government is the litigant.

That is why, my specific question is, whether the Government intends to formulate or review the existing National Litigation Policy in order to introduce compulsory arbitration/alternate dispute resolution mechanism for inter-State and other such Government agencies related fresh disputes in order to reduce the litigation burden upon the courts.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: It is the constant endeavour of the Government to emphasise that un-called for Government litigation must be reduced. I am grateful to the hon. Prime Minister that he personally asked me to initiate the process. He is right. I have myself written to all the Chief Ministers and all the Law Ministers that un-called for, unnecessary and frivolous litigations must be avoided. That is one thing that I would like to emphasise.

As regards the larger issue of further cooperation is concerned, surely we are working together. Arbitration architecture also we are fast tracking. I have constituted a very high powered Committee headed by Justice Srikrishna, a very eminent former Judge of the Supreme Court to give us concrete suggestions as to how to expedite it further.

One information I would like to convey to hon. Member, Shri Pralhad Joshi. We are also encouraging the larger dispute settlements through the Lok Adalats. In 2015, 2.25 crore cases were settled by the National Lok Adalat, in 2016, 1.04 cases were settled; and in 2017, in the last two and a half months, 6,39,000 cases have been settled. This is an on-going process and we wish to expedite it further.

SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA): Thank you Madam for giving me the opportunity.

I would like to ask the hon. Minister the following questions: whether the Government of India has any proposal to increase 'judge-population' ratio so as to facilitate speedy disposal of cases in the State of Andhra Pradesh. What steps have been taken so far by the Government of India for establishment of a high court in Andhra Pradesh after bifurcation?

HON. SPEAKER: You can ask only one question. That is all.

SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA): Does the Government of India have any proposal to establish a high court bench at Vizag and Tirupati in Andhra Pradesh? Please give the details of average disposal of cases by the High Court in a month as well as by the District/Taluka Courts in Andhra Pradesh.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Many questions have been asked.

HON. SPEAKER: You can answer only one question. You can choose one question and answer it.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I have to reply to one question.

As far as the establishment of Andhra Pradesh High Court is concerned, surely if a new State has come into being, there must be a separate high Court. Why not? Telangana is a new State, like Chhattisgarh, Uttarakhand, etc. As far as creation of new high court is concerned, you know that there is a particular law, the bifurcation law, according to which Hyderabad will continue to remain Capital for ten years, etc. I have been in touch with the Chief Ministers of both the

States. I would like expeditious erection of infrastructure in the State of Andhra Pradesh where the new high court can function.

While I compliment your Chief Minister for the manner in which the new capital is coming, I would also urge you too that please get a new high court building done at the earliest and I will expedite it.

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Madam, through you, I would like to remind the hon. Minister that possibly he would remember that I supported the Bill and in his speech he thanked me at least five times.

(k1/1145/spr- nk)

Comment: Contd. By K1

Comment: Sh kalian banerjee cd

The point is that we have the power to legislate an Act or pass the Bill but the interpreter of the Constitution is the Supreme Court of India. We have to accept it. Whether I like or dislike, under the constitutional provisions, I have to accept. Now, the Supreme Court has declared *ultra vires* to a certain extent, and wanted to inter into talks with you. I read from the newspapers. I do not know exactly what it is. You can tell the correct position about the Memorandum of Procedure. I am not saying that the hon. Prime Minister or the hon. Chief Minister or the hon. Law Minister should not have any say. I am not at all saying that. This is a very important issue.

HON. SPEAKER: I know. Please put your question.

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Kindly excuse me. I am not at all saying that. The problem today in the country is this. This has to be resolved. Yes, you have appointed 126 Judges. I do agree. At the same time, you may tell me as to how many retirements took place

during this year. It is more than 150 or 180. In the Kolkata High Court, there is a vacancy of 50 per cent. I am making a request or asking a question – you may take it in whatever form you like – I am not on technicality, I am on the substantive thing.

HON. SPEAKER: This is Question Hour, not for discussion.

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): What I am asking is this. What is the recourse you have now taken to resolve the problem and to fill up all vacancies in the High Courts?

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I will again compliment Kalyan Babu for having asked a very pertinent question. Madam, this fact must be brought on record. We came to power on 26th of May, 2014. In August, 2014, this House passed the National Judicial Commission Bill. By November, 2014 it was ratified by 50 per cent of the States. It was challenged in the Supreme Court. For the whole of 2015, it was kept pending in the Supreme Court. In December, 2015, they gave the judgement that Collegium system needs to be improved. I am sorry to state that for one year MoP remained pending in which our role is minimum. Now, they have sent a proposal. The Government would take a call.

Yes, you are right that vacancies also occur because of retirement. But Kalyan Babu being a very eminent lawyer, he also knows it that the initiation of the process is to be done by the High Court Collegium. I hope, he knows that very well. … (*Interruptions*) Then, let me share with this House that I would like to have the view of the Chief Minister, why not? I should like to have the view of the

Governor, why not? I would like to have the proper intelligence input. All this process takes its own time and go to the Supreme Court. I can only assure you, we are fast tracking it, and we shall continue to fast track it.

(ends)

(Q.284)

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY (CHEVELLA): Despite thorium power plants being more efficient, having less radioactive output, world over research on uranium has been done to an extensive level. But research on world over on thorium power plants is not there. If anything, India is on the cutting edge because for technologically advanced countries like the USA, Japan, they don't have thorium. So, it is not very strategic to focus on thorium but for us, it is highly imperative because we have a large thorium deposits in the world.

In the answer, the hon. Minister had mentioned that the thorium based power plants in Kalpakkam will come up after 2050. there must be some reason. Is it because of R&D funding of thorium-based power plants? Or is it because of lack of uranium-233 availability in the country?

DR. JITENDRA SINGH: I am glad that the hon. Member has raised this question and he has also himself partly answered it. Indeed, it is true that India has the largest reservoir of thorium. India can also take credit for having the only reactor in the world which is using uranium-233 process from thorium.

(l1/1150/ksp/rjs)

That is known as Kamini Reactor located at Kalpakkam in Tamil Nadu. Therefore, a day would come – and we look forward to it with pride – when India would set an example of Thorium based generation of nuclear power and that nuclear energy would also meet most of the increasing energy needs of the country.

Comment: Cd by l

Comment: (Shri Jitendra Singh & Q. 284 - Cd.)

write about the information he has got and the informer from whom he has got it. All this is a part of the confidential satisfaction note. But over a period, we found that disclosure of satisfaction note to every single authority was misused by people by declaring that satisfaction note itself is illegal. They were trying to get favorable dispensation in Commissioner and ITAT. That is why, we had to do this. It does not mean that we are not there to disclose the satisfaction note to anyone. We have to disclose to the High Court."

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : निशिकांत दुबे जी, आपने जो लास्ट लाइन पढ़ी है, उसे दोबारा पढ़ें। आईटीएटी और इसके ऊपर रेवन्यू सैक्रेट्री को भरोसा नहीं है। ...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : मैं उस बारे में बताऊंगा कि क्यों भरोसा नहीं है? ...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : आप उसे दोबारा पढ़ लीजिए। हमारे काबिल मंत्री जी बैठे हुए हैं, वे भी समझ जायेंगे। ...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सभापति महोदय, कमिश्नर अपील के पास अभी इनकम टैक्स के तीन लाख से ऊपर केसेज पेंडिंग हैं। यह जो केस आईटीएटी और अपील में चलता है, उसकी कोई टाइमलाइन नहीं है। इस कारण विसल ब्लोअर का जो कान्सैप्ट है कि हमें इन्फार्मर के बारे में नहीं बताना है, तो सब लोग सर्टिफिकेशन नोट मांग रहे हैं। अब तीन लाख से ऊपर केसेज हैं, इसलिए महताब भाई, यह आपके लिए भी समझने वाली बात है। उस विसल ब्लोअर को, जो इन्फार्मर है, उसे वह आदमी मैनेज कर रहा है। वह मैनेज वहीं हो रहा है, क्योंकि कमिश्नर अपील के पास जा रहा है और अभी तीन लाख से ऊपर केसेज हैं। इस तरह से सर्टिफिकेशन नोट के आधार पर वह सारा डिपार्टमैंट के खिलाफ जा रहा है। जब इन्फार्मर ही मैनेज हो गया, जब इन्फार्मर की आइडेंटिटी ही मैनेज हो गयी, अभी कल धनबाद में बहुत बड़ा मर्डर हो गया, तो भारत सरकार क्या करेगी? भारत सरकार ने यह कहा कि हम

अपील और आईटीएटी के स्तर पर ये सर्टिफिकेशन नोट नहीं करेंगे, लेकिन हाई कोर्ट या कोई भी कोर्ट इस देश में मांगेगा, क्योंकि उसकी जो लाइन है कि :-

> "We have to disclose it to the High Court and whenever the Courts ask for it, we will definitely disclose it. If there is an internal Department Inquiry… "

जिसके बारे में मैंने कहा। जो वित्त मंत्री ने दिया और माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि उसके एप्रेज़ल में जायेगा कि :-

> "If there is an internal Department Inquiry against an officer saying that he has harassed anybody, the Department will also look into the satisfaction note prepared by such officer and we will be able to pin him down as to whether he had enough reason to search somebody or not."

क्या इस तरह का कानून आज तक किसी ने बनाया है? क्या इस बारे में किसी ने बंधन बांधने की कोशिश की है? आप देश को गुमराह कर रहे हैं कि कोर्ट की खत्म हो गया। इस देश में कोर्ट के मामले को कौन खत्म कर सकता है? मेरा यह कहना है कि इस तरह की बातों के आधार पर हमने जो असेसमैंट स्टार्ट किया है, उस असेसमैंट को रोकने की आवश्यकता है। कांग्रेस का हाल यही है कि 'सौ चूहे खाकर बिल्ली चली हज को।' मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने अभी आधार के साथ लिंक किया है। कई प्रश्न होते हैं कि हमने आधार के साथ क्यों लिंक किया, पैन को क्यों लिंक किया, इनकम टैक्स को क्यों लिंक किया? मैं आपको केवल दो रिपोर्ट्स दिखाना चाहूंगा कि कांग्रेस के समय में क्या हुआ? यह सीएंडएजी की रिपोर्ट है और बहुत इम्पोर्टैंट रिपोर्ट है। हमारी फाइनेंस कमेटी इसे देखेगी। It says about fictitious sale and purchase by shell companies and hawala operators".

Comment: cd. by d2

Comment: Shri nishikant dubey contd.

(d2/1315/rbn/rps)

During financial year 2008-09, the Maharashtra Sales Tax Department disclosed before the Mumbai High Court that it had investigated about 1,555 hawala operators involving about 39,488 beneficiaries/dealers who during the course of previous three years had passed an input tax credit. The *modus operandi* was to claim and obtain input tax. The MSTD started putting the list of suspicious dealers who had issued false bills without delivery of goods. उस समय महाराट्र में कांग्रेस की सरकार थी। आपको आश्चर्य होगा। We examined the records pertaining to 2009-10 to 2013-14 having PAN in bogus purchase list of MSTD. पैन नम्बर था ही नहीं। पूरे देश में हवाला का काम कैसे होता था, वर्ा 2009 से लेकर वर्ा 2013-14 तक ऐसा होता रहा। उस सरकार ने इस लूपहोल को कभी कसने की जरूरत महसूस नहीं की। अब हमारी सरकार आधार को मैंडेटरी बनाने की कोशिश कर रही है। इसी तरह से टीडीएस में हो रहा हैं। मैं आपको बता रहा हूं यह सरकार किस तरह काम कर रही है। यदि आप टीडीएस के मामले को देखेंगे तो उसके बारे में भी सीएंडएजी की रिपोर्ट है, मैं उसे कोट नहीं करना चाहता हूं। वह रिपोर्ट कहती है कि जो "नो योर कस्टमर" की बात है, आज भी इस तरह की सिचुएशन नहीं है कि कोई जेनुइन "नो योर कस्टमर" दिखाई देता हो। टीडीएस में जब उसकी फाइल खुलती है, जब वे चीजें खुलती हैं तो 35 प्रतिशत केसेज में कोई कस्टमर दिखाई नहीं देता है। मैं आपसे कहूंगा कि इस सरकार ने जो चेंजेज किए है, वह बहुत बड़े हैं। जैसे पहले डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स के लिए अपीलेट ट्रिब्यूनल हुआ करते थे। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा): उनको अच्छी डिबेट करनी होती है, उनकी गलतियों को सुधारना पड़ता है, इसलिए माननीय सदस्य को ज्यादा टाइम दीजिए, हम उनकी बात सुनेंगे।...(व्यवधान)

सभापति महोदय(हुकुम सिंह): मैंने पहले ही कह दिया है।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): अगर आप यह दर्शा रहे हैं कि पैन गलत है तो पैन को हटा दीजिए और आधार को परमानेंट कर दीजिए। पैन के साथ आधार को जोड़ने की क्या जरूरत है? इसे थोड़ा समझाइए। अगर पैन गलत है और सीएंडएजी की रिपोर्ट यह दर्शा रही है कि उसकी वजह से काफी हवाला होता है, तो पैन को हटा दीजिए। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Mahtab, you have to speak on this issue. You can raise all these points when you speak. Let him conclude.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let him conclude now. He is going to conclude. Let him conclude.

श्री निशिकान्त दुबे(गोड्डा): मैं इसीलिए कह रहा हूं कि यदि आधार मैंडेटरी हो जाएगा तो बैंक में किसका एकाउण्ट है, किसने किसको पैसा दिया, क्या बिल ऑफ इंट्री है, ये सब पता चलेगा। इस सरकार में अभी ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की बहुत बातें होती हैं। देखिए किस तरह से चेंजेज होते हैं। ये हमेशा जीडीपी बढ़ाने की बात कहते हैं। हमारी कमेटी ट्रांजैक्शन कॉस्ट के मामले को अभी देख रही है। आपको आश्चर्य होगा कि इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट में जीडीपी की डेढ़ से दो प्रतिशत ट्रांजैक्शन कॉस्ट बर्बाद हो जाती है, उसकी कोई टाइमलाइन नहीं थी। प्रति वर्ा डेढ़ लाख करोड़ रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक बर्बाद होते थे। यदि यह पैसा हमारे पास बच जाए तो हम इसे देश की जीडीपी में खर्च कर सकते हैं। इस सरकार ने उसकी एक टाइमलाइन निर्धारित कर दी कि एक एक दिन के अंदर बिल ऑफ इंट्री फाइल करनी है। इम्पोर्टर को यह सुविधा दी गयी कि आप उसका असेसमेंट कर दीजिए। साथ ही, इम्पोर्टर को यह सुविधा दी गयी कि आप सेम डे उस बिल को जमा कर सकते हैं। इस तरह के संशोधनों के बारे में किसी ने सोचा नहीं था।

दूसरी बात यह है कि सभी सरकारों ने काम किया है, सभी सरकारें अच्छा काम कर रही हैं। आज पूरी दुनिया की इकोनोमी नीचे जा रही है। वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ की

रिपोर्ट्स कह रही हैं कि भारत में जो काम हो रहे हैं, जिस तरह के टैक्स रिफार्म्स हो रहे हैं, जिस तरह से मोदी जी काम कर रहे हैं, जिस तरह से माननीय वित्त मंत्री जी काम कर रहे हैं, जिस तरह से मेघवाल जी काम कर रहे हैं, इस देश की इकोनोमी बढ़ने का बहुत बड़ा रास्ता बना है। मैं कांग्रेस के मित्रों से कहूंगा कि वे जनता को गुमराह करना बन्द करें, उल्टे-सीधे वक्तव्यों से देश में जो माहौल बन रहा है, उसे खत्म करें और इस देश के विकास में सहयोग करें।

"ऊँ सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु, सह वीर्यं कर्वावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विाावहै।।"

छोटे लोग, गरीब लोग, किसान, महिला, पुरुा, युवा एवं अन्य आम लोग जो आगे बढ़ रहे हैं, उनको आगे बढ़ने में और देश को बनाने में मोदी जी का सहयोग करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

(e2/1320/spr-ind)

1320 hours

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Mr. Chairperson, Sir, The object of the Finance Bill, as you know, is to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2017-18.

The root of dharma is finance and the good financial health is prerequisite to discharge the duties in a state. The growth of the economy represents the potential GDP of a nation and the growth of the economy occurs when the production possibilities of a nation shifts outside. A number of countries, and our country too follow its own path for the economic growth. England pioneered industrial revolution. Japan took route of technology imitation. Later, tremendous exports took place in manufacturing and electronics. Various countries in the world used to take their own path for economic development. But one thing is distinctly clear that the path may differ but the common trait of all the rapid developing countries is to ride on the four wheels of growth. And those four wheels consist of labour, capital resources, human resources, natural resources, capital formation and technology. They are the foremost fundamental fulcrum on which an economy could prosper.

Yes, issues have been discussed here over the weeks because the Budget has been presented, thereafter, Supplementary Demands, Demands for Grants, etc. were discussed. Most of the issues have already been discussed in the House. I know that we have some paucity

of time. We do not enjoy the plenty of time like Dubey *ji.* Therefore, I would like confine myself to two or three years. First of all, I would ask my friend, Shri Arjun Meghwal *ji* this. Your senior, Shri Arun Jaitley was the author of tax terrorism. May I ask you the Budget, the Financial Bill that have been submitted by you in which parameter it is distinct from tax terrorism. What are the distinctive features of this Bill away from tax terrorism? Already the Government has displayed that the Government prefers to run like a rampaging element in order to implement its own whims and fancies. We are observing a spasmodic syndrome being betrayed by this Government. After demonetization, scores of norms and regulations were altered. Even after introducing the Finance Bill, you are again bringing amendments. Everything shows your tentative approach. You are yourself proving that you are suffering from indecision. Again, you slash the cash transaction ratio from Rs.3 lakh to Rs.2 lakh. You have made Aadhar mandatory for IT returns and for PAN. My esteemed friend, Shri Dubey *ji* was elaborating on it.

(f2/1325/ind-ksp)

मैं सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि क्या हिंदुस्तान में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है कि हम सभी को 'आधार' से लिंक कर दें? कांग्रेस सरकार के समय हमारी इस सोच का आपने पुरजोर विरोध किया था, लेकिन अब हमें यह बात अच्छी लग रही है कि आज आप कांग्रेस के तय किए गए रास्ते पर चल रहे हैं, चाहे मजबूरी में ही क्यों न चल रहे हों। उस समय यह आपका चुनावी और सियासी जुमला था, लेकिन जब सत्ता में आए तो आप स्वयं देख रहे हैं कि कांग्रेस की नीतियों के अलावा देश को किसी अन्य नीति द्वारा आगे नहीं ले जाया जा सकता

Comment: Cd by f2

Comment: sh Adhir Ranjan Chaudhary cd.

है, इसलिए 'आधार' आपको लाना पड़ा। आज आप जिस ढंग से इसे ला रहे हैं, आप इससे हमें दूर रखना चाहते हैं। You are pursuing a disruptive policy while the Congress was pursuing an adaptive policy. You are pursing a coercive policy while the Congress was pursuing a persuasive policy. This is the fundamental difference between you and us. आप दिल्ली के घर-घर में जाइए। क्या हर घर में लोगों के पास 'आधार' है? यह सरकार की जिम्मेदारी है कि आप स्वयं लोगों से कहो कि 'आधार' बनाओ। यह बात ऐसे नहीं हो सकती है कि आप किसी कम्पनी को कहें कि मेरे घर में सिम कार्ड भेज दो, तो कम्पनी आपके घर सिम कार्ड भेज देगी। आपके पास ऐसा कोई इंतजाम नहीं है। आज जबरदस्ती 'आधार' को थोप रहे हैं। मेरा कहना है कि यह ओप्शनल होना चाहिए, स्वैच्छिक तौर पर होना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट की राय भी शायद आपको मालूम होगी। हिंदुस्तान की आम जनता पर आप कुछ मत थोपिए।

महोदय, कल उत्तर प्रदेश से हमारे दोस्त योगी आदित्यनाथ जी आए थे। वे यूपी के मुख्य मंत्री बन गए हैं। उन्होंने वहां घोाणा की है कि 36 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया जाएगा। मैं मेघवाल जी से पूछना चाहता हूं कि आपके सूबे के किसानों का इस बारे में क्या कहना है, क्या वे अपना कर्जा माफ नहीं कराना चाहते हैं? हिंदुस्तान के दूसरे सूबों के किसान क्या कर्जा माफ कराना नहीं चाहते हैं? आप चाहते हैं कि 'सबका साथ सबका विकास' लेकिन आप जो काम कर रहे हैं, उससे लगता है कि जहां चुनाव में फायदा होगा, केवल वहीं के लिए आप कुछ करेंगे। आपको अपना रवैया बदलना चाहिए। आप कह रहे हैं कि 'यूपी के साथ और बाकी हिंदुस्तान बाद'। मैं पूछना चाहता हूं कि पूरे देश के किसानों का कर्जा माफ क्यों नहीं हो रहा है? यदि आप दूसरे प्रदेशों के किसानों से कहेंगे कि यह राज्य की सरकार कर रही है, तो देश का कोई भी किसान इस बात को नहीं मानेगा, क्योंकि राज्य में किसी भी सरकार का मुख्य मंत्री हो सकता है, लेकिन यह सबको मालूम है कि सभी को मोदी जी के निर्देशों पर चलना होता है। अगर आपने कर्ज माफ करना है, तो हिंदुस्तान के सभी किसानों का कर्ज माफ करना चाहिए।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि इकोनोमिक सर्वे में लिखा है कि

> "Despite making remarkable progress in bringing down poverty from about 70 per cent at independence to about 22 per cent in 2011-12."

However, we have failed to wipe out every tear from every eye. इकोनोमिक सर्वे ने यह दावा किया है कि

> "Universal Basic Income is a radical and compelling paradigm shift in thinking about both social justice and a productive economy. A universal basic income is, like many rights, unconditional and universal: it requires that every person should have a right to a basic income to cover their needs, just by virtue of being citizens."

मैं पूछना चाहता हूं कि निशिकांत जी, क्या यूनीवर्सल बेसिक इनकम नहीं चाहिएख् ठाकुर साहब क्या यूनीवर्सल बेसिक इनकम नहीं चाहिए? अगर यूनीवर्सल बेसिक इनकम चाहिए तो आप क्यों नहीं सदन में सवाल उठाते हैं? कल हमारे चीफ व्हिप ने कहा कि हमने डिजिटल इकोनोमी बना दिया, केनया को देखो, वहां बना दिया।

(g2/1330/vb-kkd)

केन्या को दुनिया में एक करप्ट कंट्री की हैसियत से भी जाना जाता है। इसलिए फाइनैंस बिल के साथ जो कानून लाया गया है, वह तानाशाही का दूसरा रूप है। आज नौजवानों के लिए नौकरी नहीं है, किसानों के कर्ज माफ नहीं होते हैं। आप दिल्ली के जंतर-मंतर पर देखिए, वहाँ लोग खोपड़ी लेकर धरना दे रहे हैं और वे कह रहे हैं कि हमारा कर्ज माफ करो। ...(व्यवधान)

Comment: cd.

Comment: Sh. Adhir Ranjan Choudhary Cd.

अंत में, मैं हिन्दुस्तान के नौजवानों से कहना चाहूँगा-

नज़र चाहती है दीदार करना,
दिल चाहता है प्यार करना,
क्या बताएं इस दिल का आलम,
नसीब में लिखा है इंतजार करना।

इसलिए सबको इंतजार करना पड़ेगा।

(इति)

1331 hours

SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): Hon. Chairman, Sir, first of all, I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on the Finance Bill, 2017, which was placed before the Parliament yesterday by the hon. Finance Minister. Basically and fundamentally, by definition, a Finance Bill is a money bill as defined by article 110 of the Constitution, which describes that 'the proposals of the Government for levy of new taxes, modification of the existing tax structure or continuance of the existing tax structure beyond the period approved by Parliament are submitted to Parliament through this bill.'

The date for the presentation of the Union Budget has been advanced by one month to 1st February from this year. In this context, the hon. Finance Minister has revised the General Financial Rules, 2017. The aim of these rules, which have been revised, is to provide a framework within which an organization manages its business in a financially prudent manner without compromising its flexibility to deal with varied situations. New GFRS 2017 will enable an improved, efficient and effective framework of fiscal management while providing the necessary flexibility to facilitate timely delivery of services. This is done by our Government, which believes in the professionalism.

Professionalism is the key to our stable growth in today's highly competitive world, and in some major economies, the growth is actually shrinking.

A Government, which is true to its people and is interested in the long-term welfare of the people, therefore, needs to adopt a professionalism as a core principle.

The GFRS are the rules and orders dealing with matters involving public finances. The GFRS were issued for the first time in 1947. These, subsequently, have been modified and issued as GFRS 1963 and GFRS 2005.

Now, there was a need to revise the GFRS because there was a change in the budgeting pattern like removal of distinction in Plan and Non-Plan Expenditure and also merger of Railway Budget into the General Budget. This is a historic revision, and it is only the third one -- after they were first introduced in the year 1947.

Sir, the revised General Financial Rules will enhance the efficiency and professionalism in the system, which will benefit all of us.

The narrative across the world is changing fast with uncertainty rising in the back of protectionism and rhetoric gaining ground. For example, if you historically see in the context, the first Parliament was formed in this country in 1952. The first two decades were in sync with the global economy. The Indian economy was also following communism and a little bit of socialism.

From 1972 to 1992, it was more of socialism and more of populism. Then, from 1991, when the hon. Narasimharao's Government, took over, it started Economic Reforms. There came the

era of liberalisation, privatisation and globalisation. The Indian economy was also in sync with the global economy.

But ultimately, what happed in the last two decades from 1992 to 2012? If there was only one State, which made use of this liberalisation, privatisation and globalisation, it was the State of Gujarat.

Comment: Contd by h2.e

Comment: Sh. Shiv Kumar Udasi cd…

(h2/1335/rp-pc)

The then Chief Minister hon. Narendra Modi ji had visualised and took advantage of LPG or liberalisation, privatisation and globalisation to make a vibrant Gujarat. After 2012, you can see that aspect in the entire world economy. We have entered into a phase of de-globalisation in the name of tariffs or in the name of concessions which have been given. The Free Trade Agreements have been cancelled. You can see everywhere that a lot of de-globalisation is happening.

The other day, you must have seen that US Senate is not going to provide any concessions or the tariffs because they are also on the verge of make-in-America. It was visualised by hon. Narendra Modi ji when he came to power. He visualised Make-In-India, Startup India, Digital India and other things to have a demographic dividend and make the country develop faster. He has made some historic tax reforms such as GST, Bankruptcy and Insolvency Code, ease of doing business. This all has been done just to get rid of policy paralysis which would spur the growth of the Indian economy.

I would like to mention here about five components of demand namely consumption and expenditure, investment expenditure, Government expenditure, exports and imports. The most important component of the demand is consumption expenditure which was explaining 70 per cent of nation's income in 2016. Generating and sustaining income would, therefore, call for strategies that would generate income. So, to generate more consumer demands, our hon. Finance Minister has announced that persons having an annual income of up to Rs. 3 lakh will not have to pay tax. Persons having an annual income up to Rs. 5 lakh will have to be charged with five per cent tax instead of 10 per cent tax. This will give an additional income of Rs. 13,000 crore in the hands of consumers. In order to increase the income of consumers, the Seventh Pay Commission will also play a major role in generating more consumer demands.

As far as instances of tax evasion are concerned, the Finance Minister has stressed the need of digital economy, big data analytics and data mining to catch tax evaders. You might have seen in the newspaper the other day that ED has caught hold of *hawala* traders and operators who were making entries to the tune of Rs. 11,000 crore. So, our Government is doing all the necessary things in order to give a stimulus policy growth. The Government is adopting some measures to stimulate the growth namely concessional withholding rate of 5 per cent for interest received by foreign entities on loans given in India to be continued for another 3 years beyond 30.6.2017; Start-ups to get two relaxations under the scheme of Income Tax holiday given last year;

and as far as the Corporate Tax is concerned, income tax to be reduced from 30 per cent to 25 per cent for companies with turnover upto Rs.50 crore. There are also other tax proposals as far as maintenance of the book of accounts, capital gains on the property; affordable housing; and political funding is concerned.

Our Government believes in transparency. We are also thinking to limit the political funding. The political parties' limit for accepting cash donations has been reduced from Rs. 20,000 to Rs. 2,000. The Budget proposes that electoral bonds to be issued by banks, which may be purchased by an individual through a cheque or an electronic means, can be used for donation for political parties. Details of such donors need not be disclosed by the parties. Limit on cash transaction and tax waiver to the start-ups are done to promote 'ease of doing business'.

Yesterday, Satpathy *sahib* was talking about the Indian economy vis-à-vis the last Government and the present Government. I was going through a book the other day which reminded me Mr. Satpathy. According to that book, we are on the cusp of a wave of inventions and innovations that can vastly improve our lives. Although these inventions and innovations will also replace countless jobs and thereby dry down the wages of the vast majority – a process that has already started in the advanced nations. We have already organised capitalism so the gains are shared widely.

Comment: Cd by j2

(j2/1340/smn/mm)

Comment: Shivkumar udasi continued

We have optimism and we need not be victims of impersonal market forces over which we have no control. The market is a human

creation. It is based on the rules that human beings devise. The central question is that who shares those rules and for what purpose. Over the last three decades, the rules have been shared by the large corporations and wealthy individuals in order to channel a large portion of the nation's total income and wealth to themselves. If they continue to have influence over the rules, they control the assets at the core of the new wave of innovations and they gain control of the assets at the core of the new wave of innovations and they will end up with almost all the wealth, all the income and all the political power. That result is more in their interest than in the interest of the rest of the population because under such conditions, an economy and society cannot endure.

The coming challenge is not to technology or to economics. It is a challenge to democracy. The critical debate for the future is not about the size of the Government. It is about for whom the Government is for. The central choice is not between the free market and the Government.

HON. CHAIRPERSON (SHRI HUKUM SINGH): Please conclude.

SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): I will conclude in one minute.

It is between a market organized for the broadly based prosperity and one designed to deliver almost all the gains to a few top. The pertinent issue is not how much is to be taxed. It is how to design the rules of the market so that the economy generates what most people would consider a fair distribution on its own without necessitating the large re-distribution. The vast majority of the nation's citizens do have

the power to alter the rules of the market to meet their needs but to exercise that power, they must understand what is happening and where their interest lie and they must join together. We have done so before. If any common friend has any sway, we will do so again. It is in this context our Government under the visionary leadership of Shri Narendra Modi Ji is working hard in a professional, transparent and honest way on the principle of 'for the poor, by the poor and to the poor'.

And with these few words, I will conclude.

Thank you very much.

(ends)

1342 बजे

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : सभापति जी, मैं इस बिल पर अपने कुछ प्वाइंट्स और राय रखना चाहूंगी। बहुत सारी बातें निशिकांत जी, हुड्डा साहब और शिवकुमार जी ने कही हैं। हम आंकड़ों में तो बहुत जा रहे हैं कि इतनी जीडीपी हो गयी है, इतनी ग्रोथ हो रही है। इस बारे में एक्सपर्ट्स ने भी कहा है कि हम लोगों ने बहुत अच्छा बजट और इकोनॉमिक सर्वे प्रस्तुत किया है। सब अच्छे से चल रहा है। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि हम सदन में अपनी बातों पर तालियां बजाकर वाहवाही ले रहे हैं, लेकिन इस बजट से किसान, महिलाएं, युवा, खिलाड़ी और बेरोजगार ठगे से महसूस कर रहे हैं। हम बिजनेस और इकोनॉमी की बात तो कर रहे हैं, लेकिन गरीब को क्या मिल रहा है? मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग और बीपीएल वर्ग के लोगों को निराशा मिली है। हम भााणों में प्वाइंट्स के माध्यम से सब कुछ बता रहे हैं, लेकिन किसानों और महिलाओं को क्या मिला है?

मैं कुछ बातें यहां रखना चाहूंगी, महिलाओं के बारे में खास तौर से बहुत बड़ी-बड़ी बातें यहां कही गयीं कि गर्भवती महिला के लिए छः हजार रुपये कर दिए गए हैं। आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, आशा, ममता और मिड-डे मील में काम करने वाले रसोइए को साढ़े बारह सौ रुपये मिलते हैं। आशा बहन को जब अस्पताल बुलाया जाता है तो पांच-दस रुपये चाय और बिस्किट के लिए दिए जाते हैं। आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका का मानदेय तीन हजार और पन्द्रह सौ रुपये है। बहुत सारे राज्यों ने अपनी तरफ से बोनस दिया है, लेकिन बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे बहुत से गरीब प्रदेश हैं, जो नहीं दे सकते हैं।

(k2/1345/mz-mmn)

Comment: Cd by k2

Comment: Cd by Ranjeet Ranjan

वे नहीं दे सकते, कुछ देते हैं, कुछ नहीं दे सकते। आप एक तरफ ''बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ'' का नारा देते हैं, लेकिन माँ को ही पौटिक आहार नहीं मिलता है। दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केंद्र के पौटिक आहार के लिए आप जो 15,500 से 16,000 रुपये देते हैं, उसमें करप्शन भी यहीं से आता है। महिला व बच्चे का ऐनिमिक होना भी यहीं से आता है, कुपोाण भी यहीं से आता है। क्या बजट में इस बात पर बारीकी दी गई कि पौटिक आहार की राशि

बढ़ाई जाए, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका की राशि बढ़ाई जाए, आशा, ममता और रसोईया की राशि को बढ़ाया जाए।

दूसरी बात मैं यह कहूंगी कि 6,000 रुपये में कौन सी ऐनिमिक माँ खुद को व अपने बच्चे को कितना मजबूत कर पाएगी। आप सबको मालूम होगा जो गाँव से जुड़े हुए हैं। वह 6,000 रुपये सिर्फ महिला नहीं खाती है, उसके अकाउन्ट में डलवाते हैं और उसका पूरा गरीब परिवार उन 6,000 रुपयों पर नजर रखता है, यह आपको अच्छी तरह से मालूम होगा।

आपने किसान की बात कही, आपने किसान की आमदनी के लिए बोल दिया कि हम दोगुनी कर देंगे, लेकिन कैसे? यह नहीं बताया गया। एक तरफ आप सुप्रीम कोर्ट चले गए कि 15 परसैन्ट एम.एस.पी. पॉसिबल नहीं है, दूसरी तरफ आप कह रहे हैं कि उसकी आमदनी को बढ़ा दिया जाएगा। मैं इस पर दो प्वाइंट्स बोलना चाहूंगी। एक यह कि जो आपने कृाि बीमा योजना शुरू की है, आपने उसमें थोड़ा सा संशोधन किया है, जो र्वा 2010 की हमारी ही योजना थी। अभी मैं आपको एक उदाहरण देती हूं कि कृाि बीमा योजना, किसान फसल बीमा योजना के बारे में प्रधान मंत्री जी ने भी कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है। इससे किसान बहुत ज्यादा लाभान्वित हो रहे हैं। अक्टूबर-नवम्बर 2016, में अनाउन्समेंट हुआ कि किसान अपनी फसल का बीमा करवाए। बिहार में मैं अपने जिले का एक उदाहरण देती हूं कि सिर्फ 15 दिन की मौहलत दी गई और उसमें मात्र 2,700 किसान फसल बीमा योजना करा पाए। फिर 15 दिन का एक्सटेंशन दिया गया और उमसें उन मात्र 2,700 किसानों ने ही कराया जो सिर्फ के.सी.सी. लोनी हैं। आपने उसमें संशोधन किया कि के.सी.सी. लोनी और दूसरे लोग भी कर सकेंगे, आपने उसे 40,000 रुपये प्रति हैक्टेयर कर दिया यदि 100 प्रतिशत क्षति होगी। मैं आपसे कहती हूं कि आपने बजट दे दिया, पैसा दे दिया, लेकिन क्या इस बारीकी को देखा कि आखिर फसल बीमा योजना क्यों सक्सेज नहीं हो रही थी। फसल बीमा की राशि किसान तक पहुंचने के लिए 3 महीने लगते हैं, उसके बाद जांच होती है। 100 प्रतिशत का तो नहीं होता है, 75 या 50 प्रतिशत अगर मिलती है तो उसका उपज, मैन पॉवर और जो उसका मुनाफा होता है, वह भी उसे नहीं मिलता है। 3

महीने में मुनाफा तो दूर की बात लागत का 50 प्रतिशत भी नहीं आता है। क्या इसमें यह बारीकी रखी जाएगी कि उसको तुरंत फसल बीमा कि राशि मिले।

आपने के.वी.के के बारे में, प्राइस, पुरस्कार और वैज्ञानिकों के बारे में कहा, लेकिन के.वी.के. बढ़ाना चाहिए। आप उसमें बजट बढ़ाएं कि हर डिस्ट्रिक्ट में कम से कम दो के.वी.के. होने चाहिए। इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ना चाहिए। किसानों के पास जो बीज की डिमाण्ड है, उससे बहुत कम बीज ही किसानों को मिल पाता है। उनके पास वैज्ञानिकों की बहुत ज्यादा कमी है, उनके पास पैसों की कमी है। जो किसान सलाहकार होते हैं, वे सिर्फ किसानों को सब्सिडी के बारे में ही बताते हैं। जैविक खाद क्यों यूज करें, कौन सी मॉडल खेती करें, आपकी खेती क्यों लगातार डाउन हो रही है, इसके बारे में कोई चर्चा नहीं करता है। यह बहुत जरूरी है कि बारीकी से के.वी.के. को बढ़ाया जाए। उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जाए। उनको वैज्ञानिकों के लिए राशि दी जाए न कि पुरस्कार राशि दी जाए।

मैं स्पोर्ट्स की बात कहूंगी। मैं खुद भी एक खिलाड़ी रही हूं। हर बार बजट आता है, उसमें लिखा होता है कि ऐतिहासिक बढ़त हुई है, इसमें 350 करोड़ रुपये बढ़ा दिए गए हैं। पिछली बार यह साढ़े तेरह सौ था, इस बार एक हजार नौ सौ कुछ रुपये कर दिया गया। मैं भी खिलाड़ी हूं, मेरे बच्चे भी खिलाड़ी हैं। मैं बहुत सारे खिलाड़ियों को देखती हूं। मैं आपकी नॉलेज में लाऊंगी कि बास्केट बॉल हो, वॉलीबॉल हो, हॉकी हो, अगर क्रिकेट को छोड़ दें, तो यहां पर इतना करप्शन है, आप खेलो इण्डिया योजना लेकर आए। हमारे बच्चे भी खेलने के लिए गए। उसमें सरकार की तरफ से 51,000 रुपये प्राइस मनी दी गई। हर बच्चा हमारी तरह नहीं है। उनको तुरंत पैसे की जरूरत होती है। अब मई में उनको पैसे मिलेंगे। आपने सिर्फ अपना फर्ज निभा दिया, पैसे दे दिए।

(l2/1350/bks-san)

Comment: Cd by l2

Comment: (Smt.Ranjita Ranjan cd.)

लेकिन वह पैसा खिलाड़ी तक तुंरत कैसे पहुंचेगा, जिससे खिलाड़ी को फायदा होगा, इसकी सोच भी सरकार को रखनी बहुत जरूरी है। बास्केटबाल नेशनल कैम्प लगा होता है, तीन घंटे प्रैक्टिस कराकर पौटिक आहार में बच्चों को क्या दिया जाता है - कुरकुरे और फ्रूटी।

क्या ये हमारी सोच है, क्या इतना कॉमनसैंस कोच नहीं लगाते हैं कि उन्हें पौटिक आहार के रूप में पारले बिस्कुट, कुरकुरे और फ्रूटी चाहिए या किस तरह का फूड चाहिए? ये बारीकी जानना बहुत जरूरी है।

दूसरी बात यह है कि स्पोर्ट्स में प्राइज मनी को डायरेक्ट बच्चे के लिए बढ़वाना बहुत जरूरी है। जो भत्ता होता है, जो आप ग्रामीण क्रीड़ा कराते हैं, उसमें बहुत मिनिमम भत्ता है, आप उसमें बजट को बढ़ाइये। क्रिकेट के अलावा जो हमारे नेशनल गेम्स हैं, प्लेयर को यह सिक्युरिटी होनी चाहिए कि अगर मैं इंटरनेशनल गेम न भी खेलूं और अगर नेशनल गेम भी खेल रहा हूं तो मेरे पास इतने पैसे आ सकते हैं कि पेरेन्ट्स इतने आश्वस्त रहें कि हमारा बच्चा दो पैसे कमा रहा है।

इसके बाद मैं एम.पी.लैड की बात करूंगी, जो मैंने जीरो ऑवर में भी कहा। बजट से बहुत उम्मीद थी कि आप एम.पी.लैड का पैसा बढ़ायेंगे। मेरा वित्त मंत्री जी से आग्रह है कि या तो एम.पी.लैड को बंद करा दिया जाए या पी.एम.जी.एस.वाई, ग्रामीण सड़क योजना एक बहुत अच्छी स्कीम है। उसमें सौ करोड़ रुपये एम.पी. की रिकमैंडेशन से सड़क बनाने के लिए दे दीजिए। उससे करप्शन नहीं होगा और सड़कें भी बनेंगी। उसमें 95 करोड़ रुपये हर साल सड़क बनाने के लिए दे दिये जाएं, अन्यथा इस फंड को बंद कर दिया जाए। इससे क्या होगा, जो एम.पी. गांव-गांव में घूमते हैं, एक-एक सड़क बन सकती है और पांच साल में तकरीबन साढ़े चार सौ किलोमीटर रोड बनाने में सफल हो जायेंगे। यह बहुत जरूरी है, अन्यथा मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि प्लीज आप इस फंड को बंद कर दीजिए। मुखिया का फंड हम लोगों से ज्यादा है। अतः इसे बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये किया जाए।

इसके बाद मैं स्वास्थ्य और शिक्षा पर बोलना चाहूंगी। आपने स्वास्थ्य और शिक्षा में बजट को थोड़ा बहुत बढ़ाया है। लेकिन मैं फिर कहूंगी कि इसकी बारीकी पर जाइये, आप डायलेसिस की बात कर रहे हैं।

माननीय सभापति (श्री हुकुम सिंह) : अब आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : आपने कहा कि जो गंभीर बीमारियां हैं उनमें एक लाख रुपये और 60 साल से ऊपर वाले को 30 हजार रुपये एक्सट्रा दिये जायेंगे। मैं कहती हूं कि जो प्रधान मंत्री कोा से बड़े अस्पतालों में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आते हैं, उन्हें 60 से 70 परसैन्ट दिया जाता है। उसे 100 प्रतिशत कर दीजिए। इससे ट्रांसपेरेन्सी भी रहेगी और तीस प्रतिशत के लिए भी लोगों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती है, वह नहीं होगा। इसलिए इस पर बजट बढ़ाना चाहिए था।

शिक्षा के क्षेत्र में आप डिजिटल की बात कर रहे हैं, लेकिन पहले आप शिक्षकों की बहाली करा लें, क्वालिटी एजूकेशन करा लें, तब उसके बाद डिजिटल करें। कल कीनिया के बारे में चर्चा की जा रही थी, लेकिन आपने यह चर्चा नहीं की कि अमरीका पूरा डिजिटल होने के बावजूद केवल 10 परसैन्ट डिजिटल पेमेन्ट करता है, इसकी क्या वजह है?

माननीय सभापति : श्री अभिोक सिंह जी, आप बोलिये।

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : सर, इसके साथ ही मैं अपनी बात कंक्लूड करती हूं।

(इति)

1353 बजे

श्री अभिोक सिंह (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, जब देश का बजट प्रस्तुत होता है तो उसके दो महत्वपूर्ण अंग होते हैं - एक फाइनेंस बिल और दूसरा एप्रोपरिएशन बिल। फाइनेंस बिल इस देश के टैक्सेशन में जो नये टैक्स आ रहे हैं या जो वर्तमान टैक्स हैं, उनके परिवर्तन का एक लेखा-जोखा है। एप्रोपरिएशन बिल के तहत सरकार को यह ताकत मिलती है कि कंसोलिडेटिड फंड ऑफ इंडिया से अपने खर्चे के लिए वह फंड विदड्रा कर सके।

महोदय, मैं सबसे पहले आपका आभार व्यक्त करता हूं कि इस महत्वपूर्ण चर्चा पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। आज हम न सिर्फ अपनी राट्रीय परिस्थितियों पर नजर डालें, बल्कि पूरे विश्व में जो हो रहा है, उस पर नजर डालते हैं तो यह देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में कई अनिश्चितताएं इस देश और विश्व के सामने आई हैं। चाहे वह चाइना जैसे देश का स्लो डाउन हो या फिर यूरोपियन यूनियन से ब्रिटेन के अलग होने की एक अनिश्चितता और उसके साथ जापान जैसे देश लगातार स्लो डाउन से जूझ रहे हैं। अमेरिका जैसे देश में एक नई सरकार बनी है और कई देशों में एक प्रोटेक्शनिस्ट एनवॉयरनमैन्ट का क्रिएशन हुआ है। इसके तहत भारत जैसे देश में भी यह समय आने वाले साल को लेकर कई अनिश्चितताओं से भरा हुआ है।

Comment: (cd. by m2)

Comment: CONTD. BY L2

(m2/1355/gg-ak)

इन सबके बावजूद भी यदि हम भारत की ओर ही निगाह डालते हैं तो पिछले दो सालों मे भारत की अर्थव्यवस्था पर कमज़ोर मानसून का भी असर पड़ा है। लेकिन उसके बावजूद भी इस सरकार ने और आदरणीय वित्त मंत्री जी ने जिस कार्यकुशलता का परिचय दिया है, उसका प्रमाण है कि विश्व बैंक डाटा के आधार पर यह कहता है कि सन् 2016-17 में भारत की जीडीपी सात प्रतिशत रहेगी, और आने वाले समय में सन् 2017-18 में जीडीपी 7.6 प्रतिशत रहेगी और सन् 2018-19 में जीडीपी 7.8 प्रतिशत रहेगी।

महोदय, विश्व में मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी के आधार पर भारत पहले नौवें नंबर पर था, जो आज अपनी पोजिशन को बेहतर करते हुए छठवें नंबर पर आ रहा है। मैं माननीय

प्रधान मंत्री जी को और माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। हमारी मंहगाई की दर लगातार पांच प्रतिशत के आस-पास स्थिर रही है। यह इस सरकार की आर्थिक नीतियों का एक सफल उदाहरण प्रस्तुत करता है, हमारा फिस्कल डेफिसिट, जो किसी भी देश के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण आंकड़ा होता है कि उस देश की सरकार कैसे अपने अर्थतंत्र को इस्तेमाल कर रही है। हमारा फिसकल डेफिसिट पिछले साल जो 3.5 प्रतिशत के आस-पास था, उसे इस वर्ा माननीय वित्त मंत्री जी ने 3.2 का टारगेट रखा है। मैं उनको भी इस विाय के लिए बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद देता हूँ।

भारत की अर्थव्यवस्था की मज़बूती की एक बड़ी वजह है, जिसने विश्व में चल रहे इन असंतुलनों से बचाने का एक कुशन दिया है, वह है भारत देश की अंतरनिहित मांग। हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत इंटरनल डिमांड कंजंप्शन से आता है। इस देश के बजट में और वित्त विधेयक में इस बात का ध्यान रखा गया है कि आने वाले समय में हम अपने देश की विशेाताओं को ध्यान में रख कर कैसे अपनी नीतियों का निर्धारण कर सकते हैं कि हमारे देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित एवं शोाति वर्ग की आर्थिक उन्नति बेहतर से बेहतर और कम से कम समय में हो सके।

महोदय, इस देश के वातावरण में, इस देश की नीतियों में कुछ बुनियादी परिवर्तन हो रहे हैं और उसका उदाहरण हमको देखने को मिला, जब इस बार का बजट 28 फरवरी को न प्रारंभ हो कर, 01 फरवरी को माननीय प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी के प्रयासों से हुआ। मैं पूरे सदन की ओर से उनको धन्यवाद देता हूँ, क्योंकि उसकी वजह मानसून के पहले हमारे बजट का पारित हो जाना, इस देश को और इस देश की सरकार को समय देता है कि हम अपने बजट में क्रियान्वयन की दिशा में मज़बूती से आगे बढ़ सकें। अन्यथा मानसून के बाद आपा-धापी में इस सरकार के द्वारा बजट का क्रियान्वयन किस तरीके से होता था, उसकी वजह से इस देश की और सरकार की क्या दुर्दशा होती थी, पिछले 15 सालों में हमने देखा है।

इस बार रेलवे और जनरल बजट को मर्ज किया गया। प्लान नॉन-प्लान को हटा कर रेवन्यु और कैपिटल एक्सपेंडीचर पर फोकस किया गया है। इस देश की जनता सरकार के हर फैसले के साथ मज़बूती के साथ खड़ी हुई है। इस देश की जनता को विश्वास है कि भारत की यह सरकार तुटीकरण की राजनीति पर नहीं, बल्कि राट्रहित की राजनीति के साथ आगे बढ़ रही है और इस देश की जनता का विश्वास आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ मज़बूती से है।

महोदय, इस देश ने पिछले साल कई महत्वपूर्ण बदलावों को देखा है, मज़बूत किया है और अंगीकार किया है। जब पांच सौ और एक हज़ार के नोटों को बदलने की एक क्रांतिकारी व अभूतपूर्व घोाणा माननीय प्रधान मंत्री जी ने की, तो तमाम आर्थिक पण्डित चाहे हॉर्वर्ड के ज्ञानी हों या फिर जो इस देश के राजनैतिक पण्डित थे, अधिकतर लोगों का कहना था कि यह पॉलिटिकल सुसाइड है। लेकिन इस देश ने जिस भाव से माननीय प्रधान मंत्री जी की इस सोच का सम्मान किया है और उसको अंगीकार किया है, उसका परिणाम यदि कहीं हमको एक जगह परिलक्षित होते दिखता है, तो उस चर्चा के दौरान ये बातें आईं कि आने वाले समय में जो राज्यों में और पंचायतों के चुनाव आ रहे हैं, कहीं न कहीं जनता का एक जनमत उसके सामने प्रस्तुत होगा। आज यदि हम इस सदन में बातचीत कर रहे हैं तो हमको दिखता है कि चाहे ओडिशा के चुनावों की बात हो, चाहे महाराट्र के चुनावों की बात हो या हाल ही में चार राज्यों में जो परिणाम आए हैं, उनकी बात हो।

(n2/1400/cs-ub)

उन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को जो अभूतपूर्व जनमत मिला है, उसका एक स्पट परिणाम यह हुआ है कि बाकी सारी बातें एक तरफ रह गईं, डीमोनेटाइजेशन को लेकर जो चर्चा हो रही थी, कम से कम अपोजिशन डीमोरेलाइज्ड हो गया। इस देश की जनता ने प्रधान मंत्री जी के साथ खड़े होने का जो फैसला लिया है, मैं उस देश की जनता को भी कोटि-कोटि बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

Comment: CONTD. BY N2

Comment: अभोक सिंह जारी

महोदय, एक और बेहद क्रान्तिकारी कदम, जीएसटी का इस देश में क्रियान्वयन करने की एक मजबूत पहल माननीय वित्त मंत्री जी ने की है। इस देश के जितने भी अर्थशास्त्री हैं, सबने इस बात को स्वीकारा है कि आजाद भारत के सबसे बड़े आर्थिक सुधार की ओर जीएसटी का यह कदम इस देश को लेकर जायेगा। ऐसा नहीं है कि इस जीएसटी को लाना इस सरकार के सामने कोई आसान विाय था। यह एक गम्भीर चुनौती थी। भारत के संघीय ढाँचे में अलग-अलग राज्यों की अलग-अलग आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियाँ हैं। उनका टैक्सेशन, राजनीतिक परिस्थितियाँ और उसके बावजूद यदि जीएसटी को लेकर इस देश को सहमत होना था तो उसमें इस देश की सरकार के साथ-साथ राज्यों की एक अहम भूमिका होनी थी।

मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी को और उनकी पूरी टीम को बधाई देना चाहता हूँ कि उनकी कार्य-कुशलता से, उनकी संवेदनशीलता से, उनके सामंजस्य से और माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व से इस देश की सरकार ने सभी राज्यों को, सभी यूनियन टेरिटोरीज को साथ में लेते हुए विश्व के सामने एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह बताया है कि भारत जैसे 125 करोड़ की आबादी वाले देश ने अपने अन्तर्निहित मतभेदों को हटाकर इस देश के विकास में सहयोग देने का फैसला किया है। आज इस सदन से मैं इस देश की सरकार को और इस देश के हर राज्य की सरकार को और सभी पॉलिटिकल पार्टीज के उन सदस्यों को बधाई देना चाहता हूँ, जिन्होंने जीएसटी के पालन में, क्रियान्वयन में सकारात्मक सहयोग दिया है। यह सदन इस भाव का स्वागत करता है, सम्मान करता है।

महोदय, कुछ विाय मैं रखना चाहूँगा और दो महत्वपूर्ण इकोनॉमिक पहलुओं पर मैं सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूँ। टैक्स टू जीडीपी रेश्यो एक बड़ा महत्वपूर्ण आर्थिक आँकड़ा होता है और साथ ही पब्लिक एक्स्पेन्डिचर टू जीडीपी रेश्यो भी बहुत महत्वपूर्ण आँकड़ा होता है। भारत जैसे देश में जहाँ हम यह मानते हैं कि हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 र्वा की आयु से कम की है।

महोदय, मुझे पाँच मिनट का समय और दीजिए, कुछ बहुत महत्वपूर्ण बातें हैं, जो मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ।

माननीय सभापति (श्री हुकुम सिंह) : समय सबके लिए बराबर है। आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री अभिोक सिंह (राजनंदगांव) : हमारी 65 परसेंट आबादी अभी 35 वर्ा की आयु से कम की है। इस देश की सामाजिक परिस्थिति को यदि हम ध्यान में रखें तो इस देश का जो आर्थिक एक्स्पेन्डिचर है, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में और सामाजिक क्षेत्र में था, वह इस देश के अन्य विकसित क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम था। हम यदि यू.एस. की बात करें तो वहाँ 25 परसेंट, जापान 30 प्रतिशत, इमर्जिंग मार्केट्स का जो एवरेज है, वह 21 प्रतिशत है, ओ.ई.सी.डी. कन्ट्रीज का एवरेज 34 प्रतिशत है, लेकिन भारत जैसे देश का जो टैक्स जीडीपी रेश्यो था, वह लगभग 13 टू 17 परसेंट की रेंज में लगातार बना रहा। हमारे उत्पादन में, जीडीपी में तो ग्रोथ हुई, लेकिन पब्लिक एक्स्पेन्डिचर हम सामाजिक क्षेत्र में कर सकें, वह ताकत सरकार को नहीं मिली, क्योंकि टैक्स टू जीडीपी रेश्यो में उतनी वृद्धि नहीं हो पायी। इसलिए मैं चाहता हूँ कि इस देश में, इस सरकार ने इस फाइनेंस बिल के तहत जो महत्वपूर्ण बुनियादी बदलाव किये हैं, 5 लाख रुपये तक की आय का यदि कोई व्यक्ति है, तो उसे लगभग 2.5 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

माननीय सभापति : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री अभिोक सिंह (राजनंदगांव) : जिन लोगों की आय 50 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक है। मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ। एम.एस.एम.ई. क्षेत्र इस देश की 95 प्रतिशत से अधिक कम्पनियों को रखता है और उनको रोजगार उत्पन्न करता है, उनका टैक्स का बर्डन कम किया है।

महोदय, अन्त में मैं कहना चाहूँगा, मैं छत्तीसगढ़ राज्य से आता हूँ और यह राज्य लगातार लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज्म की परेशानियों से जूझ रहा है। मैं सिर्फ छत्तीसगढ़ की बात नहीं करना चाहता, मैं चाहता हूँ कि इस देश के जितने भी एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्र और

राज्य हैं, जिस तरीके से भारत सरकार ने नॉर्थ-ईस्ट को डेवलप करने के लिए अपने बजट में एक अलग प्रावधान रखा है और उसकी बात की है। लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज्म से प्रभावित वह क्षेत्र है, जो लगभग ट्राइबल क्षेत्र है। देश के अन्य भागों के मुकाबले वहां पर सामाजिक और आर्थिक विकास में बहुत गैप्स हैं।

Comment: contd. By o2

(o2/1405/rv-sh)

Comment: Sh. Abhishek Singh Cd.

मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि एल.डब्ल्यू.ई. से प्रभावित हमारे सभी विकास खण्डों, यदि हमें उसमें जिले को शामिल नहीं करना है तो विकास खण्डों को ध्यान में रखते हुए उनके विकास को लेकर एक अलग से नीति और प्रावधान करें।

अन्त में, एक कविता के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं -

आगाज़ कुछ नया-सा है, विश्वास कुछ नया-सा है,
लोग पूछ रहे हैं कि हुआ क्या है,
मैंने उनसे कहा कि यह प्रधान कुछ नया-सा है।

(इति)

1406 बजे

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): सर, मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि आपने मुझे फाइनैंस बिल के ऊपर बोलने का मौका दिया।

Comment: URDU SCRIPT WILL FOLLOW.
PLEASE SEND A COPY TO SHRI SALIM FOR URDU.

सर, जब यह सरकार आई तो प्राइम मिनिस्टर का वादा था कि 'अच्छे दिन' सबके लिए आएंगे, महंगाई कम होगी, उसे हम कंट्रोल करेंगे। 'अच्छे दिन' कितने आए, यह हिन्दुस्तान के सब लोगों को पता है। हम इसकी उम्मीद रख रहे हैं, हम नाउम्मीद नहीं हैं। लेकिन, जहां तक महंगाई का सवाल है, महंगाई बढ़ती ही जा रही है। आज महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है। आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है। प्याज, दाल, सब्जी और दूसरे खाने-पीने की चीज़ों की क़ीमत आसमान को छू रही है। सब्जी और फलों की क़ीमतें भी आसमान को छूती नज़र आती हैं। साठ और सत्तर रुपए में मिलने वाली दाल की क़ीमत 200 रुपए तक पहुंच चुकी है। अब वह मार्केट में 140-150 रुपए में मिल रही है। एक गरीब आदमी दाल भी खरीद कर खाने के लायक नहीं रहा, उसकी ताकत नहीं रही।

सर, इसी तरीके से, पेट्रोल, डीज़ल और गैस की क़ीमतें रोज़ाना बढ़ रही हैं। हर महीने, दो महीने के अंदर एक मर्तबा क़ीमत बढ़ा दी जाती है। आपको मालूम है कि इंटरनेशनल मार्केट में इन चीज़ों के रेट्स कम हो रहे हैं और हमारे मुल्क़ में रेट्स बढ़ते जा रहे हैं। इलेक्शन से पहले हमारे प्रधान मंत्री जी का वादा था कि मैं इन सब चीज़ों के दाम नीचे लाकर दिखाऊंगा, इसे कंट्रोल करके दिखाऊंगा। आपको मालूम है कि ये ऐसी कॉमोडिटीज़ हैं, जिनसे ट्रांसपोर्टेशन के ऊपर, गरीबों के ऊपर डायरेक्ट असर पड़ता है। हम नॉर्थ-ईस्ट के रहने वाले हैं, असम के रहने वाले हैं। जब तक वहां सामान पहुंचता है, उसकी क़ीमत बहुत बढ़ जाती है। गरीब आदमी आज दाल भी खाने के लायक नहीं रह पाता है।

इसी तरीके से, ट्रेन के भाड़े में भी इतना इज़ाफा हो गया है कि यह 14 प्रतिशत से बढ़कर इतनी बढ़ गयी है कि कहीं-कहीं इनकी क़ीमतें हवाई जहाज़ की टिकटों के बराबर हो गयी हैं। पूरे हिन्दुस्तान में गरीब आदमी सबसे ज्यादा ट्रेनों से ही सफर करता है। आज उसके लिए उसे भी अफोर्ड करना बड़ा मुश्किल हो रहा है।

इसी तरीके से, मुल्क़ में बड़े-बड़े कॉरपोरेट हाउसेज को करोड़ों रुपए उधार में दे दिए गए और उसमें से बहुत-से लोग मुल्क़ छोड़ कर भाग गए। जिस तरीके से प्राइम मिनिस्टर ने वादा किया था कि हम काले धन को वापस लाएंगे, ऐसे काले धन वाले गोरे लोगों को वापस लाने की जरूरत है। हमारी पार्टी की डिमांड है कि इन गोरे लोगों को वापस लाया जाए। वे लोग वहां बैठ कर चैलेंज कर रहे हैं, वे मज़े उड़ा रहे हैं, टी.वी. वगैरह पर इंटरव्यू दे रहे हैं। इसलिए इसके ऊपर बहुत ध्यान देने की जरूरत है और उन्हें जल्द से जल्द वापस इस घर में बुलाने की जरूरत है, उन्हें सज़ा देने की जरूरत है।

इसी तरीके से, कैशलेस ट्रांजैक्शन के बारे में यह बताया जा रहा है कि कैशलेस ट्रांजैक्शन करो। लेकिन, जब बारीक़ी में जाकर देखा जाता है तो हर आदमी कैशलेस ट्रांजैक्शन करने को तैयार है। यह सबूत है कि छोटे से छोटा आदमी और बड़े से बड़ा आदमी भी लाइन में जाकर कैशलेस ट्रांजैक्शन करना चाहता है। लेकिन, जब वह कोई चीज़ खरीदता है तो उसे यह नहीं मालूम कि जब वह दस रुपए की कोई चीज़ खरीदता है तो घर जाकर वह चीज़ दस रुपए की नहीं, बल्कि चौदह रुपए की पड़ जाती है।

इन सब बातों पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। एक तरफ तो प्रधान मंत्री जी का यह नारा है कि यह गरीबों की सरकार है और गरीबों के लिए है, और दूसरी तरफ आम गरीब आदमी की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

सर, मुसलमानों की आबादी इस देश में 14 प्रतिशत है। इस कम्युनिटी की जो बदतरीन हालत है, उससे पूरा देश वाक़िफ़ है। सच्चर कमेटी, रंगनाथ कमीशन और बहुत सारी दूसरी रिपोर्ट्स हैं कि मुसलमानों की मुआशी, सामाजिक, तालिमी और हेल्थ केयर के एतबार से इन्तेहाई पिछड़ा हुआ है। वह एजुकेशन में पिछड़ा हुआ है।

Comment: Cd. by p2

(p2/1410/my/sr)

Comment: Sh. Badruddin Ajmal contd.

ये सभी चीजें बहुत ही सीरियस हैं। जब एक कम्युनिटी आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा, सभी लोग आगे बढ़ेंगें, सबका साथ और सबका विकास होगा। हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब का यह नारा है और हमें इसके ऊपर पूरी उम्मीद हैं कि वे सबको साथ लेकर चलेंगे, इसमें कोई भेदभाव मजहब के आधार पर नहीं होगा। यह हमें पूरी उम्मीद है।

हमारे देश में माइनोरिटी मिनिस्ट्री बनाई गई है, इसमें छह कम्यूनिटी के लोग हैं। इस संबंध में हमारा यह कहना है कि हिन्दुस्तान के माइनरिटी के लिए सरकार ने वर्ा 2017-18 के बजट में 4195 करोड़ रूपये की राशि रखी है, जो बहुत ही कम है। इससे भी बड़ी बात यह है कि हमारे बजट की पूरी राशि भी खर्च नहीं हो पाती है। हमारे देश में बहुत सारी ऐसी स्टेट्स हैं जो इम्पलिमेंटेशन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। इस पर संजीदगी से गौर करने और इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है।

सर, बहुत ही अफसोस के साथ मुझे यह कहना पड़ता है कि मुसलमानों की तरक्की के लिए माइनोरिटी मिनिस्ट्री बनाई गई है, उनकी स्कीम्स इम्पलिमेंटेशन करने में बहुत ज्यादा डिसक्रिमिनेशन हो रही है, खास कर हमारे असम राज्य में। असम में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत वर्ा 2016-17 में कुल 164245 घर दिया गया है, इसमें से 98547 घर एस.सी तथा एस.टी के लोगों को दे दिया गया, 62562 घर माइनरिटी के लोगों को दिया गया, 3136 घर जनरल लोगों को दिया गया।

सर, मैं तुरंत खत्म कर रहा हूं। मेरा यह कहना है कि इन सब चीजों में फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने बहुत ख्याल रखा है, वहां हमारे असम के लिए कोई विशेा ध्यान नहीं रखा है। मेरी मांग है तथा आपको यह जानकर हैरत होगी कि पूरे असम में प्रति वर्ा फ्लड आती है और इसकी वजह से, अफिशियल रिकॉर्ड के अनुसार वर्ा 1997 से 2007 तक एक हजार पचास किलोमीटर यानि 1,27,245 हेक्टेयर्स लैंड इरोडेड हो गया। इसकी वजह से जो तबाही आई है, हमारे किसान तबाह होते जा रहे हैं, बर्बाद होते जा रहे हैं। इसलिए मेरा कहना है कि फाइनैंस मिनिस्टर साहब इस मामले में ध्यान दें। हमारे असम का सबसे बड़ा मुद्दा फ्लड और इरोज़न है। ब्रह्मपुत्र को कंट्रोल करना है। इसके लिए अलग से फंड रखना चाहिए। इसके साथ ही मेरा बार-बार डिमांड रहा है कि धुबरी-फुलबारी ब्रिज को पूरा किया जाए। मुझे उम्मीद है कि हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहब इन चीजों पर ध्यान देंगे। आपने हमें बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं।

(इति)

1413 बजे

श्री सुभाा चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, धन्यवाद। आपने मुझे वित्त विधेयक, 2017 पर बोलने का मौका दिया। जो हमारी सरकार की मंशा है, प्रधान मंत्री जी की मंशा है कि कोई भी निर्णय वोटों के लिए न हो, राजनीति और वोट के हिसाब से न हो, बल्कि देश के हित के हिसाब से हो।

दूसरा, ईमानदार टैक्स पेयर को कहीं भी तकलीफ न हो और कालेधन वाले कहीं भी नहीं बचें, यह मंशा हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी की है। इसी हिसाब से फाइनैंस बिल यहां पर पेश हुआ है। फाइनैंस बिल में जो गवर्नमेंट की टैक्स रेवेन्यू है, इसको गाइड करता है। हम लोग इसको देख सकते हैं कि वर्ा 2015-16 में जो ग्रोथ टैक्स रेवेन्यू का था, 14 लाख 55 हजार 641 करोड़ रूपये था, उसको वर्ा 2017-18 में 19 लाख 11 हजार 579 करोड़ करने का टारगेट रखा गया है, यानि दो साल के अंदर 25 पर्सेंट की बढ़ोतरी करने का लक्ष्य है। इसका केवल एक कारण है कि इसमें जो कर चोर है, उसके लिए स्ट्रीक्ट कानून है और जो ईमानदार टैक्स पेयर है, उसे रिलीफ देने का काम हुआ है।

जो टैक्स स्लैब ढाई लाख से पाँच लाख तक की थी, उसमें टैक्स 10 पर्सेंट था, उसको घटाकर पांच पर्सेंट किया है, ताकि सभी करदाताओं को इसका बेनिफिट मिले। आज जो आम मानस में चल रहा है कि कालाधन सबसे ज्यादा पोल्टिकल पार्टियों के पास है या चुनाव में खर्च होता है। यह सब की धारणा बनी हुई है।

(q2/1415/cp/kmr)

Comment: Cd by q1

Comment: श्री सुभाा चन्द्र बहेड़िया जारी

इसी धारणा को तोड़ने के लिए इस फाइनेंस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि सभी पार्टियों को, जो भी रिकग्नाइज पॉलिटिकल पार्टीज हैं, उन सबको इंकम टैक्स रिटर्न टाइमली भरना जरूरी है। यह प्रावधान इस बार किया गया है। इसके साथ ही इन पार्टियों को कहा है कि आप पर बंदिश यह होगी कि दो हजार रुपये से ज्यादा आप कोई डोनेशन, चंदा लेंगे, तो आपको जो इन्कम टैक्स की छूट मिली हुई, जो पॉलिटिकल पार्टियों पर लागू नहीं है, इन्कम टैक्स के सेक्शन 13, ए के तहत इन्कम टैक्स में छूट मिली हुई है, वह छूट

समाप्त हो जाएगी, अगर आपने 2 हजार रुपये से ज्यादा कैश किसी से डोनेशन लिया। यह एक बहुत बड़ा कदम है।

कुछ ही दिनों पहले अखबार में आपने भी पढ़ा होगा, सबने पढ़ा होगा कि किसी पार्टी का 95 पर्सेंट डोनेशन कैश से है। कैश भी क्या, 20 हजार रुपये से नीचे, ताकि उसमें कोई डिटेल नहीं देनी पड़े। एक रसीद 19 हजार, 20 हजार रुपये से नीचे की थी, उसकी डिटेल नहीं देनी पड़ती थी, क्योंकि इलेक्शन कमीशन द्वारा यह तय नियम है कि बीस हजार रुपये से ऊपर जिसका भी चंदा आता है, उसकी पूरी डिटेल पालिटिकल पार्टी को इन्कम टैक्स कमिश्नर को देनी पड़ती है। यह नया कानून उन्होंने चेंज किया है। उसके पीछे एक उद्देश्य है कि जो पॉलिटिकल पार्टीज काले धन को बढ़ावा दे रही हैं, उस पर रोक लग सके।

महोदय, जो ईमानदार टैक्स पेयर्स हैं, इनको जो प्रैक्टिकल में दिक्कतें आ रही हैं, उनको दूर करने के लिए, मैंने पिछली बार भी बोला था कि ट्रांसफर प्राइसिंग में जो छोटे-छोटे व्यापारियों को दिक्कतें आ रही थीं, यह बात हमने माननीय वित्त मंत्री जी के सामने रखी भी थी। छोटे व्यापारी को जो दिक्कतें आ रही थीं, वह प्रावधान इस बार इन्होंने हटा दिया, इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

कैपिटल गेन टैक्स, इंडिविजुअल को लगता है, पर्सनल को लगता है, आदमियों को लगता है। इसमें जो लांग टर्म कैपिटल गेन है, वह तीन साल की जगह दो साल कर दिया है, क्योंकि लांग टर्म कैपिटल गेन में टैक्स की दर कम होती है, इसलिए इसको तीन साल की जगह दो साल कर दिया है। इससे काफी लोग जो अपना पुराना मकान बेचकर नया लेने वाले हैं, उनको फायदा होने वाला है। इसके साथ ही कैपिटल गेन टैक्स में एक बड़ी अड़चन थी। पहले इसकी बेस ईयर कॉस्ट ऑफ एक्विजिशन 1.4.84 थी, उसकी जो एक्विजिशन की प्राइस है, वह 1 अप्रैल, 2001 से आगे मानी जाएगी। इससे जो बढ़ोत्तरी मुद्रास्फीति के कारण हुई है, उस पर टैक्स न लगे, इस दिशा में माननीय वित्त मंत्री जी ने यह प्रावधान किया। उसके अलावा, स्माल स्केल, मीडियम स्केल, जिन व्यापारियों या कंपनियों की सेल 50 करोड़ से कम है, उनके लिए टैक्स रेट भी इन्होंने कम किए हैं। टैक्स रेट 25 पर्सेंट कर दिया

है, जिनकी 50 करोड़ रुपये से कम सेल है। 2 करोड़ रुपये तक व्यापार करने वाले छोटे व्यापारी 8 पर्सेंट प्रिजम्पटिव टैक्स जमा कराके व्यापार कर सके हैं। उन्होंने तय किया कि दो करोड़ की रिसिप्ट बैंक के चेक द्वारा या इलेक्ट्रानिक डिवाइस के द्वारा ट्रांसफर्ड है, तो उस पर 8 की जगह 6 पर्सेंट माना जाएगा और उसको एक तरह से रिलीफ देने की कोशिश की है।

अगर कोई व्यापारी पहले बीस हजार रुपये से ज्यादा कैश में खर्च करता था तो वह खर्च इन्कम टैक्स में एलाउड नहीं होता था, लेकिन उसकी सीमा अब उन्होंने दस हजार रुपये तय कर दी है कि अगर कोई भी व्यापारी दस हजार रुपये से ज्यादा खर्च क्लेम करना चाहता है, तो उसको पेमेंट चेक से ही देना पड़ेगा, वह उसे कैश नहीं दे सकता है। यह प्रावधान पहले केवल खर्च में था, लेकिन जो फिक्स्ड एसेट्स खरीदते थे, जिसमें इंकम टैक्स में डेप्रिसिएशन मिलता था, उसमें यह प्रावधान नहीं था, क्योंकि फिक्स्ड एसेट्स नकद भी खरीद सकते थे और उसका डेप्रिसिएशन क्लेम कर सकते थे, लेकिन इस बार फाइनेंस बिल में यह प्रोविजन लाया गया है कि कैपिटल एसेट्स जो भी खरीद रहे हैं, वह भी अगर 10 हजार रुपये से ऊपर नकद में दिया तो उस पर डेप्रिसिएशन नहीं मिलेगा। यह एक बहुत बड़ा निर्णय माननीय वित्त मंत्री जी ने इस फाइनेंस बजट में दिया।

Comment: cont by r2.h

(r2/1420/nsh-gm)

Comment: Shri Baharia cd

मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से एक और मुख्य बात कहना चाहता हूं। अधिकतर कर निर्धारण अधिकारी ठीक हैं, लेकिन 10-20 प्रतिशत गलत हैं जो जान-बूझकर ईमानदार टैक्सपेयर को परेशान करते हैं। ऐसे अधिकारियों को चिन्हित जरूर करना चाहिए क्योंकि वे टैक्सपेयर को परेशान करने के लिए जान-बूझकर एडिशन कर देते हैं। ईमानदार करदाता को परेशान करने के लिए डिमांड खड़ी कर देते हैं। वह अपील में हाई कोर्ट जाता है, एपेलेट ट्रिब्युनल में जाता है, तो उसे वहां से रिलीफ मिलता है। उस पर अधिकारी अननैसेसरी बर्डन डालते हैं ताकि वह उनकी कुछ अनुचित मांग पूरी कर सके। मेरा आग्रह है कि माननीय वित्त मंत्री जी इस पर ध्यान दें कि ऐसे अधिकारी जो जान-बूझकर ईमानदार करदाता को परेशान

करते हैं, उन्हें चिन्हित करके पब्लिक डीलिंग से हटाकर ऑफिस का कार्य दिया जाए। ऐसी शिकायतें काफी जगह से आ रही हैं जबकि कोर्ट ने निर्णय कर दिया है कि यह ऐग्जैम्प्शन है, इसमें कुछ नहीं है।

अभी 2 लाख रुपये से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन के बारे में प्रावधान आया है। जो व्यक्ति कैश रिसीव करेगा, उस पर सौ प्रतिशत के बराबर टैक्स लगेगा। यह पहले 3 लाख रुपये था, लेकिन माननीय वित्त मंत्री जी ने जो अमैंडमैंट पेश किया, उसमें 3 लाख रुपये की जगह 2 लाख रुपये कर दिए। मेरा आग्रह है कि बैंक से जो कैश विदड्रॉल है, उसमें क्लीयरली कहा जाए क्योंकि अभी कानून की जो धारा है, उसमें क्लीयर नहीं है कि बैंक से विदड्रॉल को रसीद माना जाएगा या नहीं। इस मामले में क्लीयर गाइडलाइन्स दी जाए कि बैंक की रसीद पर इनकम टैक्स नहीं लगेगा।

मैं एक बार पुन: आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जो अधिकारी गलत हैं, जान-बूझकर ईमानदार टैक्सपेयर को परेशान करते हैं, उनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे लोगों की सूची बनाई जाए जिन्होंने कोई एडिशन कर दिया जो पहली या दूसरी अपील में उठ गया, उन्हें फील्ड पोस्टिंग से हटाया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद। (इति)

1423 बजे

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदय, आपने मुझे फाइनैंस बिल पर बोलने की अनुमति दी, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे खुशी है कि माननीय मेघवाल साहब गरीब घर से आते हैं, इन्होंने गरीबी देखी है और भोगी भी है। ये इतने ऊंचे पद पर आए हैं। एक कहावत है - जिसके पांव न फटे बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई। दुखिया का हाल दुखिया ही जानता है। हम शोाति, पीड़ित, लाचार, बेबस, बैकवर्ड, पिछड़े और दलित हैं। यह हमने नहीं बनाया, समाज में जिन लोगों ने बनाया हो, लेकिन खड़ी रेखा बनाई है। उसे समतामूलक और पड़ी रेखा बनाना हमारा और आपका धर्म है। यही लड़ाई चल रही है। बाबा भीमराव अम्बेडकर ने यही कहा है कि संर्घा करते रहिए, संगठित रहिए और अपनी लड़ाई को तेज रखिए, कभी उसे कमजोर मत होने दीजिए, उदासीन कभी मत होइए, तुम्हारा समय आएगा। मानव की आबादी इतनी ज्यादा है जिसमें गरीब भी ज्यादा हैं। तभी एक भारत बनेगा, श्रेठ भारत बनेगा। बजट में गांव, गरीब, दलित, शोाति, पिछड़े, उपेक्षित, किसान और नौजवानों की झलक होनी चाहिए। इस बजट में वह झलक दिखाई नहीं पड़ती। बजट के आधार पर योजनाओं का रोड मैप बनना चाहिए, कालबद्ध योजना कि इस योजना को कब पूरा करेंगे। कालबद्ध योजना नहीं है, हम पूरा करेंगे, पूरा करेंगे, हेतु-हेतु मतभूत वाली बात है। इसका असर समाज में जमीनी हकीकत के साथ नहीं जाता।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने बिहार के लिए विशेा पैकेज के बारे में घोाणा की कि एक लाख 67 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उस पैकेज का आज तक अता-पता नहीं है। यह ठीक है कि तेलंगाना बंटा तो आंध्र प्रदेश को मिला। इसके लिए हमें खुशी है। झारखंड बना और बिहार बंटा, तो बिहार के लिए स्पैशल पैकेज के बारे में माननीय प्रधान मंत्री जी ने घोाणा की। हमारी मांग है कि बिहार को स्पैशल पैकेज और विशेा राज्य का दर्जा मिलना चाहिए।

Comment: Cd by s2

(s2/1425/nk-rsg)

Comment: Cd Jay Prakash Narayan Yadav

जो पिछड़ा वर्ग आयोग है, उस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, हम इसकी बार-बार मांग उठा रहे हैं, उसमें न कोई अध्यक्ष है, न मेंबर है, एससी/एसटी की सारी योजनाओं पर पानी फिर जाता है। आरक्षण जिसे बाबा साहेब ने दिया है, यदि बाबा साहेब नहीं होते तो आरक्षण नहीं मिलता। गरीबों की मौत ही मौत होती है, लेकिन मैं बाबा साहेब को नमन करता हूं, बाबा साहेब ने कहा कि जो शैक्षिक रूप से और सामाजिक रूप से पिछड़े हैं, दलित हैं, शोाति हैं, उपेक्षित हैं, लाचार हैं, बेबस हैं, उनकी आवाज संविधान में है। यदि कोई भी उस पर ऊंगली उठाएगा तो उठने वाला ऊंगली नीचे गिर जाएगा, लेकिन आरक्षण को कोई भी खत्म नहीं कर सकता। यह हमारा संवैधानिक अधिकार और दायित्व है।

आज दिल्ली विश्वविद्यालय में ओबीसी के छात्रों के साथ शोाण किया जा रहा है। एससी/एसटी के छात्रों के साथ शोाण किया जा रहा है। एसिस्टेंट प्रोफेसर को एडहॉक पर रखा गया है, उनको सीटें नहीं दी जा रही हैं। वर्ा 2007 में ओबीसी रिजर्वेशन केन्द्रीय विश्वविद्यालय में लागू किया गया। यूजीसी ने इसे स्थायी करने के लिए कहा, लेकिन इसे आज तक स्थायी नहीं किया जा रहा है। मंडल कमीशन वर्ा 1993 में लागू हुआ। केन्द्रीय विश्वविद्यालय में यह वर्ा 2007 में लागू हुआ, लेकिन उसके आधार पर कार्रवाई नहीं हो रही है। आज जीडीपी बढ़ रहा है लेकिन जीडीपी का मतलब - जी मतलब गैस, डी मतलब डीजल और डी मतलब पेट्रोल, आज इन तीनों चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। मेघवाल साहब बताएंगे, अभी हंस रहे हैं कि जय प्रकाश जी सही सही बात बोलते हैं। पहले 90-10 का रेशियो था जोकि आज 60-40 का हो गया। एनएचआई की राशि बिहार को नहीं दी जा रही है, पथ निर्माण विभाग में राशि नहीं दिया जी रही है, बिहार को राशि दी जाए और पीएमजीएसवाई और मनरेगा की

राशि बढ़ाई जाए। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार को आगे बढ़ाया जाए, चाहे बांका हो, भागलपुर हो, मुंगेर हो, जमुई हो, राजगीर हो, नालंदा हो। नमामे गंगे की स्वच्छता के लिए विशेा कार्यक्रम चलाएं जाएं। हमारे क्षेत्र में सुल्तानगंज है, भागलपुर है, मुंगेर है। बांका में एम्स दिया जाए।

माननीय सभापति : मान्यवर, अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदय, अंग और भोजपुरी भााा को आठवीं अनुसूची में दर्ज किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना है, किसान क्रेडिट कार्ड है, प्रधानमंत्री कृाि योजना है, इसमें बेहतर तरीके से इंतजाम नहीं हो रहा है। आपने नोटबंदी कर दी, हम बिहार में शराबबंदी करते हैं, आप नोटबंदी करते हैं। गरीब का पलायन होता है और काला धन का मगरमच्छ मस्त होकर घूम रहा है और हम लोग नोटबंदी पर ताली बजा रहे हैं।

सच्चाई छिप नहीं सकती बनावट के उसूलों से
खुशबू आ नहीं सकती जो सत्ता में बैठे हैं।

बीजेपी जो सत्ता में बैठे हैं इनसे कभी खुशबू नहीं आ सकती है। यही कह कर हम अपनी बात खत्म करते हैं। इनकी कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना होता है। नमस्कार।

(इति)

1429 बजे

श्री दुयंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आपने फाइनेंस बिल पर बोलने का मौका दिया, आपका धन्यवाद। जब हम फाइनेंस बिल की बात करते हैं, यह बहुत अहम हिस्सा है क्योंकि सरकार इस बिल के माध्यम से पूरे साल का लेखा जोखा तय करती है। सरकार ने एक बड़ा अहम कदम उठाया कि जो ढ़ाई से पांच लाख रुपये तक के टैक्सपेयर्स थे, उनको टैक्स रिबेट दिया, कहीं न कहीं 10 से 5 परसेंट करने का काम किया। देश में एक इम्पोर्टेंट सेक्टर भी है, जिसे मैं मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा आज पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक टैक्स भरने वाले लोग हैं, उनके ऊपर सरकार 20 परसेंट स्लैब लगाती है। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि 5 से 10 लाख के टैक्सपेयर्स मेजोरिटी सीनियर सिटीजन्स हैं।

(t2/1430/rjs-rk)

Comment: cd

Comment: Sh. Dushyant Chautala-cd

जो पूरी जिंदगी काम करते हैं और जब रिटायरमैंट के करीब पहुंचते हैं और उनकी पैंशन आती है, तब वे उस स्लैब में आते हैं। सरकार इसे जरूर संज्ञान में ले कि कहीं न कहीं हमें सीनियर सिटीजन्स के बारे में सोचना पड़ेगा। सरकार को इस 20 परसेंट को कम करने का काम करना चाहिए।

सभापति महोदय, पिछले साल इस सदन ने जीएसटी को कांस्टीट्यूशनल अमेंडमैंट के तहत पारित किया। सरकार कब तक यह सोच रखती है कि जीएसटी को हम इस देश में पूरी तौर से लागू कर पायेंगे? अगर हम इस सदन में लायेंगे, तो क्या टैक्स स्लैब मेरे जैसे वर्ग के लोगों के लिए होंगे? हम कहीं खाना खाने जाते हैं तो वहां पर सेल टैक्स लगाया जाता है, फिर सर्विस टैक्स लगाया जाता है और कुल मिलाकर वह टैक्स 17 परसेंट क्रॉस कर जाता है। उसमें अलग-अलग तरह के सेस लगते हैं। क्या सरकार जीएसटी के बाद उन सारे सेस को कोलेब्रेट करने का काम करेगी? इस बिल के माध्यम से सरकार ने इंसपेक्टर राज को बढ़ावा देने का काम किया है। अगर हम सैक्शन 133 इनकम टैक्स की बात करें, तो सरकार

ने कहा है कि प्रिंसिपल डायरेक्टर के पास जो पावर्स थीं, वहीं पावर्स अब जॉइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर के पाल चली गयी है। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि हम पावर्स को जितना डिवाइड करके निचले स्तर पर लाने का काम करेंगे, उतना मुश्किल होगा। जैसे जो एक्शन डिस्ट्रिक्ट में एसपी लेता है, उसे हम हवलदार तक पहुंचाने का काम करेंगे, तो हवलदार भी रात को अपने आपको एसपी समझकर मुकदमे दर्ज करने लग जायेगा।

मैं मांग करूंगा कि कहीं न कहीं हमें यह संज्ञान में लेना चाहिए कि अगर हम पावर्स को इतना डीसैंट्रलाइज कर देंगे, तो आने वाले समय में आम आदमी को इंसपेक्टर राज के माध्यम से इनकम टैक्स विभाग तंग करेगा। सरकार के आंकड़े बताते हैं कि डिमॉनेटाइजेशन के बाद बड़ी मात्रा में नोटिसेज भेजे गये हैं। माननीय मंत्री जी सदन को बताने का काम करें कि कुल मिलाकर कितने नोटिसेज डिमॉनेटाइजेशन के दौरान भेजे गये और उनमें से कितने नोटिसेज क्लीयर हुए? जो पेंडिंग नोटिसेज हैं, उन्हें सरकार कब तक क्लीयर करवायेगी, क्योंकि आज भी हमारे इनकम टैक्स के महकमे के अंदर मेनपावर की बहुत किल्लत है।

सरकार के रेवन्यू सैक्रेट्री का बयान है कि अगर हमने कॉरपोरेट टैक्स से 30 परसेंट से 25 परसेंट किया है तो हर साल उस रिडक्शन की वजह से काफी नुकसान होगा। अगर हम एक परसेंट रिडक्शन करते हैं, तो सरकार को 19 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। इस तरह पांच परसेंट का रिडक्शन लगभग 95 हजार करोड़ रुपये का नुकसान सरकार को होगा। सरकार उसकी भरपाई कैसे करेगी? आज हम किसान के कर्ज माफी की बात करते हैं। वहां पर माननीय मत्री जी खुद लिखित में देते हैं कि हमने आरबीआई से पूछा, तो वह कहती है कि किसान का कर्जा माफ नहीं कर सकते। दूसरी ओर हम पूंजीपतियों को 95 हजार करोङ रुपये का बेनीफिट दे रहे हैं। इस ओर सरकार का मकसद क्या है ? क्या सरकार आने वाले समय में इसे रिवाइज करेगी? इस बारे में सरकार सदन में बताये। अगर हम कर्जे की बात करें, क्योंकि जीएसटी के बाद सरकार कहती है कि रेवन्यू का एक बहुत बड़ा हिस्सा उन स्टेट्स को जायेगा, जिन्हें लॉसेज होंगे। मैं हरियाणा प्रदेश की बात करना

चाहता हूं कि 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्जा हमारे प्रदेश पर है। उन स्टेट्स, जिन पर बड़े-बड़े रेवेन्यू लॉसेज हैं, जैसे पंजाब हैं, जिनके पास रेवेन्यू लिमिटेड हैं, क्या सरकार उन्हें ऑल्टरनेटिव बेनीफिट देने का काम करेगी। सरकार के इस बजट में हरियाणा प्रदेश में सतलुज-यमुना लिंक के लिए एलोकेशन का कोई प्रोविजन नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग है कि केन्द्र सरकार इसका निर्माण पूरा करे।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि इस बजट में आप सतलुज-.यमुना लिंक के लिए एलोकेशन कीजिए, ताकि उसका निर्माण वर्ा 2017 में पूरा हो सके। मैं मंत्री जी के संज्ञान में एक बात लाना चाहूंगा कि आज हमने बैंकिंग सैक्टर को बहुत ज्यादा लिबर्टी देने का काम किया है। आपने खुद डिमॉनेटाइजेशन के दौरान देखा कि हमारे बैंकिंग कर्मचारियों ने देर रात तक बैठकर उस समस्या से, जो लोगों को कतारों में खड़े होकर मिल रही थी, कहीं न कहीं स्टेबेलाइजेशन लाने का काम किया। मगर पहली बार उन बैंकिंग सैक्टर के कर्मचारियों पर एक दाग भी लगा।

Comment: Cd by u2

Comment: Shri D. Chautala cd.

(u2/1435/rps-ps)

हम हमेशा मानते थे कि बैंक में बैठा हुआ कर्मचारी ईमानदार है, मगर पहली बार हमें देखने को मिला कि डिमॉनेटाइजेशन के दौरान पिछले दरवाजे से नोट बदले गए। इस तरह से हमें बैंकिंग सेक्टर में भी भ्रटाचार देखने को मिला।

आज हम छोटी-छोटी ट्रांजैक्शन्स के लिए पैसे चार्ज कर रहे हैं। मैं भारत सरकार से आग्रह करूंगा कि बैंकिंग सेक्टर की मॉनीटरिंग की व्यवस्था हो और बैंकिंग सेक्टर रिफार्म्स के बड़े कदम उठाने का काम करें, जिससे यह जो एक मिसिंग लिंक है, उसे आने वाले समय में पूरा कर सकें।

अपनी बात समाप्त करते हुए मैं कहूंगा कि किसान क्रेडिट कार्ड की जो सीमा है, वह चार प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख रुपये है। सरकार बिना कोलेटरल के इस लिमिट को तीन लाख रुपये करे और चार प्रतिशत ब्याज पर इसे आठ लाख रुपये तक बढ़ाने का काम करे, जिससे हमारे किसान समृद्ध हों और छोटे किसान भी मजबूत हों। आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं।

(इति)

1436 बजे

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा) : सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विाय - फाइनेंस बिल पर बोलने का अवसर दिया है।

मैं माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई देती हूं, जिन्होंने फाइनेंशियल सिस्टम को बेहतर करने के लिए काम किया है और लोगों के फाइनेंशियल स्टेटस को उठाने के लिए इतने काम किए हैं, जिससे सारी दुनिया उनकी चर्चा कर रही है। Everybody is appreciating us. मैं इस अवसर पर फाइनेंस मिनिस्टर अरुण जेटली जी को भी बहुत बधाई देती हूं। आप इंटरनेशल एजेंसी मूडीज की रिपोर्ट पढ़ें या आईएमएफ की रिपोर्ट पढ़ें, everybody is saying that the financial steps which have been taken by the Modi Government are brave steps. सब हमारे साहसी कदम की तारीफ कर रहे हैं। ये रिपोर्ट्स कहती हैं कि टैक्स चोरी को रोकने के लिए, ब्लैक मनी पर काबू पाने के लिए, हमारी सरकार जो कोशिश कर रही है, उसके रिजल्ट आने वाले वर्षों में सभी को देखने को मिलेगा और इसका असर भी बहुत अच्छा होगा। नोट बैन के बारे में काफी कुछ कहा गया था कि लोग परेशान हैं, बहुत नुकसान हो गया है, लेकिन पूरे देश की जनता से इसका सपोर्ट किया है। यह बहुत अच्छी बात है। ब्लैक मनी के बारे में एक स्पेशल टास्क फोर्स बनी थी, उसने लास्ट यह बताया कि नोटबंदी के दौरान जिन लोगों ने बैंकों में हजारों-करोड़ों रुपये जमा किए हैं, उस पर टैक्स से सरकार के खजाने में 6000 करोड़ रुपये आए हैं। फाइनेंस बिल में डिजीटल इकोनोमी की बात की गयी है। डिजीटल फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन्स अब हमारे देश के लोगों की लाइफ का हिस्सा बन रहा है। मोदी जी ने भीम एप लॉंच किया है, लोग उसे बहुत यूज कर रहे हैं। नेशनल पेमेंट कमीशन ने बताया है कि अब तक एक करोड़ 91 लाख लोग इस एप को डाउनलोड कर चुके हैं। इतने कम समय में यह एप हिट हो गया है, यह बहुत अच्छा काम है। मुझे बताया गया है कि छोटे शॉपकीपर्स उसे यूज कर रहे हैं। छोटे-छोटे वेंडर्स भी भीम एप से पेमेंट ले रहे हैं। इसका मतलब है कि हमारा देश डिजीटल इकोनोमी को एडॉप्ट कर रहा है। हमारी सरकार ने रुपे कार्ड लॉंच किया है। I am

very happy to tell that more than 20 crore RuPay cards have been issued so far. इसलिए मैं फाइनेंस बिल में डिजीटल इकोनोमी को लेकर सरकार का समर्थन करती हूं। हम जितने ज्यादा डिजीटल फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन्स करेंगे, उतना हम ब्लैक मनी पर रोक लगा सकेंगे। जितनी ब्लैक मनी कम होगी, हम उतना ज्यादा विकास कर सकेंगे। आज पूरे देश में विकास की जरूरत है, खासतौर से रूरल एरिया और स्माल टाउन्स में।

मैं मथुरा क्षेत्र से सांसद हूं, मुझे वहां के विकास के लिए स्पेशल फण्ड्स की जरूरत है। मथुरा भगवान श्रीकृण की नगरी है, यहां पर बहुत से भक्त देश-विदेश से आते हैं, लेकिन वहां की स्थिति इतनी सुंदर नहीं है। उसे अच्छा करने के लिए बहुत फण्ड्स की जरूरत है। (w2/1440/asa/rc)

Comment: .cd. by w2.h

Comment: hema malini ctd

यहां पर 84 कोस परिक्रमा होती है, वृन्दावन और गोवर्धन परिक्रमा होती है। इन सब जगहों को बहुत सुंदर बनाना है, इसके लिए बहुत सारे फंड्स चाहिए ताकि लोग आध्यात्मिकता का अनुभव कर सकें। हमारे प्रधान मंत्री जी ने रिलीजियस ट्यूरिज्म डवलप करने के लिए जोर दिया है। जो रिलीजियस इम्पोर्टेन्स उन्होंने दी है, हमें अपने रिलीजियस सिटीज को स्मार्ट सिटीज बनाना है, साफ-सुथरा रखना है। अगर इन सिटीज को हमें साफ-सुथरा रखना है तो हमें सोलिड-वेस्ट मैनेजमेंट की बहुत जरूरत है। जगह-जगह पर इसका इम्प्लांट करना जरूरी है। मंदिर के आसपास जगहों पर तभी साफ-सफाई रह सकती है। कर्मचारियों की कमी होने की वजह से इन सब जगहों पर बहुत गंदगी फैली हुई है। खास मंदिरों की जगह पर वाई-फाई की सुविधा की जरूरत है और धार्मिक स्थलों पर स्थायी पुलिस बल के साथ स्पेशल रिलीजियस ट्यूरिज्म पुलिस फोर्स की नियुक्ति भी यहां की जानी चाहिए जिससे लाखों की तादाद में आई हुई पब्लिक को संभाला जा सके। मैं यहां पर बहुत ही स्टैंडर्ड का एक कृणा थीम पार्क भी बनाना चाहती हूं जिसके लिए भी एक बहुत बड़ा बजट चाहिए होगा और मुझे उम्मीद है कि फाइनेंस मिनिस्ट्री से मुझे यह मिलेगा।

मेरे मथुरा में गर्ल चाइल्ड एजुकेशन की बहुत जरूरत है। गर्ल चाइल्ड की एजुकेशन के लिए केन्द्रीय विद्यालय ही चाहिए। हमारे यहां बी.एस.एफ. है। सी.आर.पी.एफ. और सिविलियन्स हैं। मैं सरकार से मांग करती हूं कि मथुरा में सरकार हमें तीन केन्द्रीय विद्यालय दे और इसके लिए मैं जानती हूं कि सरकार को बहुत खर्च करना पड़ेगा। मथुरा में प्राइमरी हैल्थ सेन्टर की बहुत जरूरत है। मथुरा में इतना अच्छा कोई अस्पताल नहीं है और वहां पर प्राइमरी हैल्थ सेन्टर्स गांव-गांव में होने चाहिए। मथुरा के 80 प्रतिशत ट्रैफिक जोन में आने की वजह से वहां पर इंडस्ट्रीज सब बंद हैं और वहां पर बहुत सारी बेरोजगारी फैली हुई है।

मथुरा में हम इस जगह को खूबसूरत रख सकते हैं। ताज की खूबसूरती को मेनटेन करते हुए, हम इस इंडस्ट्री को ऐसे ओपन कर सकते हैं जो पोल्यूशन रहित हो, मैं इसकी मांग भी करती हूं। मथुरा में सड़कें बहुत खराब हैं। इसमें भी बहुत धनराशि खर्च होगी। इसलिए मेरा अनुरोध है कि इसके लिए भी प्रावधान होना चाहिए। बिजली की भी वहां पर बहुत समस्या है। 24 घंटे वहां पर बिजली नहीं मिलती है। इसलिए बलदेव क्षेत्र में 5 मेगावॉट का एक प्लांट लगाने जा रहे हैं जिसके लिए मैं मांग करती हूं कि वह 100 मेगावॉट से ज्यादा हो क्योंकि मथुरा क्षेत्र में इससे बहुत हैल्प मिल सकती है। इसके अलावा यमुना शुद्धिकरण बहुत ही जरूरी है। यमुना में जल प्रवाह हमेशा होने के लिए सरकार को यहां के लिए बहुत बड़ा बजट देना पड़ेगा।

Now I want to talk about agriculture. The agricultural sector is very important for the nation's growth. I would request the hon. Finance Minister to re-visit the definition of agricultural income under the Income Tax Act. I have been informed that a few agricultural activities are not covered under this definition.

The corporate houses should be encouraged to be a participant in the agricultural activities by including agriculturists or group of agriculturists as shareholders. This will encourage a collective and

large scale farming and also create infrastructure, marketing and modernisation of all allied activities.

I belong to film industry. So, I would like to say a few things about it. It gives me immense pleasure to know that the Bollywood is doing so well. All over the world, people are so crazy about our Hindi films as also the artists. It is so wonderful to know that the Government also earns crores of rupees from this industry. One gets to know that certain actor paid so much tax. He is a very big taxpayer. The Income Tax Department also honours them. So, it is all very nice about it. But there are some sad scenarios also. We need to think about those actors who have lost their stardom. I am talking about technicians like camera man, light man, sound assistant, dress assistant, etc. who work for 24 hours behind the camera. Their work-life is very limited. These people need social security and benefits in the form of Government aid to help them so that they can live with dignity.

So, I would request the Government to do something about it. My humble suggestion is that the Government should give the film industry, the status of industry. It should help these people acquire the benefits which they deserve.

Lastly, I want to talk about the performing artists. (x2/1445/snb-mz)

Comment: cd. by x2

Comment: Hemamalini contd.

I would like the Government to address the problems of the performing artists. These performing artists are actually the brand ambassadors of our Indian art and culture worldwide. Today if the world is so aware of our so great nation's classical and folk art in the form of dance, music,

the traditional instruments played by them and various other aspects, it is because these artists have made our performing art this popular worldwide. But these treasurers of our culture receive no benefit from the Government for their dedication towards spreading art and culture. I would once again humbly request the Government not to levy taxes on the income of these performing artists with the kind of taxes that are levied on other business and financial institutions. These artists live a very humble life and their earnings are not as high as the Bollywood artists. So, for them art is just a *Sadhana*. Why not honour these brand ambassadors of Indian art and culture with some tax benefit?

I would once again like to congratulate our hon. Prime Minister and our Finance Minister for this wonderful Finance Bill which have been brought forward which aims at supporting the poor people and the farmers.

Thank you.

(ends)

1446 hours

PROF. K.V. THOMAS (ERNAKULAM): Sir, I wish to concentrate on four important issues – after effects of demonetization; NPAs of the Public Sector Banks; price rise and the natural calamity which especially affects the State of Kerala.

Sir, it was on the night of 8th November, 2016 that the hon. Prime Minister announced to the nation his decision of demonetization. This is not the first time demonetization has been announced and implemented by Governments at various times. But this is the first time when demonetization has been announced with fanfare, firework and drum beating. It is an untimely, unplanned and a decision of one man and that is the hon. Prime Minister. Some of my colleagues while participating in the discussion said that the recent elections in five States have amply proved that the people of this country have supported the decision of the hon. Prime Minister. Is it so? We have had elections in five States. The BJP has won in the State of Uttar Pradesh. The Congress Party has not been in power in Uttar Pradesh for a long time. The BJP has won the State of Uttarakhand. But the Congress is the second largest party there. The Congress party is in power in the State of Punjab. In the States of Goa and Manipur we are the single largest party. I have been a Member of this House since 1984. There were a number of deliberations on anti-defection. We passed an Anti-Defection Law. But this Government, at midnight, after the election results were announced, both in Goa and in Manipur, used

the power of the Government to snatch the power and undermine the decision of the country…. *(Not recorded)*

(y2/1450/ru-vb)

When the hon. Prime Minister announced the decision of demonetization on 8th of November, 2016, I would like to quote, "rights and interests of honest hardworking people will be fully protected. Persons holding old notes of Rs. 500 and Rs. 1000 can deposit these notes in their banks or post office accounts till 30th December, 2016 without any limit. They can go to the specified offices of RBI upto 31st March, 2017 to deposit the notes after submitting declaration forms." I request the hon. Finance Minister that, when he goes today to his house, he may please have a look at the RBI office in Delhi. There are thousands of NRIs queuing up before the Parliament Street. Is it the credit of the Government? The hon. Prime Minister of India has promised the people of this country that all the 500 rupee notes and 1000 rupee notes which are with the people of this country will be exchanged either in the banks or RBI offices.

Comment: Contd. By y2

I am from Kerala. There are a large number of Keralites staying abroad. I have got some journalist friends abroad. They were telling me that they have written to the Prime Minister that thousands of Keralites who come to Kerala occasionally want to exchange their old 500 rupee notes and 1000 rupee notes. Where should they go? Should they go to Chennai for exchanging them? Should they go to Mumbai? So, the hon. Prime Minister has promised the people of this country not to worry about it and that people can wait upto the end of March, 2017.

After the declaration of demonetisation, how many times have you changed the norms and rules?

When presenting the Budget in this House, the hon. Finance Minister said that we can have cash transactions for Rs. 3 lakhs. Today we hear from the press that it has been reduced to Rs. 2 lakhs. Am I holding the right on my money in the banks? Then you say that we may go in for e-transactions. Are we ready for e-transactions? Is our system competent enough and are our cyber laws competent enough to tackle it? There are a large number of cases where people have been cheated. So, this decision of the hon. Prime Minister on demonetisation is just to cheat the people of the country.

He has made a number of declarations during the election campaign and after it. He has said that black money will be brought back. In his speech also he has said that it is for the elimination of black money, destroying fake currencies and destructing funds for terrorist groups. We welcome it if that it is so.

Now, hon. Finance Minister, six months have passed since then. Why cannot you tell the people of this country as to how much currency notes have come back to our banks? What is the problem in telling us? In many sittings of the Parliament Committees, officials of the RBI and the Ministry of Finance were present. They have been asked as to how much currency notes have come back? Why are you hiding it? The answer which they sometimes give is that they are counting them. Are they putting people to count the notes which have come to the banks? Who will believe it? What is the problem in having

a transparent mechanism by which we know how much money has come back and how much is fake money?

Another problem which I wish to bring before your attention is about the Non-Performing Assets of the banks. There are about six to seven lakh crores worth of NPAs in this country. Out of this, about five to six lakh crores is with the corporate houses of the country. It is not with the farmers; it is not with the students and it is not with small traders. It is with the corporate houses. What action are you taken on them? If a farmer becomes a defaulter, you publish his picture in the newspapers. If a student becomes a defaulter, you send police men to him. What are you doing regarding corporate houses who have become major defaulters? I do not want to name some of the defaulters who are abroad and lavishly staying in the resorts of Europe. I do not want to name them but you know who they are. What action have you taken against them? When strong action is taken against the farmers, traders and students, what action are you taking against those people who have gone away from the country? Are you serious and sincere to bring out black money into this country?

(z2/1455/rbn/pc)

Comment: cd. by z2

Comment: Shri thomas contd.

The third issue is the price rise. I have got the details about the prices of essential commodities as per yesterday. … (*Interruptions*) This is as per the prices prevailing in Delhi. The price of *Chenna dal*, during the same day of 2015 was Rs. 55; but it is Rs. 84 now. Yesterday Shri Kharge raised that issue. When the prices are going up in the market, when the farmers are producing more, there is a

mechanism of procurement. The farmers are not getting a reasonable Minimum Support Price. The price of groundnut oil was Rs. 145 during the same day of 2015. Now, it is Rs. 165. So, the prices are rising.

The next issue pertains to my State. We are facing acute drought. The Kerala Government, under the leadership of the Chief Minister, wanted to send a team to meet the Prime Minister. That is being denied. In a democratic system, in a federal system, how can the Prime Minister deny like that?

I was the Food Minister here. We had allotted 16 lakh tonnes of food grains to Kerala every year. Now, under the Food Security Bill, they can get 14.5 tonnes of food grains. There are about 30 or 40 lakh non-Malayalees from other States who are in Kerala. So, you can allot another two lakh tonnes. So, the State of Kerala is entitled to 16.45 lakh tonnes of food grains which was allotted to Kerala in the last five years. Our State is known for its efficient Public Distribution System. So, Kerala should be helped to overcome the drought situation.

(ends)

1457 hours

SHRI IDRIS ALI (BASIRHAT): Sir, I am deeply grateful to you for giving me this opportunity to speak on the Finance Bill. I am also deeply grateful to our hon. Chief Minister, Kumari Mamata Banerjee. Due to her only I have come here.

On the Finance Bill, 2017, I would like to say four points for the consideration of the House to be included in the Bill and to accordingly amend the Bill.

Firstly, in comparison to the 'market-based' personal consumption expenditure with basic price index year 2005-06, in this Bill the Central Government proposes to waive only Rs. 1,000 per month for the individual tax payer, who earns Rs. 25,000 per month. This means, basic income tax exemption has not been reduced for the general people and so I request the Government to raise the limit of total income per person per annum from Rs. 2.50 lakh to Rs. 3.50 lakh for the age group up to 60 years, and Rs. 4 lakh for senior citizens up to the age of 80 years.

Secondly, the maximum ceiling for monthly income scheme deposit in the post office for individual may also be raised from Rs. 4.50 lakh to Rs. 15 lakh and Rs. 9 lakh to Rs. 35 lakh for joint account.

(a3/1500/spr-mm)

Comment: Sh idris ali cd

Comment:

Thirdly, there is a long cherished demand and hope of the Press people that during their PIB accreditation, they are entitled to get CGHS medical facilities, but while on retirement they and their family members are not getting any medical facilities from CGHS as per the

pensioners. All the CGHS beneficiaries during their co-terminus tenure may kindly be included in the CGHS pensioner scheme after their termination or on retirement.

Comment: Contd. By A3

We totally oppose the strategic disinvestment plan and the process of the Mini Ratna Central Public Sector Undertakings, particularly which are profit-making in the last five years. Under the present employment and slowdown economic scenario, we request the Governmemnt to stop disinvesting, closure and sale of CPSEs. With these words, I conclude.

(ends)

1501 बजे

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, हमारा देश कृषि प्रधान देश है और मैं सदन में हमेशा किसान और मजदूरों की आवाज उठाता रहता हूं। देश की 72 परसेंट जनसंख्या कृषि पर आधारित है। खेतिहर किसान, मजदूर, महिलाएं खेती पर निर्भर करते हैं, किन्तु मानसून जब साथ नहीं देता है तो देश की 75 प्रतिशत आबादी घोर आर्थिक संकट से गुजरती है। यहीं से सारी परेशानी चाहे किसान की आत्महत्या की हो, खेतिहर मजदूरों का शहरों की ओर पलायन हो, यह प्रश्न उठता है कि इस तरह की विकट परिस्थिति के लिए क्या आप कोई कदम उठा रहे हैं? महोदय, इस पर विशेा बल देने की आवश्यकता है। हमेशा ही किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देने की मांग होती रही है। आप इसकी व्यवस्था जरूर करेंगे।

बिहार के मुख्य मंत्री माननीय नीतीश कुमार जी ने शुरू से ही जीएसटी का समर्थन किया है। जीएसटी के किसी भी प्रारूप का अभी तक लोगों के सामने मसौदा नहीं आया है। यह चिंता का विाय है। उद्योग जगत को इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए किन्तु सरकार उत्साहित नजर नहीं आ रही है। आप जीएसटी कानून का प्रारूप, रेट एवं जीएसटी के बारे में जागरूकता अभियान लेकर जनता के पास कब तक आएंगे? जीएसटी में क्या आपने गरीब राज्यों के लिए कोई व्यवस्था की है जिससे उन राज्यों में उद्योग धंधे लग सकें। पिछड़े राज्यों बिहार, झारखण्ड और ओडिशा इत्यादि के हित के लिए जीएसटी में क्या प्रावधान किए हैं, जिससे बिहार जैसे राज्य में उद्योग धंधे लग सकें? कृपया मंत्री जी अपने जवाब में जरूर बताएं।

महोदय, बिहार को विशेा राज्य का दर्जा देने के लिए राज्य की सरकार एवं जनता पिछले दस वर्ों से पुरजोर मांग करती रही है। वैसे भी बिहार राज्य अन्य राज्यों की तुलना में काफी पीछे रहा है। बिहार भौगोलिक एवं प्राकृतिक कारणों से हर वर्ा बाढ़ एवं सुखाड़ की चपेट में रहता है। राज्य को एक सीमित राजस्व की प्राप्ति होती है जिसके कारण अपने बल पर पूर्ण विकास सम्भव नहीं है, अतः केन्द्र की मदद नितान्त आवश्यक है। किन्तु केन्द्र सरकार राज्य सरकार से राजनीतिक भेदभाव कर रही है और बिहार के हितों की उपेक्षा की जा रही

है। बिहार राज्य को विशेा राज्य का दर्जा देने एवं उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करना अतिआवश्यक है।

(b3/1505/mz-ksp)

Comment: Cd by b3

Comment: Cd by kaushlendra Singh

गंगा नदी पर फरक्का बांध के कारण बिहार में गंगा नदी में अत्यधिक गाद जमा हो गयी है। इसकी निकासी अति आवश्यक है, अन्यथा प्रतिर्वा बरसात में गंगा अपना विकराल रूप धारण करती है और उसका पानी पूरे बिहार में फैलता है। इस गाद की समस्या से निदान पाने के लिए राज्य को पूर्ण आर्थिक मदद की आवश्यकता है। आप एक टीम भेज कर इस समस्या से निदान के लिए सर्वेक्षण कराएं।

महोदय, मध्यम वर्ग को बजट में इनकम टैक्स में राहत देने के लिए कम से कम पांच लाख रुपये की आमदनी तक पूर्ण कर की छूट मिलनी चाहिए।

मैं एक और विाय सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि आज ईमानदार टैक्स पेयर्स को इनकम टैक्स विभाग नोटिस पर नोटिस देकर उनसे सैकड़ों प्रश्न पूछते हैं। मैं मानता हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी एक कानूनविद हैं। उक्त प्रश्नों से सहमत नहीं होंगे। आपको इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। टैक्स पेयर्स को परेशान करने से देश को क्या फायदा होगा?...(व्यवधान) सभापति महोदय, 2-3 मिनट और दे दीजिए।

माननीय सभापति (श्री हुकुम सिंह) : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदय, सरकार प्रतिर्वा एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने का प्रलोभन देकर सत्ता में आई, किंतु मंत्री जी क्या देश को बताएंगे कि क्या आपने पिछले तीन वर्ाों में तीन करोड़ युवाओं को नौकरी दी? बेरोजगारी चरम पर है। नौजवान रोजी-रोटी की तलाश में भटक रहे हैं। आप कौशल विकास का ख्वाब उन्हें दिखा रहे हैं। आप उन्हें रोजगार दीजिए।

महोदय, एन.पी.ए. का खेल समझ में नहीं आ रहा है। ऐसी रिपोर्ट है कि 31 मार्च, 2017 तक बैंकों का एन.पी.ए. लगभग 12 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा।

माननीय सभापति : कौशलेन्द्र जी, आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, मैं दो मिनट और लूंगा। पिछले तीन वर्षों में करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये का एन.पी.ए. माफ कर दिया गया। आप जनता की गाढ़ी कमाई को अमीरों में बांट रहे हैं। इस तरह अमीर और गरीब के बीच की खाई कभी कम नहीं होगी। आप एन.पी.ए. को वसूलने के लिए अन्य तरीके क्यों नहीं अपनाते हैं। पूर्व की सरकार ओ.टी.एस. योजना लाई थी, उसमें काफी ऋण वसूली हुई। आज भी लोग अपने मूल ऋण को चुकाना चाहते हैं, किंतु बैंक नहीं चाहते हैं कि ऋण वसूली हो।

माननीय सभापति : कौशलेन्द्र जी, कृपया आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, यह सरकार राजनीति में शुचिता लाने की बात कहती है, आप कार्पोरेट फंडिंग बंद करने की बात करते हैं। ...(व्यवधान) मैं चाहता हूं कि किसी भी पब्लिक लिमिटेड कंपनी को यह हक नहीं है कि वह जनता के पैसे को किसी राजनीतिक दल को चंदे में दे।

(इति)

1508 बजे

डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे वित्त विधेयक पर बोलने का मौका दिया, आपका धन्यवाद।

महोदय, बजट देश का ऐसा दस्तावेज है, जिसके माध्यम से देश का वित्त मंत्री देश के टैक्स पेयर्स की अदा की गई राशि एवं विभिन्न संसाधनों से प्राप्त की गई धनराशि को देश की विभिन्न योजनाओं के सुचारु एवं सफल क्रियान्वयन हेतु आबंटित करता है। एक अच्छे वित्त मंत्री की खासियत भी यही होती है कि वह देश के लोगों की आवश्यकताओं को देखे, देश की योजनाओं को देखे और आवश्यकताओं के हिसाब से धन आबंटन करते हुए देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाए। आजादी के बाद से अब तक जितनी भी सरकारें रही हैं, उन्होंने आज तक गरीब की तरफ ध्यान नहीं दिया है। यही कारण है कि इस देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई दिन प्रति दिन बढ़ती चली जा रही है। यहां गरीब, गरीब होता जा रहा है और अमीर, अमीर होता जा रहा है। यह देश बहुत सारी विविधताओं से बटा हुआ देश है। यहां पर जाति-पाति के आधार पर भी लोगों में भेदभाव होता है। यहां पर क्षेत्रीय भावनाओं के आधार पर भी लोगों में भेदभाव होता है।

मान्यवर, मैं अपने प्रधान मंत्री जी को एवं इस देश के वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश के गरीबों के लिए जन-धन योजना के तहत 23 करोड़ लोगों के खाते खुलवाकर न सिर्फ उन्हें बैंक जाने का रास्ता दिखाया।

Comment: Cd by c3

Comment: (Sh.Yashwant Singh cd.)

(c3/1510/bks-kkd)

उसके साथ-साथ 12 रुपये में उन्हें प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना के आधार पर उनके बीमे की व्यवस्था की। इसके साथ ही मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने इन गरीबों की आवश्यकताओं को समझते हुए एक डेबिट कार्ड इश्यू किया, जिसके माध्यम से वह गरीब आदमी चार हजार रुपये बैंक से लोन ले सकता है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस देश का गरीब ईमानदार व्यक्ति होता है। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि किसी भी गरीब ने आज तक

देश में घोटाला नहीं किया, किसी भी गरीब ने अपहरण नहीं किया, किसी भी गरीब ने किसी का धन नहीं लूटा। इसलिए गरीबों पर विश्वास करना सरकार की जिम्मेदारी है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से मांग करता हूं कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि गरीबों को जहां चार हजार रुपये दिये जाते हैं, उस चार हजार रुपये की राशि को बढ़ाया जाए। अगर उसे अपनी बेटी की शादी करनी हो, उसे कठिन समय में जब अपनी बेटी की शादी करनी होती है तो उसे दस प्रतिशत की ब्याज दर पर पैसा उठाना पड़ता है। मैं वित्त मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि इस राशि को बढ़ाकर कम से कम 25 हजार रुपये किया जाए। जिससे गरीब आदमी जरूरत के समय अपनी बेटी की शादी कर सके या अपने बच्चों की बीमारी या पढ़ाई में उस पैसे का उपयोग कर सके।

महोदय, बहुत बड़े-बड़े लोगों पर एन.पी.ए. के हजारों करोड़ रुपये बकाया हैं। अभी मेरे साथी बता रहे थे कि 12 लाख करोड़ रुपये एन.पी.ए. हो चुका है। इसमें समाज का एक भी गरीब व्यक्ति नहीं है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने मुद्रा योजना के तहत गरीबों का अपना कार्य शुरू करने के लिए, अपना रोजगार शुरू करने के लिए योजना चलाई है, उसके लिए भी मैं उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। आज वे लोग खुश हैं, लेकिन बिना किसी गारंटी के पचास हजार रुपये की राशि मिलना किसी भी उद्योग या कारोबार को चलाने के लिए बहुत कम हैं। मेरी मांग है, क्योंकि इस बार माननीय वित्त मंत्री जी को 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपये की ज्यादा प्राप्ति हुई है, इसलिए वह जरूर ध्यान देंगे कि गरीबों की इस पचास हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाए, ताकि वह अपने उद्योग को सुगमता से चला सके। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने स्टैंड अप योजना के तहत इस देश की अनुसूचित जाति एवं महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिये हैं कि अनुसूचित जाति के लोगों को, इस देश की महिलाओं को एक करोड़ रुपये तक का लोन देकर उन्हें आगे बढ़ाया जाए, उन्हें व्यापार करने की श्रेणी में लाया जाए। लेकिन मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि इसमें बैंकों में कार्यरत जितने भी अधिकारी हैं, उनकी कोई रुचि दिखाई नहीं देती है। अभी तक दिये गए लोन की संख्या

लगभग नगण्य है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि कानून में प्रावधान किया जाए कि जितने भी अधिकारी हैं, उनकी प्रोन्नति इस लोन की अदायगी पर सुनिश्चित की जाए।

महोदय, स्टैंड अप योजना के तहत वित्त मंत्रालय द्वारा जो 520 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, उस पर भी मैं एक सवाल उठाना चाहता हूं। यह भारतर्वा इतना बड़ा देश है, यहां करोडों की संख्या में लोग रहते हैं, जिनमें अनुसूचित जाति के लोग और महिलाएं रहती हैं। उनके लिए 520 करोड़ रुपये की राशि बहुत कम हैं। इसे बढ़ाकर कम से कम बीस हजार करोड़ रुपये किया जाए।

हमारे प्रधान मंत्री जी के द्वारा प्रदेशों के विकास के लिए इस वर्ा 94,764 करोड़ रुपये की अधिक धनराशि आबंटित की गई है।

(d3/1515/gg-rp)

Comment: (cd. by d3)

Comment: CONTD. BY C3

लेकिन यह देखा गया है कि जो केंद्र का केंद्रांश प्रदेशों को दिया जाता है, उसका सदुपयोग नहीं किया जाता है। इस बार उत्तर प्रदेश में लगभग 40 हज़ार करोड़ रुपये, जो केंद्र से गया था, उसका उपयोग नहीं किया गया।

मान्यवर, इससे जनकल्याण की जितनी भी योजनाएं हैं, वे प्रभावित होती हैं। गरीबों के लिए मिलने वाली योजनाएं प्रभावित होती हैं। मेरा मानना है कि केंद्र द्वारा इस पर एक अच्छी निगरानी रखी जाए।

महोदय, देश की बड़ी आबादी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की आबादी है, इन लोगों के विकास के लिए, अनुसूचित जाति के विकास हेतु, बजट में 5114 करोड़ रुपये, तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास हेतु, 3490 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। दुख की बात तब होती है, जब इस राशि का सदुपयोग नहीं होता है। रा-ट्रमण्डल खेल हुए, एससीपी के फण्ड से, स्टेडियम बनाए गए, एससीपी के फण्ड को सड़कों पर लगा दिया जाता है और जिस जनकल्याण के लिए, जिस मद के लिए यह पैसा होता है, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए इस पैसे का उपयोग

नहीं किया जाता है। इस पर निगरानी की आवश्यकता है। कानून बनाए जाने की आवश्यकता है।

मान्यवर, गरीब की आवश्यकता होती है कि जिंदगी में उसके सर पर एक छत हो। मैं बधाई देना चाहता हूँ माननीय प्रधान मंत्री जी को कि उन्होंने इस देश के गरीबों के लिए प्रधान मंत्री आवास बनाने के लिए 23 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। 23 हज़ार करोड़ रुपये से उन्होंने इस देश के गरीबों को उनका सपना पूरा करने की एक आशा जगाई है। मैं इसके लिए उनको धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं यह भी मांग करना चाहता हूँ कि यह राशि और बढ़ाई जाए। क्योंकि देश का गरीब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ आँख उठा कर देख रहा है।

मान्यवर, मैं अंत में कहना चाहता हूँ कि इस देश में ट्रस्टों द्वारा बढ़ रहे भ्रटाचार की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। प्रत्येक शहर में बड़े-बड़े ट्रस्टों द्वारा जमीनें खरीदी जा रही हैं, जिसका सदुपयोग नहीं हो रहा है। आजकल हम टीवी पर देखते हैं, कुछ महात्मा एलोवीरा का एडवर्टाइज़मेंट सुबह से शाम तक करते चले जाते हैं। जबकि साइंटिफिक कोई रीज़न एलोवीरा में नहीं दिखाई देता है। एक एलोवीरा के नाम पर वह हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति इकट्ठा करते हैं और ट्रस्ट के माध्यम से टैक्स नहीं देते हैं। मान्यवर, इस तरह से बढ़ने वाले शिक्षण संस्थानों के ट्रस्टों पर भी ध्यान दिया जाए। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : सर, ये अच्छी बात बोल रहे हैं, लेकिन ज़रा नाम बताइए कि वे कौन हैं, क्या जाने वाला है, सबको मालूम होना चाहिए ...(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री हुकुम सिंह) : यशवंत जी, अब आप समाप्त करें। ...(व्यवधान)

डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) : सर, आप जानते हैं। मैं यह कहना चाहता हूँ कि ऐसे एक नहीं ये बहुत हैं, ये पंजाब में फिल्म भी बना रहे हैं, इसलिए इन सब पर ध्यान दिया जाए। इस देश की प्रगति के लिए इनसे भी बराबर का टैक्स वसूला जाए। धन्यवाद।

(इति)

1519 hours

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much Mr. Chairman, Sir.

I rise to oppose the Finance Bill, 2017, presented by the hon. Finance Minister. Nowadays, the Finance Bill has become a protective umbrella to make legislations without having a detailed scrutiny in the pretext of Money Bill. The objections have already been stated and I am not going into those objections.

I am directly coming to the Finance Bill, 2017. When a uniform tax regime is going to come into effect from 1st July, 2017, the Indirect Taxation proposals do not have any significance in this Finance Bill because the Indirect Taxation proposals are coming in the GST Bill in the near future. Therefore, I am directly coming to the Income Tax proposals. I fully welcome the Government's decision to reduce the 10 per cent Income Tax rate to five per cent for those who are having income up to Rs. 5 lakh.

(e3/1520/smn/cs)

Comment: Cd by e3

Comment: n.k. premachandran continued

I also fully support the imposition of surcharge for those who are having an annual income of more than Rs. 50 lakh. But the only reservation which I would like to make in respect of income tax is instead of giving rate of tax, those who are having an income of more than Rs. 50 lakh, you are imposing a surcharge and you are not imposing a rate of tax. Why is it so Sir? It is because if you are imposing a rate of tax against the amount which is more than Rs. 50 lakh, then that will go to the divisible pool. So, the States will also get a

Secondly, there is a proposal for merging seven tribunals. I do not know the rationale behind replacing certain tribunals. For example, the TDSAT may not have the expertise to adjudicate the matters related to the pricing of airport services. Similarly, it is unclear if the NCLAT which deals with the matters related to company disputes and governance will have the expertise to deal with matters related to anti-competitive practices which are currently managed by the Competition Appellate Tribunal. Therefore, I would request the minister to explain as to why this has been done and that too at the last moment.

Another issue is regarding donation to the charitable institutions. More than 10,000 FCRA have been cancelled by the Government. Many of these NGOs belong to Christian minority. One of the main NGOs is the Compassionate Internationals which has more than 547

centres all over India and more than 1.5 lakh students, who have been sponsored by the NGOs, will now suffer because of the cancellation of FCRA. The FCRA of Catholic Bishops' Conference of India has been cancelled for small reasons. You have given the slogan of '*sab ka sath sab ka vikas'* but I think there is something behind the cancellation of this NGO. I would request you to look into the matter and not to harass all these people for small-small mistakes.

There is a provision of search and seizure. You have been giving broad, sweeping powers that too without accountability to the tax men. This provision is very dangerous in terms of the tax men who have a free will to go wherever they want without any accountability.

(q3/1615/ps-pc)

Comment: cd

Comment: Shri Vincent Pala ctd.

So, I think the Minister should look into it. There are always various restrictions on the taxman for search and seizure. So, I think suddenly giving them so much power may have problem in the future.

With these words, I conclude. Thank you very much.

(ends)

HON. CHAIRPERSON (SHRI K.H. MUNIYAPPA): Shri Rajesh Ranjan.

1615 बजे

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : महोदय, मैं वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि वे एमपीलैड्स को कंप्लीटली बंद करें। केंद्र की जितनी योजनाएं हैं, उनमें एम.पी. की रिक्मंडेशन को कंपलसरी कर दीजिए। ...(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) आपने देश में क्रांति लाने की जो यह जिम्मेदारी ली है। इस क्रांति के लिए आपने जो हिम्मत दिखाई है, वैसी ही हिम्मत आप इसमें भी दिखाइए।

महोदय, मेरा दूसरा आग्रह यह है कि आप जब तक हिन्दुस्तान में स्कूलों में कंप्लसरी कॉमन और फ्री एजुकेशन लागू नहीं करते हैं और जब तक आप बी.पी.एल. फैमलीज के गरीब परिवारों के 18 वर्ा तक के बच्चों के लिए कठोर कानून नहीं बनाते हैं कि वे मजदूरी नहीं करेंगे बल्कि स्कूल जाएंगे, तब तक आप अपनी मिड डे मील की योजना को भी बंद करिए। यह मिड डे मील गरीबी और एजुकेशन के लिए एक मजाक बन गया है। इसको भी बंद किया जाए, नहीं तो जो खाना मंत्री और एम.पी. का बेटा खाता है, उस खाने को आप वहाँ दीजिए और वहाँ एजुकेशन को कंप्लसरी कीजिए।

महोदय, गाँवों और शहरों के अस्पतालों में देश के 120 करोड़ कॉमन पीपल को लूटा जाता है। उनको जाँच घरों में लूटा जाता है। आप प्राइवेट जाँच घरों को बंद कर के पंचायत स्तर पर एक जाँच घर का निर्माण करवाइए। उसमें से आप अमीर और गरीब का मुद्दा हटा दीजिए। यदि डॉक्टर जाँच लिखना ही बंद कर देगा, तो लोगों का शोाण होना बंद हो जाएगा। किसी भी परिस्थिति में भारत सरकार द्वारा देश में पंचायत स्तर पर जाँच घरों को कंप्लसरी किया जाए।

महोदय, हम यहाँ बैठकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। आज देश में 74 फीसदी दलित लड़के और 41 फीसदी लड़कियाँ कक्षा दसवीं तक जाते-जाते बैक हो जाते हैं। 2001 की जनगणना में 23 फीसदी लोग बेरोजगार थे। 2011 की जनगणना के अनुसार 28 फीसदी लोग बेरोजगार हो गए हैं। आपको आश्चर्य होगा कि 2015-16 के आई.सी.डी.सी. शिक्षा बजट में इतनी कटौती की गई है। भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी की महत्वाकांक्षी

योजना के बारे में इकोमॉमिक टाइम्स ने यह खबर दी है कि आपने उसमें 9885 करोड़ रुपये की कटौती की है।

सर्व शिक्षा अभियान के लिए आपने 8390 करोड़ रुपये घटाकर केवल 2000 करोड़ रुपए उसके लिए आवंटित किए हैं। आपने पिछले साल इसके लिए 9175 करोड़ रुपये का बजट रखा था। आज स्वास्थ्य की स्थिति सबसे निचले 1.0 प्रतिशत के स्तर पर है। इस बार आपने इसमें 6000 करोड़ रुपया घटा दिए हैं। मैं कभी-कभी यह सोचता हूँ कि यह कितनी दुखद बात है। इस विाय पर मुझे सबसे ज्यादा आश्चर्य होता है। आज एक और बड़ा मामला हमारे सामने है।

मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि आज पूरी की पूरी अर्थव्यवस्था कॉरपोरेट घरानों के पास सिमटी हुई है। क्या उसका विकेंद्रीकरण नहीं किया जा सकता है, ताकि हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे ऊपर हो जाए। आज सारी अर्थव्यवस्था कुछ ही कॉरपोरेट घरानों के हाथों में है। आज 64 लाख करोड़ कॉरपोरेट लोन है, जिसमें से 14 लाख करोड़ रुपया बैड डैट्स में जा चुका है। आर.बी.आई. के पूर्व गवर्नर श्री रघुराम राजन ने एक स्टेटमेन्ट में कहा था कि पिछले सालों में कॉरपोरेट घरानों का 1,61,000 करोड़ रुपये का कॉरपोरेट लोन माफ किया गया है। यह रकम बैड डैट्स और नॉन पर्फॉर्मिंग ऐसेट यानी एन.पी.ए. से माफ की गई। यदि यह पैसा हमारे देश में कृाि, स्वास्थ्य और एजुकेशन पर लगा होता, तो हमारे देश का कायाकल्प हो गया होता।

(r3/1620/mm/rc)

Comment: Cd ranjan

महोदय, मैं वित्त मंत्री जी से यह भी कहना चाहूँगा कि आज देश में 13 करोड़ लोग खेती पर आधारित हैं और 17 करोड़ लोग बट्टेदार हैं। आज 40-50 करोड़ लोग दिहाड़ी मजदूर हैं। हिन्दुस्तान के मजदूर के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने सवा लाख करोड़ रुपये देने की बात कही थी। आपने आंगनवाड़ी पर ध्यान नहीं दिया, आपने आशा और ममता पर ध्यान नहीं दिया। आशा और ममता कर्मियों के मानदेय को बढ़ाया जाए। उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति सबसे बदतर है, उनकी स्थिति सुधारी जाए। सरकारी

Comment: Continued by r3.

शिक्षकों की गुणवत्ता सुधारने के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं है कि गुणवत्ता को कैसे सुधारा जाएगा। शिक्षकों के मानदेय को आप क्यों नहीं बढ़ाते हैं? जब तक आप टीचर के मानदेय को 40 हजार रुपये से 70 हजार रुपये नहीं करेंगे, वह पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं होंगे।

1621 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुईं)

जनवितरण प्रणाली के माध्यम से सबसे ज्यादा चोरी होती है। आप भी इस बात को जानते हैं। हम पीडीएस सिस्टम को कॉर्पोरेट स्थिति में कब तक ला पाएंगे?

माननीय अध्यक्ष : आप अपना भााण समाप्त कीजिए।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : मैडम, मैं एक मिनट में कनक्लूड कर दूंगा। आप हमारी संरक्षक हैं, इस पर हमें गर्व है। मेरा आग्रह है कि बिहार को विशेा पैकेज दिया जाए। आपने रोड और कृाि के लिए बिहार को कुछ नहीं दिया है, आपने आर्सेनिक और आयरन पानी के लिए बिहार को कुछ नहीं दिया है। बिहार से सबसे ज्यादा पलायन मजदूर करता है, उसको रोकने की व्यवस्था आपने नहीं की है। बिहार में स्वास्थ्य के लिए एम्स की आवश्कता है। कई बार घोाणा हुई है और मैं मानता हूं कि बिहार सरकार भारत सरकार को जमीन नहीं दे रही है। मैं चाहता हूं कि कोसी और सीमांचल क्षेत्र में एम्स की स्थापना की जाए। मेरा आग्रह है कि ग्रामीण सड़क योजना के लिए बिहार सरकार को ज्यादा पैसा देने की जरूरत है। आपने खेल के लिए कुछ नहीं दिया है।

मेरा अंतिम आग्रह है कि आप खेल को प्राथमिकता दीजिए, एजुकेशन और हेल्थ को कम्प्लसरी कीजिए। आपने कृाि को दरकिनार कर दिया है। बिहार के पास सबसे ज्यादा मैन पावर और माइंड पावर है।...(व्यवधान)

(इति)

1623 बजे

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे अरुण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत वर्ा 2017-18 के फाइनैंस बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं।

मेरा पूर्ण विश्वास है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सुशासन, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और रोजगार सृजन का नया अध्याय लिखने में यह बिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चाहे वह गरीबी उन्मूलन हो, चाहे पर्यटन क्षेत्र हो, नयी सामाजिक पहल हो, ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन की बात हो या फिर संसाधन जुटाने का प्रश्न हो अथवा प्रबंधन प्रणालियों में गुणात्मक सुधार की बात हो, इन सभी क्षेत्रों में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी ने अपनी दूरदर्शिता, नियोजन क्षमता, नेतृत्व एवं अद्भुत परिपक्वता का परिचय दिया है। यह बजट अंत्योदय के विचार को प्रतिपादित करते हुए एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर टिका है।

महोदया, मेरा मानना है कि किसी भी महत्वकांक्षी योजना के लिए एक स्पट दृ-टकोण, कार्य-योजना सृजन और क्रियान्वयन की अत्यंत आवश्यकता होती है। सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इसका बेहतर समावेश कैसे हो। इस बजट में इन चीजों को विशिट समन्वय स्थापित कर माननीय वित्त मंत्री जी ने समृद्ध राट्र निर्माण के सपनों को साकार करने की अनूठी पहल की है।

आज जब पूरा विश्व अनिश्चित्तता एवं निराशा के वातावरण में जाने को मजबूर है, भारत विश्व परिदृश्य में एक नयी आशा और उमंग के नये उत्साह का संचार करता नजर आ रहा है। विश्व के मशहूर आर्थिक विशेाज्ञों ने भारत की तुलना दैदीप्यमान केन्द्र के रूप में कर रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मूल मंत्र "सबका साथ, सबका विकास" को लेकर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने की कवायद रंग ला रही है।

Comment: Cd by s3

(s3/1625/mz-snb)

Comment: Ram Charan Bohra Cd.

माननीय अध्यक्ष महोदया जी, जहां एक ओर हम विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई सकल घरेलू उत्पाद दर पर गर्व कर सकते हैं, वहीं आर्थिक सुधारों का परिणाम है कि आज हम चीन को भी पीछे छोड़ने में सक्षम हुए हैं। महंगाई नियंत्रित करने में हमने अभूतपूर्व सफलता पाई है, गरीबों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इस बजट में पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला उद्यमियों को अपना उद्यम लगाने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है।

अध्यक्ष महोदया, जी डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम में गाँव-गाँव तक ले जाने के लिए राट्रीय डिजिटल साक्षरता अभियान की शुरुआत की गई है। इसके अगले तीन वर्षों में लगभग 6 करोड़ ग्रामीण लोगों को लाभान्वित करने की योजना है।

प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत युवाओं को रोजगार दिए जाने हेतु पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत रोजगार प्रमाणन विकास एजेंसी एवं राट्रीय बोर्ड की स्थापना की जाएगी। महोदया, इतिहास इस बात का साक्षी है कि पहली बार भारत में अविस्थापना विकास को इतना अधिक महत्व दिया गया है कि जिसमें पिछली सरकार के 10 वर्षों का कार्यकाल हमारी सरकार के लगभग 3 वर्षों के कार्यकाल के सामने फीके हैं। यह महज सहयोग नहीं, बल्कि यह हमारी सरकार के दिन-रात परिश्रम का नतीजा है कि लगभग 3 वर्षों में यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने इस बात को महसूस किया है कि समृद्ध किसान, समृद्ध भारत का आधार है। देश की प्रगति में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार ने कई कदम उठाए हैं।...(व्यवधान) हमारी सरकार ने इस अवधि में सर्वाधिक कोयले का उत्पादन किया है, सर्वाधिक बिजली उत्पादित एवं वितरित की है तथा देश में एल.ई.डी. बल्बों का वितरण कर बिजली की बचत भी की है।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात पूरी कीजिए।

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, पहली बार बोलने का मौका मिला है, मुझे दो मिनट और दे दीजिए।

महोदया, हमारे देश के करोड़ों लोगों के पास रहने के लिए अपनी छत नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने न केवल इस समस्या को गंभीरता से महसूस किया, बल्कि इसके निराकरण हेतु एक रोड मैप भी तैयार किया है। भारत में करोड़ों बेघर लोगों सिर के ऊपर छत उपलब्ध कराने के लिए एन.डी.ए. सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रारंभ की हैं। सभी के लिए आवास के क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध है।...(व्यवधान) इस योजना के अंतर्गत आगामी वर्ा 2022 तक यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शहरी ग्रामीण विकास के लिए सभी लोगों को अपना आवास उपलब्ध हो सके। आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए 1 लाख रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। मध्यम आय वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु हाउसिंग ऋणों में सरलीकरण एवं टैक्स में छूट देने की योजना इस बजट में बनाई गई है। इसी श्रंखला में राट्रीय आवास बैंक के क्षेत्र का विस्तार किए जाने की योजनाएं लाए हैं। अंत में इन्ही शब्दों के साथ मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

(इति)

1629 बजे

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे इस फाइनेंस बिल पर बोलने का मौका दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

अध्यक्ष जी, यहां पर वित्त मंत्री उपस्थित हैं, चूंकि वित्त मंत्री जी अभी रक्षा मंत्री के रूप में भी काम कर रहे हैं। इसलिए मैं रक्षा स्थायी समिति के सदस्य के रूप में मैं अपनी बात यहां पर रखना चाहूंगा। पिछले 3 साल में जब से यह सरकार आई है, वर्ा 2014-15 में जी.डी.पी. के परसेंटेज के हिसाब से डिफेंस पर आपने 2.6 प्रतिशत खर्च किया, वर्ा 2015-16 में 1.96 प्रतिशत खर्चा रहा, वर्ा 2016-17 में 1.65 प्रतिशत यह खर्चा रहा है और पिछले 30-40 साल में सबसे कम खर्चा, यदि हम जी.डी.पी. के प्रतिशत में देखें तो इस साल हम रक्षा पर कर रहे हैं। हम जी.डी.पी. के सिर्फ 1.56 प्रतिशत खर्चा कर रहे हैं। पाकिस्तान हमसे कहीं ज्यादा जी.डी.पी. के अनुपात में डिफेंस पर खर्चा कर रहा है। इसका मतलब यह है कि हमारी क्षमता होने के बावजूद भी हम खर्च नहीं कर रहे हैं।

(t3/1630/bks-ru)

Comment: Cd by t3

Comment: (Sh.Rajiv Satav cd.)

पाकिस्तान की क्षमता नहीं होने के बावजूद भी वह ज्यादा खर्चा कर रहा है। यदि हम डिफैंस की स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट देखें तो आर्मी ने 42 हजार करोड़ रुपये का कैपिटल प्रोजैक्शन किया था, उनको आपने सिर्फ 25 हजार करोड़ रुपये दिये। नेवी ने 27 हजार करोड़ रुपये का कैपिटल प्रोजैक्शन किया था, उनको आपने 18 हजार करोड़ रुपये दिये। एयरफोर्स ने 62 हजार करोड़ रुपये का कैपिटल प्रोजैक्शन किया था, उनको आपने 33 हजार करोड़ रुपये दिये हैं। इसका मतलब यह है कि 55 हजार करोड़ रुपये की कैपिटल एलोकेशन में आपने कमी की है। इसका सबसे ज्यादा असर अगर कहीं हो रहा है तो वह हमारी डिफैंस फोर्सेज के माडर्नाइजेशन पर हो रहा है। अगर आपके पास पैसा नहीं है तो मेरी सरकार से विनती है कि आपने जो सैस लगाया है, आप डिफैंस के मॉडर्नाइजेशन के लिए भी सैस लेकर आइये, हम उसका समर्थन करेंगे, लेकिन डिफैंस प्रिपेयर्डनैस में हम कहीं कम न रह जाएं, इस बारे में हमें देखने की जरूरत है।

दूसरा पाइंट मैं यहां रखना चाह रहा हूं कि महताब साहब ने एग्रीकल्चर टैक्स की बात की थी। पिछली बार फाइनैंस बिल पर जब वित्त मंत्री जी ने जवाब दिया था, तब आपने कहा था कि हम एग्रीकल्चर पर कोई टैक्स लगाना नहीं चाहते और आपने महताब जी को भी यह बताया था कि आप भी मत लगाइये। लेकिन मंत्री जी यह बात सामने आई है कि आपने एग्रीकल्चर पर टैक्स का प्रावधान किया है और वह बात ठीक नहीं है, उससे देश के हजारों, करोड़ों किसानों को तकलीफ होने वाली है।

इसके अलावा मैं कहना चाहता हूं कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन ने यहां स्टेटमैन्ट दिया था कि किसानों की कर्ज माफी नहीं होनी चाहिए। उस बात का हम खंडन करते हैं, लेकिन जिस प्रकार से एस.बी.आई. के चेयरमैन अगर इस बारे में ऐसा स्टेटमैन्ट देंगे तो यह किसानों की खिलाफत की बात है। एक तरफ आप यूपीए में कह रहे हो कि किसानों की कर्ज माफी होनी चाहिए और उसके बाद एस.बी.आई. के चेयरमैन इस प्रकार की बात करते हैं। हम कहना चाहते हैं कि यू.पी. में कर्ज माफी हो तो देश के बाकी राज्यों में कर्ज माफी क्यों नहीं होनी चाहिए। यहां यह सवाल भी उठता है कि एक तरफ बैंक कर्ज नहीं दे रहे हैं। जिस प्रकार से कर्जा मिलना चाहिए, वह कर्ज नहीं मिल रहा है। अभी भाजपा के किसी सांसद ने एम.एस.पी. बढ़ाने की बात की, परंतु आप एम.एस.पी. भी नहीं बढ़ा रहे हो। हमारे सांसद श्री नाना पटोले और अन्य लोग यहां बैठे हैं, जब यह एम.एल.ए. थे, जब आत्महत्या होती थी तो ये दफा 302 के तहत मुकदमा दर्ज करने की बात कहते थे। इस हिसाब से दफा 302 के तहत 15 हजार मुकदमे इस सरकार के खिलाफ दर्ज करने की यहां जरूरत है, ऐसा मुझे लगता है।

महोदया, आखिरी बात मैं युवाओं के बारे में सदन में रखना चाहूंगा। जब सरकार आने की बात थी, तब आपने कहा था कि दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, उस हिसाब से अभी तक छः करोड़ लोगों को रोजगार मिलना चाहिए था, लेकिन अनइम्पलायमैन्ट रेट जिस प्रकार से गिरा है, यह टोटल पांच प्रतिशत पर गया है। एस.सी. का पांच प्रतिशत बढ़ा है, एस.टी. का 4.4 प्रतिशत पर गया है, ओ.बी.सी. का 5.2 प्रतिशत पर गया है। यह सरकार का जवाब

है कि पिछले तीन सालों में अनइम्पलायमैन्ट का रेट बढ़ा है, आप लोगों को रोजगार नहीं दे पाये हो। इसीलिए ये सब बातें हम कह रहे हैं।

इसके अलावा जिस प्रकार से इनकम टैक्स के एक्ट अंडर सैक्शन 132 में सरकार बदलाव लाई है कि किसी को भी आप रेड करने की परमीशन दे रहे हो, उसमें कोई जस्टिफाइएबल कारण भी नहीं होगा। मेरे ख्याल से यह सरकार कहीं न कहीं टैक्स टैररिज्म की तरफ बढ़ने की दिशा में जा रही है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि आपको किसानों और युवाओं की तरफ ध्यान देना पड़ेगा और डिफैंस फोर्सेज का मॉडर्नाइजेशन हमारी टॉप मोस्ट प्रायोरिटी होनी चाहिए। यही बात मैं आपके सामने यहां रखना चाहता हूं और अंत में सरकार के लिए सिर्फ दो लाइनें कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा।

> ''हम मन की बात बहुत मन लगाकर सुनते हैं और पिछले तीन सालों से काम की बात का इंतजार भी करते हैं, शायद इस सरकार को काम ही याद नहीं आता, शायद वह जुमले बड़े शानदार बोलते हैं।''

धन्यवाद।

(इति)

1634 बजे

वित्त मंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा रक्षा मंत्री (श्री अरुण जेटली): माननीय अध्यक्ष जी, बजट के ऊपर चर्चा पहले समाप्त हो चुकी है, अभी फाइनेंस बिल के ऊपर चर्चा चल रही है और इसलिए जो मुद्दे बजट की चर्चा में आ चुके हैं, मैं कोशिश करूंगा कि उन्हें दोहराने का प्रयास न करूं। लेकिन कई बार कुछ चीजें बार-बार कही जाती हैं, जिसका संदर्भ स्पट रूप से समझ लेना चाहिए। अभी यहां कहा गया और महताब जी ने भी कृाि के ऊपर टैक्स लगने का विाय उठाया। मैं बताना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार का यह संवैधानिक अधिकार ही नहीं है, यह राज्यों का अधिकार है, इसलिए पिछली बार मैंने आपको सलाह दी थी कि अपनी राज्य सरकार को कहिये कि वह टैक्स न लगाये।

(u3/1635/gg-rbn)

Comment: (cd. by u3)

Comment: CONTD. BY T3

इसलिए यह भ्रम पैदा करना, जो अभी अंत में भी कहा गया कि यह केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है, यह लैजिस्लेटिव कॉम्पिटेंस में नहीं है आय कर के सैक्शन-10 में बिल्कुल स्पट है कि नहीं लगेगा। इनकम कैलकुलेटिंग परपज़िस के लिए जो एंट्रीज़ होती हैं, उसमें टोटल इनकम कैलकुलेट होगी, उसमें से कितनी एग्ज़म्प्ट होगी उसकी एक प्रक्रिया है। कृाि पर टैक्स नहीं लगता है और न लगने वाला है। ...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : सर, आप सन् 2014 से फाइनेंस बिल में यह अमेंडमेंट ले कर आए हैं। सन् 2014 से ही यह लागू हुआ है कि क्लब कर के एग्रीकल्चर इनकम और अदर इनकम, एक रेट फिक्स होती है और वह तो टैक्स ही है। ...(व्यवधान)

श्री अरुण जेटली : रेट फिक्सेशन में आता है। कृाि के ऊपर नहीं लगता है, यह स्पट रहे। यह एग्ज़ेम्प्टिड है और पार्लियामेंट लैजिस्लेटिव कॉम्पिटेंस के बाहर है। यह भी स्पट रहे। बार-बार किसी ने एक लेख लिख दिया कि इनकम टैक्स को अधिकार मिल गया कि बिना कारण बताए किसी पर रेड कर सकता है, ऐसा नहीं है। अब परिस्थिति क्या है? सैक्शन-132 (ए) यह कहता है कि किसी भी सर्च को करने से पहले, सर्च अधिकारी को जो सूचना मिलती है कि किसी व्यक्ति के पास अनडिसक्लोज़्ड इनकम है, वह सोर्स ऑफ इनफॉरमेशन क्या है,

उसकी प्राइमा-फेसी सच्चाई क्या है, क्या कारण है जिसकी वजह से उस व्यक्ति के खिलाफ सर्च होनी चाहिए। यह उस ऑर्डर में लिखना पड़ता है, पहले भी लिखना पड़ता था और आज भी लिखना पड़ेगा, यह आवश्यक है। जो सैटिसफैक्शन नोट है, वह रिकॉर्ड में लिखा जाएगा। इस सदन में एक भी सदस्य नहीं होगा, जो यह चाहेगा कि किसी प्रकार से टैक्स चोरी करने वाले की सहायता हो। लेकिन मौजूदा व्यवस्था यह थी कि कोई व्यक्ति उसको चुनौती देता था तो किसने सूचना दी और क्या सूचना दी, वह सूचना रिकॉर्ड पर लानी पड़ती थी, उसकी कॉपी, जिसके खिलाफ सर्च हुई, उसको देनी पड़ती थी, जितने सोर्सेज़ ऑफ इनफॉर्मेशन थे, वे ड्राइ-अप करने लगे। कोई भी अगर सूचना देगा तो वह डरता था कि मेरी कंपनी का मालिक अगर टैक्स की चोरी करता है तो मैं उसके खिलाफ जानकारी दूंगा तो कल को मेरा नाम के साथ उसी मालिक को सैटिसफैक्शन नोट की कॉपी दी जाएगी। संशोधन केवल यह हुआ है कि अदालत या कोर्ट चाहे उस कागज़ को देख सकती है, किसी अन्य व्यक्ति को उस कागज़ को देना आवश्यक नहीं है। इस बात की बार-बार दुहाई दी जा रही है कि इतना बड़ा अन्याय हो गया कि जिसके खिलाफ सर्च हो रहा है, उसको आप कागज़ नहीं देंगे। जिसके खिलाफ सर्च हो रहा है, उसको हम पहले बताएं कि तुम्हारे खिलाफ यह खबर किसने दी थी, तुम्हारे किस कर्मचारी ने दी थी तो इसके साथ तो टैक्स विभाग की व्यवस्था चल नहीं सकती है। इसलिए बार-बार यह कहना, क्योंकि एक कॉलमिस्ट ने लिख दिया कि यह तो अनडिक्लेयर्ड इमरजेंसी हो गई, यह केवल प्रत्यक्ष रूप से टैक्स चोरी करने वाले व्यक्ति की सहायता करने का एक तर्क था और उसको हम बार-बार दोहराते रहें कि बड़ा अन्याय हो रहा है कि देखिए, जिसके खिलाफ जांच हो रही है, उसको यह नहीं बताया जाएगा कि तुम्हारे खिलाफ जानकारी किसने दी, इसलिए यह आर्टिकल-132(ए) के अमेंडमेंट का केवल इतना अभिप्राय है। इसलिए इन वियों को ले कर कभी न कभी कोई भ्रांति नहीं होनी चाहिए। दीपेंद्र हुड्डा जी ने चर्चा का आरंभ किया था। उन्होंने यह कहा कि प्रधान मंत्री जी ने डीमॉनिटाइज़ेशन का इनिशेटिव लिया, तो शायद केवल देश में टैक्स कलैक्शन कम हो गई,

छह प्रतिशत बढ़ी। वे आंकड़ा दे रहे थे। मैंने भी किसी मीडिया ऑर्गनाइज़ेशन में इस तरह का विशलेाण पढ़ा था। पिछले दो वार्ों से टैक्स बॉएंसी सुधरी है।

Comment: CONTD. BY W3

(w3/1640/cs-spr)

Comment: Arun jetli contd.

जैसे ही विकास दर बढ़ती है तो वह बढ़ती है। मौजूदा वा 31 मार्च को समाप्त होगा। इस वा अपेक्षा यह थी, जब पिछले साल का बजट पेश किया गया था कि 16 लाख 25 हजार करोड़ रुपया टैक्स (डायरेक्ट और इनडायरेक्ट) केन्द्र सरकार इकट्ठा करेगी। हम लोगों ने उस टारगेट को रिवाइज किया और 16 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के स्थान पर रिवाइज्ड टारगेट को 17 लाख करोड़ रुपये कर दिया। अभी वा का अन्त आना है, क्योंकि 31 तारीख तक इनडायरेक्ट टैक्सेज आते रहते हैं और इस वक्त जो आँकलन है, कि उस रिवाइज्ड टारगेट को भी हम लोग अचीव करेंगे, जो कि एक रिकॉर्ड टारगेट है। इसलिए टैक्स कलेक्शन धीमा हुआ, कहीं अगर यह गलत खबर पढ़ ली, यह गलत भ्रान्ति जो हुड्डा जी के मन में 6 परसेंट की थी, वह नहीं होनी चाहिए।

अगले वा में जिसके लिए बजट पेश किया गया था और जिसमें फाइनेंस बिल में जो प्रावधान किये गये हैं, हम 19 लाख पाँच हजार करोड़ रुपये का टारगेट तय कर रहे हैं। हुड्डा जी ने कहा कि इनडायरेक्ट टैक्सेज, क्योंकि गरीब और अमीर को बराबर देने पड़ते हैं, वे कम होने चाहिए, वे बढ़ते जा रहे हैं। डायरेक्ट टैक्सेज उसे देने पड़ते हैं, जिसकी आमदनी ज्यादा होती है। इसे भी हम लोगों ने मद्देनजर रखा और आने वाले वा में हमारा जो टारगेट है, कि 9.8 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन है और 9.25 लाख करोड़ रुपये इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन है। यह आने वाला वा जो होगा, वह अपने आप में एक परिवर्तन का वा भी इसलिए टैक्स कलेक्शन की दृटि से होगा, क्योंकि इनडायरेक्ट (अप्रत्यक्ष) टैक्सेज की जो व्यवस्था है, हम अपेक्षा करते हैं कि पहली जुलाई से उसमें एक बड़ा परिवर्तन आयेगा।

मैं इसमें माननीय सदस्यों को बतला दूँ कि हम लोगों ने पिछले वा जीएसटी का संविधान संशोधन दोनों सदनों ने पारित किया था। वह संविधान संशोधन सर्वसम्मति से दोनों

सदनों ने पारित किया था। हर एक राजनीतिक दल ने उसमें सहयोग दिया था और उसका समर्थन किया था। उसके पश्चात जीएसटी के संविधान संशोधन के तहत एक जीएसटी काउन्सिल का गठन हुआ। उस जीएसटी काउन्सिल में केन्द्र के मंत्री भी रहते हैं, हर राज्य के मंत्री भी रहते हैं और दो ऐसे यूनियन टेरिटोरी जिसमें असेम्बली है दिल्ली और पुडुचेरी, उनके वित्त मंत्री भी उसके सदस्य हैं। इनडायरेक्ट टैक्सेशन का जो अधिकार है, उस संविधान संशोधन में हमने उस जीएसटी काउन्सिल को दे दिया है। उसी कानून को राज्य सरकारों ने भी पारित किया और एक बहुत बड़ा परिवर्तन केन्द्र और राज्यों ने मिलकर उसका किया था। अभी तक लगभग 12 मीटिंग्स जीएसटी काउन्सिल की हो चुकी हैं और जितने भी विवादित मुद्दे हैं, जिनके ऊपर काउन्सिल को निर्णय लेना था, लगभग उन सबके ऊपर कन्सेन्सस या सर्वसम्मति से जीएसटी काउन्सिल ने निर्णय किया है। क्योंकि पहली बार काउन्सिल का गठन हुआ और फेडरल पॉलिटिक्स में एक प्रकार से कहें, this is India's first federal institution where collective decision making takes place. माननीय प्रधान मंत्री जी का भी यह मार्गदर्शन यह था कि पूरा प्रयास यह रहे कि वोटिंग के माध्यम से हम निर्णय न करें। वोटिंग के माध्यम से चाहते तो निर्णय सम्भव था, लेकिन एक के बाद एक चर्चा, लम्बी चर्चा, चर्चा के बाद परिवर्तन, परिवर्तन के बाद आम राय और उसके बाद सर्वसम्मति और एक प्रकार से चर्चा के माध्यम से लोकतान्त्रिक फैसला हो जाये, तो it was an exemplary exercise in deliberative democracy and federalism in action, कि सभी निर्णय लगभग सर्वसम्मति से अभी तक जीएसटी काउन्सिल ने किये हैं।

Comment: Fd. By x3

(x3/1645/rv-ksp)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : क्या तमिलनाडु और वेस्ट बंगाल ने मिलकर लिया?

श्री अरुण जेटली : सब ने मिलकर किया।

तमिलनाडु के माननीय सदस्य यहां नहीं हैं। तमिलनाडु सरकार एकमात्र सरकार थी, जिन्हें रिज़र्वेशंस थीं। लेकिन, जब संविधान संशोधन लागू हो गया और वह सारे देश पर लागू होता है, तो तमिलनाडु सरकार का भी उसमें बहुत एक्टिव और पॉजीटिव पार्टीसिपेशन रहा

और उन्होंने सुझाव दिए। किसी भी स्टेज पर, चाहे वह वेस्ट बंगाल था या तमिलनाडु राज्य था, किसी भी राज्य ने, निर्णय रोके जाएं, इसका प्रयास नहीं किया। खड़गे जी का जो राज्य है कर्नाटक, उसकी तो बहुत ही पॉजीटिव भूमिका रही।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : यह बिल तो हमारा बिल है। हम पहले से ही इस पर पॉजीटिव हैं।

श्री अरुण जेटली : उसमें जितने निर्णय थे, उसमें पांच कानून काउंसिल को बनाने हैं। संविधान संशोधन के तहत उनमें से चार कानून ऐसे होंगे, जिन्हें संसद को पारित करना है और एक कानून ऐसा होगा, जिसे सभी विधानसभाओं को पारित करना पड़ेगा। उन पांचों कानूनों को जी.एस.टी. काउंसिल ने सर्वसम्मति से पारित कर दिए हैं और कुछ ही दिनों में संसद के समक्ष उन चारों कानूनों को हम लोग लाने वाले हैं। एक पांचवां कानून होगा, जिसमें एक्साइज़ और कस्टम्स एक्ट में भी संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी, जिसे हम लोग उसी के साथ संसद में लाएंगे।

संविधान संशोधन के तहत जी.एस.टी. इम्प्लीमेंटेशन की जो अंतिम तारीख है, वह 15 सितम्बर है, लेकिन काउंसिल का निर्णय यह है कि हम लोग पूरा प्रयास कर रहे हैं कि पहली जुलाई से यह लागू हो जाए।

डिमॉनेटाइजेशन के संबंध में बार-बार ज़िक्र आता है। डिमॉनेटाइजेशन का निर्णय सरकार ने किया और उस निर्णय पर जो जनता का राजनीतिक फैसला था, वह तो आप लोगों के समक्ष आ चुका है। लेकिन, आप एक चीज़ स्पट रूप से समझ लें कि डिमॉनेटाइजेशन का क्या लाभ हुआ। जो भी पैसे के साथ जुड़ी हुई एक प्रकार की एनॉनिमिटी और गुमनामी थी और यह व्यवस्था थी कि सिर्फ कैश में ही ट्रांजैक्ट करना है, उस व्यवस्था को बहुत बड़ी चोट लगी है। पूरे देश की अर्थव्यवस्था के ऊपर उसका असर पड़ने वाला है। अब तरह-तरह के तर्क दिए जाते हैं कि क्या भ्रटाचार समाप्त हो जाएगा? टेरेरिज्म कम हुआ, लेकिन क्या यह बिल्कुल समाप्त हो जाएगा? क्या आगे से ब्लैक मनी नहीं होगी? इसके ऊपर पूरे विश्व के अंदर सैद्धांतिक तौर पर पहले शोध हुए हैं। अब मुझे पूरा

विश्वास है कि अगले पांच-सात सालों में भारत के अनुभव के ऊपर खूब शोध होंगे और लेख लिखे जाएंगे। Crime does not end. But is cash a great incentiviser in crime? Does it incentivise crime? पूरी दुनिया में जो शोध हुए हैं, उसके संबंध में बार-बार यह कहा गया कि अगर किसी अर्थव्यवस्था में कैश ज्यादा आ जाए तो उसके माध्यम से टैक्स इवेज़न अधिक होता है, क्राइम उसके माध्यम से फैसिलिटेट होता है और जैसे ही भारत के अन्दर रिमॉनेटाइजेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ी और लगभग समाप्त-सी हुई है। पूरे विश्व में जितने लोग अधिकृत रूप से लिखते हैं, उन्होंने इसके ऊपर टिप्पणियां करनी शुरू कर दी हैं। मैं केवल एक छोटी-सी टिप्पणी के बारे में कहूंगा। इकोनॉमिक अफेयर्स पर शायद वे दुनिया के सबसे बड़े सेलिब्रेटेड राइटर्स हैं। दुनिया के सबसे प्रसिद्ध इकोनॉमिक अख़बार 'फाइनैंशियल टाइम्स' में वे हर सप्ताह लिखते हैं, उनका नाम है मार्टिन वूल्फ। उन्होंने अभी दो-तीन सप्ताह पहले भारत के डिमॉनेटाइजेशन के ऊपर अपना विश्लेाण दिया और शायद इनसे ज्यादा प्रतिठित नाम इकोनॉमिक्स अफेयर्स पर लिखने वाले दुनिया में बहुत कम है।

(y3/1650/my/kkd)

Comment: श्री जरूण जेटली जारी

Sir, Martin Wolf writes: "India's bold experiment with cash" उन्होंने आर्थिक तथ्यों के साथ इसको एनालाइस किया है। He says:

> "The short-run costs are evident. (छोटे अवधि काल में इसकी क्या कीमत देनी पड़ेगी, वह भी स्पट है।) As the Economic Survey puts it laconically, these costs have taken the form of "inconvenience and hardship", especially for those in the "informal and cash-intensive sectors of the economy". Since hundreds of millions of Indians are very poor, this cannot be trivialised. "

इसके बाद वे पूरे विश्लेाण में जाते हैं।...(व्यवधान) मैं पहले आपको सेटिसफाई कर दूं, क्योंकि कैश का क्या-क्या कंशिक्वेंशेस हैं, आपके राज्य में भी लोग इसको भुगत रहे हैं।

Martin Wolf further says:

"In analyzing short-run costs, the analysis emphasizes three shocks: to aggregate demand, due to the decline in cash and the permanent loss of wealth for those who chose not to declare their cash holdings; to aggregate supply, due to the role of cash as an input into production. "

वे पूरा एनालाइस करते हैं। **He** further says:

Yet even in the short run, there will also be benefits. The analysis suggests that as much as two per cent of GDP was held in notes reflecting black economic activities. Some of this ill-gotten wealth will have vanished and some will have been taxed. This is so because the holders had to declare unaccounted wealth and pay penal taxes, lose it, or launder it. Overall, the policy allowed the government to tax black money, at least as a one-off and possibly permanently, given the enhanced risks of holding cash. Overall, there is a transfer of wealth from criminals to the Government. It is hard to be sorry for these victims."

इतनी कड़वी भाा मार्टिन वुल्फ जैसा व्यक्ति इस्तेमाल करता है। He further says:

"A significant result might be increased "digitalization" of finance, though this would require complementary reforms, notably ones that make it easy for Indians without smart phones to make digital payments. Another would be effective taxation. Against all this must be set the recklessness of the action. What might a Government that dares to do this not dare? "… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Madam, a lawyer always quotes the rulings, which are in his favour… (*Interruptions*)

अपने आर्ग्युमेंट के लिए जो रूलिंग फेवरेबल होता है, वही कोट करता हूं, लेकिन कुछ ऐसे इकोनॉमिस्ट हैं, जिन्होंने कोट किया तथा जिसको हमने यहां पर कहा, उसको भी आप बोलिये। लॉयर्स उस रूलिंग को कभी नहीं देते हैं, अपनी आर्ग्युमेंट्स के लिए जो

फेवरेबल होता है, उसको देते हैं, बाकि हम लोग जो आठ-नौ कोट करके दिए हैं, उसको तो आपने डिनाए कर दिया।

श्री अरुण जेटली : श्री खड़गे जी, बेहतर होता कि इस तर्क को आप कंट्राडिक्ट करते, क्योंकि वजन तर्क में होता है। वे आखिरी तर्क क्या देते है?

Comment: cd by

Comment: श्री जेटली जारी

(z3/1655/cp/rp)

It is often hard to draw the line between decisive leaders who take unpopular decisions for the benefit of their country and those who make arbitrary decisions for the benefit of themselves.

विश्व का जो सबसे सेलिब्रेटेड कॉलमिस्ट है, वह कहता है कि दो तरह के नेता होते हैं। एक वह होता है, जो देश की खातिर कठोर निर्णय लेता है और दूसरा ऐसे निर्णय लेता है, जिससे उसको स्वयं को लाभ हो। यह लिखने के बाद वे कहते हैं - Historians may judge the shock of demonetisation as an example of the former. That is still uncertain. Let us see what Mr Modi dares to do next. ...(व्यवधान) आज तक मुझे समझ में नहीं आया कि आज के युग में जब पूरी दुनिया डिजिटाइज्ड इकॉनामी की तरफ जा रही है, पूरी दुनिया टैक्स हैवेन्स के खिलाफ है, पूरी दुनिया टैक्स इवैजन के सम्बन्ध में अंतर्राट्रीय सहयोग बढ़े, यह प्रयास कर रही है। इनफार्मल इकॉनामी, पैरलल इकॉनामी, शैडो इकॉनामी समाप्त हो और फार्मल इकॉनामी बढ़े, उस दिशा में जा रही है, उस परिस्थिति में कोई राजनीतिक दल, कैश इकॉनामी के गुण क्या हैं, वर्च्यूज ऑफ कैश इकॉनामी, उसके आधार के ऊपर राजनीतिक तर्क बना लेते हैं। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record.

...(Interruptions)... (Not recorded)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी, बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री अरुण जेटली : अध्यक्ष जी, मुझे लगता है कि आपका तर्क जो लोग बनाते हैं, उन सलाहकारों को भी अब बदलने की आवश्यकता है। देश की अर्थव्यवस्था, जीडीपी 2 पर्सेंट गिर जाएगी, 7 महीने तक वैकल्पिक करेंसी नहीं छपेगी, 10 वर्ा तक जिन लोगों के हाथ में इस देश का आर्थिक संचालन रहा, यही पाठ उन लोगों ने आपको पढ़ाया था और उसके आधार पर आपने अपनी पोजीशन तय की और असर देख लिया कि जो परम्परागत वोट आपके साथ जुड़ता था, उसने भी आपकी इस नीति को अस्वीकार कर दिया।

डीमोनेटाइजेशन में कितना कैश आएगा, पहले रिजर्व बैंक इसका एक एस्टीमेट देता था। आज एक-एक रुपया करेंसी का वे गिन रहे हैं। उसमें से फेक करेंसी को वे अलग करेंगे। जब उनके पास उसका पूरा एक्युरेट आंकड़ा आएगा, तो उन्होंने कहा है कि वे उसे रिलीज करेंगे। ...(व्यवधान) आज आप व्यवस्था देखिए। कुछ लोगों को गलतफहमी थी कि इस देश के अंदर क्या कार्रवाई करेंगे। मैंने पिछली बार बजट के दौरान पूरी सूची बतायी थी कि ब्लैक मनी के खिलाफ इस सरकार ने क्या-क्या कार्रवाई की है, मैं उसको नहीं दोहराऊंगा।

अभी रीमोनेटाइजेशन की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जितनी डेटा माइनिंग सीबीडीटी और टैक्सेशन विभाग ने की है, उसके पहले विश्लेाण में कोई छोटे नहीं, 2-3 लाख रुपये वाले नहीं, जिन्होंने बड़ी-बड़ी राशि जमा करायी हैं और जो उनकी इन्कम प्रोफाइल के साथ मेल नहीं खाते हैं, प्रिलिमिनरी जांच में उनके पास इस छोटी सी अवधि काल में 18 लाख ऐसे नाम आ गए। इन 18 लाख को ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से, कोई टैक्स का नोटिस नहीं कि यह जानकारी में है कि आपने इतना पैसा जमा कराया है, जो कि आपकी आमदनी के साथ मेल नहीं कर रहा है, इसके बारे में आप जो जानकारी देना चाहते हैं, वह दीजिए।

Comment: cont by a4

Comment: Shri Jaitley cd

(a4/1700/nsh-smn)

18 लाख में से लगभग 8 लाख 71 हजार लोगों ने उसका जवाब भी दिया है, अपनी एक्सप्लेनेशन्स दे रहे हैं। जिन्होंने नहीं दिया, उनके खिलाफ इनकम टैक्स एक्ट में जांच करने

की जो कार्यवाही है, वह होगी। स्वाभाविक है कि इस देश का टैक्स का जो पूरा नैट है, जो लोग आज तक उससे बाहर जीवित रहते थे ...(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Two-thirds of them have not responded to that.

श्री अरुण जेटली : जिन्होंने रिस्पांड नहीं किया, उनके खिलाफ निश्चित रूप से विभाग कार्रवाई करेगा। महताब जी, आप इसका अर्थ समझिए। हर सदस्य चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल का हो, देश के किसानों के लिए, मनरेगा, सिंचाई के लिए, राज्यों को पैसा देना है। डिफैंस के लिए भी कहा गया कि ज्यादा खर्च कीजिए, एक चिन्ता व्यक्त करता है। सरकार की ज्यादा खर्च करने की क्षमता कैसे बनेगी। सरकार के राजस्व का एक ही तरीका है। If we remain a largely tax non-compliant society and if a campaign is launched against every effort which is there to improve upon that standard … (*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): I have not said that.

SHRI ARUN JAITLEY: You may not be saying. Your party was supportive of the demonetization measures. I acknowledge that.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): But today, he opposed it.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): I have asked some specific questions. Today is the 81st day since the demonetization return of old currencies has stopped. How much money has actually come in?

SHRI ARUN JAITLEY: I have already told you. The Reserve Bank will inform … (*Interruptions*)

Kharge Ji, he is disowning you.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यहां हर सदस्य की बात का जवाब नहीं होता।

...(व्यवधान)

श्री अरुण जेटली : अगर देश का साधन बढ़ाना है, तो जो लोग टैक्स नहीं दे रहे हैं, आपने कहा कि दो-तिहाई ने जवाब नहीं दिया, तो स्वाभाविक है कार्यवाही होगी। देश की सुरक्षा, देश के सैनिक, देश की आर्मी प्रिप्येर्डनैस, देश का किसान, देश का ग्रामीण क्षेत्र, यह सारा पैसा उसके लिए खर्च होना है। इसीलिए मार्टिन वूल्फ ने यह कहा कि जो व्यक्ति टैक्स की चोरी कर रहा है, वह देश के हित के पैसे की चोरी कर रहा है। कोई भी राजनीतिक दल अपने आपको इस परिस्थिति में डाल ले कि एक प्रकार से टैक्स इवेजन अपने आप में वरच्यू बन जाए, इसे कोई भी समाज स्वीकार नहीं कर सकता। इसलिए मैं मानता हूं कि सरकार का उद्देश्य था कि इस पैसे की गुमनामी को समाप्त करना। यह पैसा बैंकों में पहुंचे और उसके बाद एक व्यवस्था बढ़े जिससे डिजिटाइजेशन, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और बैंकों की क्षमता बढ़े। देश अब उस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

हमने इस फाइनैंस बिल के माध्यम से जो परिवर्तन लाने की कोशिश की, यह कहा गया कि इस देश के अंदर एमएसएमई सैक्टर को ताकत देने की जरूरत है। 50 करोड़ रुपये तक की जितनी भी कम्पनीज़ हैं, हमने बहुत बड़ा कदम उठाया और कहा कि उनका टैक्सेशन 5 प्रतिशत कम होगा, 25 प्रतिशत कर दिया। देश की लगभग 96 फीसदी कम्पनीज़ जिसमें छोटी, मिडल साइज़ कम्पनीज़ कवर्ड हुई हैं, इससे प्रोत्साहित होकर जो लोग इन्फार्मल सैक्टर में काम करते हैं, अगर इसका लाभ उठाना चाहेंगे तो वे भी अपने आप को कॉरपोरेटाइज़ करेंगे, बैलैंस शीट्स बनाएंगे, अपने ट्रांसपेरैंट एकाउंटिंग सिस्टम बनाएंगे जो देश की अर्थव्यवस्था के हित में जाता है। व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे टैक्स नैट में आएं। इसके लिए छोटे टैक्सपेयर के लिए कम टैक्स हो ताकि वह टैक्स नैट में आए, इस बार हमने इसके लिए भी प्रयास किया है। इसलिए 10 प्रतिशत का 5 लाख रुपये तक का जो लोएस्ट स्लैब था, ढाई लाख रुपये तक टैक्स नहीं, ढाई हजार रुपये की छूट है, इसका मतलब 3 लाख रुपये तक टैक्स नहीं है।

Comment: Cd by b4

(b4/1705/nk-mmn)

Comment: Cd Arun Jaitely

वृद्ध और अतिवृद्ध लोगों के लिए यह सीमा और अधिक है, उसके बाद उन लोंगों के लिए जिन्हें टैक्स देना पड़ेगा, उसे भी 10 परसेंट से 5 परसेंट कर दिया यानी आधा कर दिया, उसके लिए भी हम लोगों ने प्रयास किया है। अफोर्डेबल हाउसिंग में पहले जो बिल्ट अप एरिया केलकुलेट होता था, उसे कारपेट एरिया कर दिया, जिसका प्रयास यह है कि दो बेड रूम का घर भी एर्फोडेबल हाऊसिंग में गिना जाए, इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टेटस मिल गया। कम्पलीशन की अवधि तीन से पांच वर्ा कर दी, लॉंग टर्म कैपिटल गेन केलकुलेट करना, 36 महीने के स्थान पर 24 महीने कर दिया।

अभी आंध्र प्रदेश के माननीय सदस्य कह रहे थे क्योंकि आंध्र प्रदेश के अमरावती के किसानों ने एक उदाहरण सेट किया उन्होंने बिना लैंड एक्विजिशन किए लैंड पूलिंग के माध्यम से अपनी जमीन कैपिटल बनाने के लिए दे दी। लैंड एक्विजिशन एक्ट में कैपिटल गेन का एडवान्टेज मिलता है, यह लैंड पूलिंग पर मिले, हमने उन किसानों के लिए निर्णय लिया। डिजिटल इकोनॉमी प्रोत्साहित हो और कैश डिस्करेज हो। मैंने बजट में प्रस्तावना की थी कि 3 लाख से ज्यादा का कैश ट्रांजैक्शन नहीं हो सकता, उसको अब संशोधन के माध्यम से 2 लाख रुपये कर रहे हैं।

इलेक्टोरल फंडिग के संबंध कहा गया, इलेक्टोरल फंडिग क्लीन और ट्रांसपरेंट तरीके से हो, इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया। वह चेक के माध्यम से हो, डिजिटल डोनेशन के माध्यम से हो, कैश डोनेशन केवल 2000 रुपये तक हो, इलेक्ट्रोरल बांड हो जो स्कीम के माध्यम से आएगा। मैं विशेा रूप से माननीय खड़गे जी से आग्रह करूंगा कि यह केवल एक पार्टी का विाय नहीं है। हम लोग जो भी स्कीम बनाएंगे, हम चाहेंगे कि जिसके भी सुझाव हों, चूंकि आप बड़ी पार्टी हैं इसलिए आप सुझाव औपचारिक रूप से भी दें तो स्कीम को बनाते समय हम उसे मद्देनजर रखना चाहेंगे। इलेक्टोरोल फंडिग एक ऐसा विाय है जो सभी राजनीतिक दलों से संबंध रखता है। सभी राजनीतिक दल सिस्टम को क्लीन करने के लिए अपने सुझाव दें, यह अपने आप में आवश्यक होगा। व्यापारियों और प्रोफेशनल्स, जिस

व्यापारी की टर्नओवर दो करोड़ रुपये है, उसको बुक्स ऑफ एकाउन्ट मेन्टेंन न करनी पड़े, अगर वह कैश में काम करता है तो उसकी इनकम 8 परसेंट मानी जाएगी, अगर चेक से काम करता है तो उसकी इनकम 6 परसेंट मानी जाएगी, इसमें प्रिजेम्पिटव टैक्स की व्यवस्था की गई है। जिन प्रोफेशन्लस की आमदनी 50 लाख रुपये की है, उनका 50 परसेंट खर्च और 50 परसेंट इनकम का नियम बनाया है ताकि इन लोगों को बुक्स ऑफ एकाउन्ट मेन्टेन करने से मुक्त किया जा सके। जो अमेंडेंट्स आई हैं, वह मूल अमेंडमेंट्स है। आज लगभग 40 ट्राइब्यूनल्स हैं जिसमें जज हेड होते हैं और सदस्य होते हैं, उसे हमने मर्ज किया है। उनकी कॉमन सर्विस कन्डीशन बना दी है ताकि सरकारी खजाने के ऊपर इसका बोझ कम हो और एफिशिएंसी बढ़े। आधार के संबंध में कहा गया कि इसे टैक्स के साथ मैनडेटरी क्यों किया गया? एक-एक व्यक्ति ने पांच-पांच पैन कार्ड बनाए हुए हैं। आपके पास दो पैन कार्ड होंगे क्योंकि उसके दो एन्टिटी होंगे। इस तरह के भी केसेज हैं जहां पांच-पांच पैन कार्ड बनाये हुए हैं।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : अध्यक्ष महोदया, अगर मैं आधार न बनाऊ तो दोनों पैन कार्ड बेकार हो जाएंगे I am being forced. सुप्रीम कोर्ट ने वर्ा 2015 से अभी तक अपना निर्णय नहीं दिया है। So you are forcing the citizen.

SHRI ARUN JAITLEY: Yes, we are.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): You are forcing the citizen of this country to have Aadhaar which is still being disputed in the Supreme Court. That is the point of concern.

(c4/1710/rjs-san)

श्री अरुण जेटली : अगर एक व्यक्ति पांच-पांच पैन कार्ड बना ले और उसको टैक्स इवेजन के लिए इस्तेमाल करे इसलिए उसके लिए आधार जरूरी माना है। इस देश में 98 परसेंट एडल्ट्स के पास आधार कार्ड हैं। आज 108 करोड़ से ज्यादा आधार कार्ड इश्यू हो चुके हैं।

Comment: Minister-cd

Comment: cd

जिस व्यक्ति के पास आधार कार्ड नहीं है, उसका पैन बेकार नहीं होगा। इसी में प्रावधान किया गया है कि वह अपना आधार नम्बर दे दे या यह कह दे कि मैंने उसके लिए एप्लाई किया हुआ है। अगर कोई जिद्द ठान ले कि मैं आधार कार्ड नहीं लूंगा और पांच-पांच पैन कार्ड बनाऊंगा, फिर टैक्स चोरी करूंगा, तो उस रास्ते की अनुमति हम नहीं देने वाले हैं। ...(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Aadhaar is a benefit provided by the Government. सरकार जो बेनिफिट देना चाहती है, वह आधार के जरिये लोगों के पास पहुंचे। लोग इनकम टैक्स अपने आप सरकार को दे रहे हैं। इनकम के ऊपर जो टैक्स आता है, वह सरकार को दे रहे हैं। आप उसमें आधार को जोड़ने की बात कह रहे हैं। अगर कोई धांधली कर रहा है, तो उसके खिलाफ आप कार्रवाई कीजिए, लेकिन पैन को डाउटफुल बनाकर आधार को उसमें जोड़ना ठीक नहीं लग रहा है।

श्री अरुण जेटली : यूनीक आइडेंटिटी की कल्पना यूपीए के जमाने में आयी। उसका एक स्वाभाविक लाभ हम लोगों ने भी स्वीकार किया और सरकार बनने के बाद औपचारिक रूप से हमने उसे स्वीकार किया। यह दूसरी बात है कि आपकी पार्टी उससे थोड़ा डिस्टेंस करने लग गयी। अगर वह टेक्नोलॉजी, जो केवल इस देश में उपलब्ध है और जिसका इतना बड़ा नेटवर्क है कि 108 करोड़ लोग उसे ले चुके हैं, इसमें 98 परसेंट एडल्ट पापुलेशन का कवर हो चुका है, लगभग हर टैक्स पेइंग हाउसहोल्ड उसमें इन्वाल्ड है। वह अपनी रिटर्न के साथ आधार नम्बर देगा, तो स्पट आ जायेगा कि यह व्यक्ति फर्जी नाम से नहीं दे रहा, क्योंकि उसके बायोमीट्रिक्स आयेंगे। कोई दूसरा, तीसरा या चौथा रिटर्न फाइल नहीं करता। ऐसे उदाहरण आये हैं कि पांच-पांच पैन कार्ड एक व्यक्ति बना लेता है। इस प्रकार के फ्रॉड की गुंजाइश इससे कम होती है, तो उसमें किसी को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। इससे टैक्स इवेशन अपने आप कम होगा और टैक्स फ्रॉड्स अपने आप में कम होंगे। ...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : जिन लोगों ने पांच-पांच पैन काड्र्स बनाये हैं, वह धांधली की गयी है और गलत तरीके से बनाये गये हैं। आपके पूरे तंत्र में अगर पैन कार्ड जाली बनता

है और उसके खिलाफ अरेंजमैंट करने में आपको परेशानी है, तो फिर आधार कार्ड का भी गलत प्रयोग हो सकता है। जो साइंटिफिक तकनीक है, उसकी आप जांच करेंगे, but the concept behind UID was unique. आपको पच्चीस किस्म के काड्र्स, जैसे पैन कार्ड, वोटर आई कार्ड आदि की जरूरत नहीं थी। आप एक ही नम्बर से यूनीक आधार करते। लेकिन वह नहीं हो रहा। यूआईडी मतलब आप यूनीक आइडेंटिटी नम्बर दीजिए और सब काम के लिए उसका प्रयोग कीजिए।

श्री अरुण जेटली : सलीम साहब, आपका सुझाव सच में ठीक है। एक स्टेज आ सकती है कि यूनीक आइडेंटिटी अपने आप में एकमात्र कार्ड हो जाये। दुनिया के देशों में ऐसी स्थिति है। सोशल सिक्योरिटी नम्बर अमेरिका में होता है। इसका काउंटर पार्ट है आधार कार्ड में मिसयूज होना, क्योंकि उसमें बायोमीट्रिक डिटेल्स हैं, आपका अंगूठा है, आंखें हैं, इसलिए उस टेक्नोलॉजी की वजह से इसकी संभावना बहुत कम हो जाती है। जब इस देश को जो लोग टेक्नोलॉजी के बेसिस पर सुझाव दे रहे थे, जिन्होंने इस टेक्नोलॉजी को डेवलप किया है, उन्होंने इतना बड़ा तंत्र इस देश के हाथ में दिया है। टैक्स इवेशन और फ्रॉड को रोकने के लिए उसका प्रयोग किया जाये, इसे लेकर हाहाकार होने की गुंजाइश कहां है? यह एंटी इवैशन मीज़र है और देश के हित में मीज़र है, इसलिए सरकार इस मीज़र को लागू करने के लिए अपने आप में ठीक मानती है।

अध्यक्ष जी, यही विाय इस फाइनेंस बिल में हैं। बाकी विाय बजट की डीबेट में आ चुके हैं, इसलिए मैं उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं समझता। मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अवसर दिया।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : अध्यक्ष महोदया, मंत्री जी ने बहुत दीर्घ उत्तर दिया, लेकिन आपने बार-बार मार्टिन बुल, जिन्होंने इकोनॉमिक्स के बारे में लिखा था, उसका उल्लेख करके आपने डिफेंस लिया। लेकिन दूसरे लोगों ने भी डिमॉनेटाइजेशन के डीमैरिट्स के बारे में लिखा है। इस बारे में आप चिंता व्यक्त नहीं कर रहे हैं। लेकिन हमने यहां पर कहा कि किसानों, मजदूरों, अनआर्गनाइज्ड वर्कर्स, कंस्ट्रक्शन वर्कर्स और छोटे-मोटे व्यापारियों को

इससे नुकसान हुआ है और यह एक इकोनॉमिस्ट ने नहीं कहा, बल्कि भारत के हर पेपर में लिखा गया है।

Comment: Cd by d4

Comment: Shri Kharge cd.

(d4/1715/rps-ak)

रीसेंटली ऑस्ट्रेलिया के एक इकोनोमिस्ट ने इसके बारे में लिखा है, एक अन्य इकोनोमिस्ट हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हैं। जैसे आप क्वोट कर रहे हैं, मैं भी दस-पन्द्रह नाम क्वोट कर सकता हूं।...(व्यवधान) जब प्रधानमंत्री जी आते हैं तो आपको जोश कुछ ज्यादा होता है। वह नहीं रहते हैं, तब ऐसा नहीं होता है। ...(व्यवधान)

मैडम, मेरा कहना है कि जो गलत चीज है, आप बार-बार उसका समर्थन मत कीजिए। ऐसा होता है कि खाया, न पिया, गिलास तोड़ा बारह आने का।...(व्यवधान) डिमॉनेटाइजेशन से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। आपने इसे एक प्रेस्टिज इश्यू बना लिया है और इसके लिए आप हर चीज डिफेंड करते जा रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : मैडम, फाइनेंस मिनिस्टर ने जो पहला इश्यू उठाया था, वह एग्रीकल्चर इनकम को लेकर आया था। अगर आप इंटरनेट पर जाएं, जब आप इंटरनेट पर अपनी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं, उसमें लिखा जाता है - Other source of income नहीं, इसमें है - liability of agricultural income post amendment by Finance (No. 2) Act, 2014. इसमें दो चीजें हैं - net agriculture income exceeds Rs. 5,000 per annum and total income excluding net agriculture income exceeds Rs. 2,50,000. उसके बाद अगर कुछ एड होता है तो वह एक स्लैब में आ जाता है। इसमें कहा गया है कि first, include the Agricultural income while computing your Income Tax liability. Example, let us say that an individual assessee has a total income of around Rs. 7,50,000 excluding agricultural income and a net agricultural income of around Rs. 1,00,000. Then, as per this step, tax shall be computed on Rs. 7,50,000 plus Rs. 1,00,000, that is, Rs. 8,50,000. Thus, Income Tax

amount as per this step shall be Rs. 95,000. अगर इनकम साढ़े सात लाख रुपये तक होती तो यह 95,000 रुपये नहीं होगा। इसलिए मैं बार-बार यही कह रहा हूं कि वर्ा 2014 से, आपकी सरकार आने के बाद से एग्रीकल्चर इनकम को जोड़कर इनकम टैक्स लिया जा रहा है। जो बात आपने कही, we are not satisfied. We are not satisfied with the reply. Please convince us because this is the law today. आज जो लॉ है, यही है और यही कम्प्यूटर में फीड होता है, क्योंकि जब भी कोई अपनी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करता है, तो ऐसा होता है।...(व्यवधान) यह एक ऐसी बात है, जिसके लिए we are not satisfied with the reply of the Finance Minister, Madam. We are walking out.

HON. SPEAKER: Okay.

1718 hours

(At this stage, Shri Bhartruhari Mahtab and some other hon. Members left the House.)

SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): Madam, I will express sincere thanks to Shri Narendra Modi ji, hon. Prime Minister of India; Shri Arun Jatiley ji, hon. Minister of Finance; and all Union Council of Ministers for Cabinet approval for the special assistance measure for the State of Andhra Pradesh.

I would like to ask some specific questions with regard to the pending issues of AP Reorganization Act, 2014. My specific questions would be as follows. What are the specific reasons for delay in fulfilling the assurances made with regard to establishment of a separate Railway Zone at Visakhapatnam; setting-up a Steel Plant at Kadapa; development of new major port at Duggirajupatnam,

Nellore; and increasing seats in AP Legislative Assembly as contained in the AP Reorganization Act, 2014? Has any time-line been fixed to fulfill all the assurances made in the AP Reorganization Act, 2014?

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मैडम, माफ कीजिए, मैं बार-बार आपको तकलीफ दे रहा हूं।

